मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	28.1	16.2
जमशेदपुर	31.9	16.8
डालटनगंज	31.0	13.5

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

पेज 8-9

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● गुरुवार, 30 नवंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 222 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

सुर्खियां

इंटरनेशनल
- भ्रष्टाचार के दो मामलों में नवाज शरीफ बरी हुए
- यूएस सेना का हेलीकॉटर जापान में दुर्घटनाग्रस्त
- श्रीलंका में 10 हजार घर का निर्माण करेगा भारत
- विदेश मीडिया में छाया रहा श्रमिकों का रेस्क्यू

नेशनल
- मरम्मत के बाद सिलक्यारा परियोजना फिर होगी शुरू
- गुणवत्ता की संस्कृति बनाएं रक्षा निर्माता : राजनाथ
- प. बंगाल में विधायकों का वेतन वृद्धि विधेयक पास
- पीटीआई के पूर्व पत्रकार सुजीत चटर्जी का निधन

स्टेट
- देवघर एम्स में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन आज
- रांची में हुई सांसदों की रेल मंडल स्तरीय बैठक
- राजधानी में झारखंडी महाजतरा 31 जनवरी को
- अमित शाह के आगमन पर मेडिकल टीम गठित

किसने क्या कहा

- मणिपुर में यूएनएलएफ के साथ किया शांति समझौता ऐतिहासिक : अमित शाह
- आपराधिक कानूनों में बदलाव का राज व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा : ममता बनर्जी
- गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल बढ़ाने के फैसले का स्वागत है : बाबूलाल

सर्राफा

सोना (बिक्री)	59,100
चांदी (किलो)	79,000

ब्रीफ खबरें

विकसित भारत के लिए विजन प्लान तैयार होगा

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक करीब 3,000 अरब डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए दृष्टि-पत्र तैयार हो रहा है. 'विजन इंडिया @ 2047' दस्तावेज के मसौदे में संस्थागत व संरचनात्मक बदलावों व सुधारों की रूपरेखा रखी जाएगी. पीएम जनवरी में इस दस्तावेज को जारी करेंगे.

अमीषा पर जुर्माना स्वीकार हुई याचिका

रांची। अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े ढाई करोड़ के चेक बाउंस मामले में बुधवार को रांची सिविल कोर्ट ने उस याचिका पर फैसला सुना दिया है, जिसमें शिकायतकर्ता के गवाह का क्रॉस एग्जामिन करने की अनुमति मांगी गई थी. याचिका स्वीकार कर ली गई.

माइनिंग लीज केस में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से जुड़े माइनिंग लीज आवंटन मामले में दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता को केस से जुड़े आवश्यक कागजात तीन दिनों में जमा करने का निर्देश दिया. आगे की सुनवाई अगले सप्ताह होगी.

शेयर बाजार का मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर

मुंबई। एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी के साथ विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से बुधवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने 727 अंकों की छलांग लगाई.निफ्टी 20,000 अंक के ऊपर बंद हुआ. बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पहली बार 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया.

श्रमिकों के लिए विशिष्ट पहचान पत्र अनिवार्य

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में सभी भवन तथा निर्माण मजदूरों के लिए एक विशिष्ट पहचान पत्र को अनिवार्य बनाएगी. यह पहचान-पत्र श्रमिक के आधार से जुड़ा होगा और ई-श्रम डेटाबेस में भी इसे संबद्ध किया जाएगा. श्रम सचिव आरती आहूजा ने कहा कि इन सुधारों पर अगले सप्ताह जानकारी जारी की जा सकती है.

तेलंगाना विस चुनाव : आज डाले जाएंगे वोट

हैदराबाद। पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव के क्रम में गुरुवार को तेलंगाना में वोट डाले जाएंगे. इसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,290 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे. सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में तैयारी पूरी हो गई है.

90 एकड़ में रांची के आनि और मुड़मा में बसेगी कॉलोनी

3300 करोड़ की हाउसिंग कॉलोनी

➲ आवेदन के बाद लॉटरी के माध्यम से होगा फ्लैटों का आवंटन

सत्य शरण मिश्रा । रांची

राजधानी रांची में जल्द ही एक नई हाउसिंग कॉलोनी बसायी जाएगी. धुर्वा के आनि और मुड़मा मौजा में सभी इनकम ग्रुप के लोगों के लिए 5780 फ्लैट बनाए जाएंगे. ये फ्लैट वन बीएचके से लेकर 4 बीएचके तक के होंगे. कॉलोनी की डीपीआर की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने इससे संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट को भेजा है. कैबिनेट से प्रस्ताव पास होने के बाद टेंडर जारी कर जल्द ही का शुरू करा दिया जाएगा. नोएडा की कंपनी मेसर्स डिजाइन एसोसिएट इंक ने सर्वे करने के साथ ही डीपीआर तैयार किया है. झारखंड सरकार ने एचईसी क्षेत्र में 306 एकड़ भूमि हस्तांतरित की है. इसी में से 88.99 एकड़ जमीन पर 5780 फ्लैट बनाए जाएंगे. इस पूरी योजना पर करीब 3300 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है.

आवास बोर्ड तय करेगा फ्लैटों की कीमत : फ्लैट निर्माण का काम तीन चरणों में करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. फ्लैटों का निर्माण कार्य कुल 80 टावरों में होगा. इसमें लोअर इनकम ग्रुप (एलआईजी), मिडिल इनकम ग्रुप (एमआईजी) और हायर इनकम ग्रुप (एचआईजी) के लिए अलग-अलग तरह के फ्लैट बनेंगे. पूरा प्रोजेक्ट कंप्लीट होने में 8 से 9 साल लगेंगे. सभी फ्लैटों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा और इसकी कीमत आवास बोर्ड तय करेगा.

नई कॉलोनी की खास बातें

- एचआईजी ग्रुप के 1097, एमाईजी के 3312, एलआईजीके 860 फ्लैट बनेंगे
- सर्वे और डीपीआर कंप्लीट हाउसिंग बोर्ड ने भेजा प्रस्ताव
- बाजार से सस्ती दर पर फ्लैट उपलब्ध कराएगा बोर्ड
- जी +11 के टावर में बनेंगे सभी फ्लैट

वन बीएचके से लेकर 4 बीचएके के बनेंगे 5780 फ्लैट

तीन चरणों में होगा निर्माण

हाउसिंग सोसाइटी में दी जाएंगी तमाम सुविधाएं

हाउसिंग कॉलोनी में रहने वाले लोगों को तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी. पार्क, हेल्थ सेंटर, स्कूल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं दी जाएंगी. एचआईजी ग्रुप के कुल 1507 फ्लैट बनाए जाएंगे, वहीं एमआईजी ग्रुप के 3312 और एलआईजी ग्रुप के 860 फ्लैट बनेंगे. एचआईजी ग्रुप में तीन तरह के फ्लैट बनाए जाएंगे. इनमें थ्री, बीएचके प्लस तीन टॉयलेट, थ्री बीएचके प्लस 2 टॉयलेट और 4 बीएचके प्लस 4 टॉयलेट शामिल होंगे. ये फ्लैट 222.29 स्क्वॉयर मीटर के होंगे और 11 तल्ले के टावर में बनेंगे. एमआईजी ग्रुप के फ्लैट 120 स्क्वॉयर मीटर के होंगे और ये भी 11 तल्ले के टावर में बनेंगे. एलआईजी ग्रुप के फ्लैट 63.30 और 54.12 स्क्वॉयर मीटर के होंगे. ये दोनों भी 11 तल्ले के टावर में बनेंगे. इन फ्लैटों में सिविल वर्क के तहत सारे कार्य किए जाएंगे. पेयजल की सुविधा के साथ फायर फाइटिंग सिस्टम, लिफ्ट, वायरिंग सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अन्य कार्य किए जाएंगे. ओपन स्पेस का भी प्रावधान किया जाएगा.

किस ग्रुप के कितने फ्लैट बनेंगे

फ्लैट	कुल संख्या
एचआईजी (4 बीएचके 4 टॉयलेट)	144
एचआईजी (3 बीएचके 3 टॉयलेट)	680
एचआईजी (3 बीएचके 2 टॉयलेट)	683
एमआईजी (2 बीएचके मीडियम 2 टॉयलेट)	1656
एमआईजी (2 बीएचके लार्ज 2 टॉयलेट)	1656
एलआईजी (2 बीएचके 1 टॉयलेट)	480
एलआईजी (2 बीएचके 1 टॉयलेट)	480

मजदूरों की सकुशल वापसी पर बंटी मिठाई

मिली खुशी : ओरमांझी के खीराबेड़ा गांव में जश्न का माहौल. मिठाई बांटते सुखराम व नरेश बेदिया के परिजन.

मजदूरों से मिली राज्य की टीम

रांची। उत्तरकाशी के सिल्कयारा टनल से 17 दिन बाद निकले 41 मजदूरों को दोबारा जिंदगी मिली है. 41 में से 15 मजदूर झारखंड के हैं. झारखंड के सभी 15 मजदूरों से श्रम विभाग की टीम ने मुलाकात की. विभाग की टीम ने सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर अस्पताल में मजदूरों से मिलकर उनका हालचाल जाना.

एक-एक लाख का चेक मिला

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुरंग से निकाले गए श्रमिकों को एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक सौंपा. ऋषिकेश के एम्स में भर्ती किए जाने से पहले बुधवार को चिन्यालीसौड़ अस्पताल में सीएम ने उनसे मिलकर उनका हालचाल जाना और चेक सौंपा.

गोविंदपुर के कारोबारी कृष्णा मंडल से मांगी थी 10 लाख की रंगदारी

रंगदारी नहीं देने पर कारोबारी को मारी गोली

संवाददाता । धनबाद

धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बड़ानावाटांड़ निवासी जमीन कारोबारी कृष्णा मंडल पर बुधवार सुबह अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. कृष्णा आमाघाटा स्थित अपनी हार्डवेयर दुकान में बैठे थे, तभी बाइक से आए 2 बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी. गोली उनकी कमर में लगी है. उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर के मिशन अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है. कृष्णा मंडल से पिछले अगस्त महीने में व्हाट्सअप कॉल कर 10 लाख रुपये रंगदारी मांगी गई थी. फोन करने वाले ने खुद को गैंगस्टर प्रिंस खान का भाई गोपी बताया था. कारोबारी ने गोविंदपुर थाने में इसकी लिखित शिकायत की थी.

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 11 बजे कृष्णा मंडल अपने घर से दुकान पहुंचे. कुछ देर में काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और कुछ सामान देने को कहा. जैसे ही वे अंदर की तरफ गए, एक युवक ने उन्हें गोली मार दी.

- शेष पेज 10 पर

हालत गंभीर, दुर्गापुर रेफर, जांच में जुटी पुलिस

- आमाघाटा में अपनी हार्डवेयर दुकान में बैठे थे कृष्णा मंडल, बाइक सवार 2 बदमाशों ने की फायरिंग
- गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई गोपी के नाम पर मांगी थी रंगदारी, कारोबारी ने 3 माह पहले थाने में की थी शिकायत

जमीन विवाद में फायरिंग हुई है. कारोबारी कृष्णा मंडल की हालत खतरे से बाहर है. पुलिस जल्द ही गोलीबारी करनेवाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी. **-अमर कुमार पांडेय,** डीएसपी, मुख्यालय-1

सीएए लागू होने से कोई नहीं रोक सकता : अमित शाह

भाषा । कोलकाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पुरजोर शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करेगी और कोई इसे नहीं रोक सकता. शाह ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए यहां एक बड़ी रैली को संबोधित किया. इस मौके पर उन्होंने तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला. शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने राज्य को 'बर्बाद' कर दिया है. शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं. भाजपा नेता ने कहा कि इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता. रैली में उमड़ी भीड़ पर खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि यह लोगों के मन को दर्शाती है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी. शाह ऐतिहासिक एस्प्लेनेड में पार्टी की एक रैली को संबोधित कर रहे थे. शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार संसद को ठप कर दिया था, लेकिन अब वह चुप हैं. उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कोई भी वहां घुसपैठ नहीं कर सकता.

➲ ऐतिहासिक एस्प्लेनेड में पार्टी की विशाल रैली आयोजित

➲ घुसपैठ के मामले पर ममता सरकार को आड़े हाथों लिया

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा-

'विपक्ष है व्यापारी, खनिज पर नजर'

विशेष संवाददाता । रांची/सिमडेगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी सरकार, आपकी योजना, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को सिमडेगा के कोलेबिरा पहुंचे. सोरेन ने सिमडेगा में 134 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास और 31 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया. सीएम हेमंत सोरेन का विपक्ष और केंद्र सरकार पर हमला जारी रहा. सोरेन ने कहा कि मूलवासी आदिवासी का पलायन हो रहा है. बाहर से लोग आकर यहां खनिज निकाल रहे हैं. बदले में ग्रामीणों का विकास नहीं हुआ. पूर्वजों को अलग राज्य लेने में 40 साल लगा. 2019 में हमने कमर कसकर चुनाव लड़ा और आपके आशीर्वाद से 20 साल की गंदगी उखाड़ फेंकी. विगत दो वर्ष में सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में 80 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए.

- शेष पेज 10 पर

सीएम हेमंत ने कहा

- हमने 20 साल की गंदगी उखाड़ फेंकने का काम किया है
- विगत दो साल में 80 लाख आवेदन आए, 2019 के पूर्व सरकार क्या कर रही थी
- 14 साल में शिबू सोरेन ने अलग राज्य आंदोलन शुरू किया, उनका संघर्ष आज भी जारी है

आदिवासी अफसरों की कमी

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार योजना लाती है, लेकिन कहां चला जाता है, ये पता ही नहीं चलता. ऐसा इसलिए कि क्योंकि पढ़ाई-लिखाई वाले जगहों में आदिवासी पदाधिकारियों की कमी है. आदिवासी पदाधिकारियों की कमी है, फिलहाल जो पदाधिकारी हैं, वो हमारी बात सुनते ही नहीं हैं. आदिवासी समाज शिक्षित बने.

केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी करने वाला शतिर गिरफ्तार

संवाददाता । जमशेदपुर

जिले की साइबर सेल की टीम ने केवाईसी अपडेट कराने का मैसेज भेज कर खाते से रुपये गायब करने वाले गिरोह के एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है. बुधवार को साइबर डीएसपी जयश्री कुजूर और थाना प्रभारी उपेंद्र मंडल ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बिष्टुपुर साइबर थाने में यह जानकारी दी. साइबर सेल की टीम अब ठगों के फरार तीन साथियों की तलाश में जुटी है. गिरफ्तार आरोपी सुमरित कुमार मंडल बिहार के बांका जिले का रहने वाला है. पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल किए जाने वाले 10 मोबाइल, 32 सिम कार्ड और नौ हजार रुपये बरामद किए हैं. फिलहाल गिरोह का सदस्य देवघर जिले के मुरली पहाड़ी का कुंदन कुमार मंडल, प्रदीप कुमार मंडल और गिरिडीह के फूलजोरी का तुलसी कुमार मंडल फरार है.

एनसीसीआरपी पोर्टल पर है शिकायत दर्ज

डीएसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि गोविंदपुर में एक ऐसा मोबाइल नंबर एक्टिव है. इस सूचना पर पुलिस ने टीम बना कार्रवाई करते हुए तकनीकी शाखा की मदद से लोकेशन के आधार पर उक्त स्थल पर छापेमारी की. मामले में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीसीआरपी) पर दो मामले दर्ज हैं.

चिंतनीय | वन विभाग के आदेश और नियम की अनदेखी की गयी

काटे 71 हजार पेड़, लगाए सिर्फ 15 हजार

रवि भारती । रांची

झारखंड में विभिन्न प्रोजेक्ट के लिए पेड़ों की जमकर कटाई हुई है. पेड़ों की जितनी कटाई हुई है, उस तुलना में नए पौधे नहीं लगाए गए. रांची में ही चल रहे प्रोजेक्ट के लिए 71 हजार से अधिक पेड़ काट तो दिए गए, लेकिन लगाए गए सिर्फ 15 हजार पौधे ही. यानी जितने पेड़ों की कटाई हुई, पर सिर्फ 20% पौधे ही लगाए गए. अब तक पेड़ों की कटाई की क्षतिपूर्ति के लिए 80% पौधे नहीं लगाए जा सके हैं. वन विभाग के नियम के अनुसार, तीन हजार से कम संख्या में पेड़ों की कटाई करने पर दस गुना पौधे व 15 हजार से अधिक पेड़ों की कटाई करने पर पांच गुना पौधे लगाने का प्रावधान है.

हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया था

हाईकोर्ट ने भी पेड़ों की कटाई मामले को गंभीरता से लिया था. अदालत ने 2019 में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ कटाई को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था. कोर्ट ने सरकार से पेड़ काटने के मामले में जवाब मांगा था. हाई लेवल कमेटी बनाई गई थी. कुल 62 हजार पेड़ काटने और करीब 21 हजार पेड़ ट्रांसप्लांट करने की अनुमति दी गई है. एजेंसियों को करीब 2.85 लाख पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है.

- एनएचएआइ ने सबसे अधिक 16000 पेड़ काटे, पथ निर्माण विभाग रहा दूसरे नंबर पर

किस सरकारी विभाग के प्रोजेक्ट में कितने पेड़ कटे

विभाग	पेड़ कटे/ कटवाए
राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण	16000
जियाडा	8,000
गेल इंडिया	5500
पावर ग्रिड	4000
झारखंड सरकार का पथ निर्माण विभाग	3,015
दक्षिण-पूर्व रेलवे	1,000
जुडको	20,000
जेआरडीसीएल	3500
रांची नगर निगम	3000
रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड	1200
भवन निर्माण विभाग :	200
रियाडा	1700,
साज	181
जेएसएचबी	10
सीएसआईआर	145
आरवीएनएल	1056
जेयूएसएनएल	1000
सीडब्ल्यूबी, बीसीडी	150
डीवीसी	450

कुछ अन्य सरकारी प्रोजेक्ट के लिए भी 350 से अधिक पेड़ काटे गए.

जामताड़ा में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, नौ आरोपी गिरफ्तार

लॉटरी टिकट के अवैध छपाईखाना का भंडाफोड़

संवाददाता । जामताड़ा

मिहिजाम थाना क्षेत्र के अमोई ब्रिज के पास बंद पड़े लाइन होटल में बुधवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में डुप्लीकेट लॉटरी टिकट बरामद किया गया. वहीं इस धंधे में शामिल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. इनमें दो नाबालिग भी हैं. अभियान में आसनसोल -दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की कुल्टी थाना की पुलिस भी शामिल रही. छापेमारी में 13 सौ बंडल लाटरी टिकट,सात बोरा प्रिंटेड लॉटरी टिकट, लॉटरी टिकट छापनेवाली मशीन सहित कई सामान बरामद हुए हैं. पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूरे लाटरी टिकटों के अवैध कारोबार में शामिल सिंडिकेट के बारे में पता लगा रही है. आरोपियों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है.

गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग

लाइन होटल में छापेमारी

एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि जामताड़ा-मिहिजाम मुख्य मार्ग पर बंद पड़े अमन लाइन होटल में डुप्लीकेट लॉटरी टिकट की छपाई की जा रही थी. लॉटरी टिकटों को प.बंगाल में बेचा जाता था. छपाई खाना से 8 पीस लैपटॉप, 12 पीस प्रिंटर, 05 पीस स्टैबलाइजर, 13 सौ बंडल लॉटरी टिकट, सात बोरा प्रिंट लॉटरी आदि जब्त हुए हैं.

धनबाद के हैं 5 आरोपी

पकड़े गए आरोपियों में नारायणपुर थाना क्षेत्र के घाटी शिमला निवासी कुनाल मंडल,देवलबाड़ी के विशाल मंडल, धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बेलाटांड़ निवासी शिबू गोप, निरसा थाना क्षेत्र के सांवलापुर के हेमू मल्लिक,आदित्य मल्लिक,अनंत मल्लिक व आस्तिक अधिकारी शामिल हैं.

ब्रीफ खबरें

योजना का कार्यकाल बढ़ाने का स्वागत किया

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच सालों के लिए बढ़ाए जाने के केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का स्वागत किया है. मरांडी ने कहा कि कोरोना काल से शुरू की गई गरीब कल्याण अन्न योजना ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर को बड़ी राहत दी है. यह योजना देश के 81 करोड़ गरीबों के लिए कल्याणकारी है. अगले 5 वर्षों में केंद्र सरकार इस योजना के क्रियान्वयन में 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी. कहा कि मोदी सरकार अपने पहले दिन से अंत्योदय के लिए संकल्पित है.

राजभवन में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम कल

रांची। एक दिसंबर को नगालैंड राज्य का स्थापना दिवस है. इस अवसर में झारखंड राजभवन में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा. संभवतः कुछ विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा. इस कार्यक्रम में झारखंड में रह रहे नगालैंड के लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है. राजभवन नगालैंड के ऐसे लोगों की तलाश में है, जो झारखंड में रहते हुए इसके विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं.

फिक्की के कार्यसमिति चुनाव के लिए दिल्ली जाएंगे चैंबर पदाधिकारी

डॉ. अभिषेक रामाधीन को वोट करेगा झारखंड चैंबर

संवाददाता। रांची

ईस्टर्न जोन में झारखंड के व्यापारियों के प्रतिनिधित्व के लिए फिक्की की कार्यसमिति के चुनाव में नामांकन दाखिल करने वाले झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन के पक्ष में मतदान के लिए चैंबर के पदधारी आठ दिसंबर को दिल्ली जाएंगे. यह निर्णय बुधवार को चैंबर भवन में संपन्न कार्यसमिति की बैठक में लिया गया.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फिक्की के चुनाव में पूरे इस्टर्न जोन से केवल झारखंड चैंबर के प्रतिनिधि ने नामांकन दाखिल किया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है. कृषि बाजार शुल्क की नियमावली के लिए कृषि बोर्ड के एमडी अधिकृत किए गए हैं, जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है. सरकार के आश्वासन से उपर उठकर कृषि बोर्ड द्वारा व्यापार जगत को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो चिंतनीय है. चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि हम इस मामले पर गंभीर हैं और जल्द ही कृषि मंत्री से मिलकर स्थिति को स्पष्ट किया जाएगा.

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, अमित माहेश्वरी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक रामाधीन, अनिल अग्रवाल, नवजोत अलंग, राम बांगड, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, संजय अखौरी, सुनिल केडिया, सुनिल सरावगी, उप समिति चेयरमेन मुकेश पांडेय, जेपी शर्मा, पंकज मक्कड़, आदित्य खंडेलवाल, श्रवण राजगढ़िया, आनंद जालान, किशन अग्रवाल समेत कई सदस्य शामिल थे.

कार्यसमिति की बैठक में मौजूद झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारी एवं सदस्य.

चैंबर बैठक

- चैंबर भवन हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्णय
- इस्टर्न जोन से केवल झारखंड चैंबर के प्रतिनिधि का नामांकन

जियाडा में निदेशक का पद रिक्त होने से समस्या

रामगढ़ नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स की दरों में कमी नहीं होने तथा रामगढ़ शहरी क्षेत्र में निबंधन बाधित होने के कारण हो रही समस्या पर चर्चा की गई. बैठक में 35 अतिरिक्त उप समितियों और उनके चेयरमेन का मनोनयन भी किया गया. जियाडा में डायरेक्टर का पद रिक्त होने के कारण हो रही समस्या पर भी सदस्यों ने चिंता जताई. कहा कि इससे औद्योगिक इकाइयों को कठिनाई हो रही है. शहर की यातायात व्यवस्था पर यातायात पुलिस अधीक्षक के साथ चैंबर भवन में बैठक का निर्णय लिया गया है. ट्रेड लाइसेंस के सरलीकरण के लिये चैंबर भवन में कार्यशाला लगेगी. चैंबर का चुनाव रांची के अलावा अन्य प्रमंडलों में भी हो, इसके लिए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के प्रस्ताव को संविधान संशोधन समिति के पास निर्गत करने की भी सहमति बनाई गई.

राज्य की महिलाओं से माफी मांगें हेमंत: भाजपा

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा में महिलाओं पर दिये गये बयान की भाजपा ने कड़ी निंदा की है. भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि सीएम का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है. इस बयान से मुख्यमंत्री का महिलाओं के प्रति नजरिये का पता चलता है. कहा कि एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के सम्मान में रोज नई योजना बनाकर महिलाओं को सशक्त कर रही है. वहीं हेमंत सरकार महिलाओं के सम्मान को तार-तार करने में लगी है. झारखंड की महिलाएं झामुमो और मुख्यमंत्री की ओछी मानसिकता को समझ चुकी है. आरती कुजूर ने कहा कि ब्यूटी पार्लर वाले अपने बयान के लिए सीएम अपनी पत्नी सहित झारखंड की सभी महिलाओं से माफी मांगें.

वार्ड 9 एवं 10 में सरकार आपके द्वार शिविर आज

रांची। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को रांची नगर निगम के द्वारा वार्ड नंबर 7 और 8 में शिविर का आयोजन किया गया. इसमें निगम के द्वारा प्रदत सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया. दोनों वार्डों में आयोजित शिविर में कुल 42 शिकायतों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया. गुरुवार को वार्ड नंबर 9 (एम टाइप पार्क) और वार्ड नंबर 10 (तिरिल तालाब कोकर) में शिविर का आयोजन किया जाएगा. नगर निगम ने अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आकर-अपनी समस्याओं का ऑन स्पॉट निपटारा कराएं.

आपकी बात

नाम : शालिनी गुप्ता

पद : राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता

जन्मस्थल : सासाराम, बिहार

कार्य क्षेत्र : कोडरमा, झारखंड

> कोडरमा जिला के विकास के लिए कटिबद्ध हूं और साकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास से जनता के संपर्क में रहती हूं.

कोडरमा की पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता का जन्म वर्ष 1984 में बिहार के सासाराम जिले में हुआ था. यह बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थीं. उन्होंने 10वीं की परीक्षा सीबीएसई बोर्ड से उत्तीर्ण की. फिर बिहार इंटरमीडिएट एजुकेशन काउंसिल से इंटर और वीकेएसयू आरा से स्नातर की डिग्री ली. इसके बाद उन्होंने इग्नू पटना से पीजी की पढ़ाई पूरी की. उनका विवाह कोडरमा निवासी आनंद कुमार आनंद उर्फ बंटू साव से हुआ. शालिनी गुप्ता शुरू से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती थीं. विवाह के बाद पति व ससुरालवालों का भी उन्हें भरपूर साथ मिला. इस बीच वर्ष 2011 में हुए पंचायत चुनाव में कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड से प्रमुख पद के लिए उन्होंने चुनाव में कदम रखा और निर्विरोध निर्वाचित हुईं. वर्ष 2012 में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें झारखंड पंचायत महिला सम्मान से पुरस्कृत किया गया. शालिनी गुप्ता ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित सैकोसैन सेमिनार में स्वच्छता विषय पर बतौर प्रमुख झारखंड का प्रतिनिधत्व किया. उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त व सुदृढ़ करने की दिशा में भी अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए. बिचौलियों और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भ्रष्ट पदाधिकारियों पर कार्रवाई कर जेल भी भेजवाया. शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार, कालाबाजारी पर रोक के साथ वास्तिवक लाभुकों को लाभ पहुंचाया. इसके अलावा पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जलापूर्ति, स्थानीय ग्रामीण विकास, युवा, कल्याण, अनुशांगिक कार्य, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास, कृषि, सिंचाई एवं अन्य क्षेत्रों में जनभागिता से कार्य किए. शालिनी गुप्ता ने वर्ष 2015 में जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ा था. कड़े संघर्ष के बाद 10 पुरुषों को हराते हुए वह जिला परिषद सदस्य निर्वाचित हुई. फिर 12 जनवरी 2016 को कोडरमा जिला परिषद की अध्यक्ष निर्वाचित हुईं. इसके अलावा राज्य स्तर पर पूरे त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ की अध्यक्ष बनीं. शालिनी गुप्ता भाजपा से भी जुड़ी रहीं. लेकिन, वर्ष 2019 के झारख् विधानसभा चुनाव में कोडरमा विधानसभा सीट से पार्टी की ओर से टिकट नहीं मिलने पर आजसू पार्टी का दामन थाम लिया.

क्लासिफाइड

देवघर एम्स में पीएम आज करेंगे उद्घाटन

रांची। पीएम नरेंद्र मोदी 30 नवंबर को दिल्ली से ऑनलाइन देवघर एम्स में पीएम जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करेंगे. प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 10,000 वें पीएम जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया जायेगा. देवघर एम्स परिसर में ही पीएम जन औषधि केंद्र तैयार किया गया है. पीएम जन औषधि केंद्र खुल जाने से मरीजों को अमृत फार्मेसी में लंबी लाइन लगाकर दवा लेने से राहत मिलेगी तथा औषधि केंद्र में सस्ती दर पर सभी दवाइयां उपलब्ध होंगी. गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के आग्रह पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देवघर एम्स में पीएम जन औषधि केंद्र की स्वीकृति दी है. 30 नवंबर को प्रधानमंत्री देवघर एम्स के साथ-साथ महाराष्ट्र के कोल्हापुर में भी संबोधन करेंगे. समारोह में गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे देवघर एम्स में उपस्थित रहेंगे.

सरना कोड की मांग को लेकर 25 जनवरी को रैली का आयोजन

जुटेंगे कई आदिवासी संगठन

संवाददाता। रांची

केंद्रीय सरना समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड प्रकृति पूजक आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व से जुड़ा मामला है. वर्षों से आदिवासी अपनी पहचान के लिए संघर्षरत हैं. वे बुधवार को प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. कहा कि सरना धर्म कोड हर हाल में लागू होना चाहिए,

तिर्की ने आगे कहा कि 15 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु आए थे और उन्होंने धरती आबा को श्रद्धांजलि दी थी. उस समय आदिवासियों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री सरना कोड के बारे में कुछ बोलेंगे. लेकिन पीएम सरना कोड पर कुछ नहीं बोले. यहां तक कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मंच पर सरना कोड की बात नहीं रखी. न ही केन्द्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ही सरना कोड को लेकर कुछ भी कहा. इससे भारत के 15 करोड़ आदिवासी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. कहा कि अब आदिवासी समझ चुके हैं कि सरना कोड आंदोलन के रास्ते ही प्राप्त होगा.

फूलचंद ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति ने निर्णय लिया है कि 25 जनवरी 2024 को भव्य रैली का आयोजन होगा. जिसमें सरना कोड को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. आगे कहा, जो सरना सरना कोड की बात करेगा, वहीं देश में राज करेगा.

मौके पर ये लोग रहे मौजूद : इस मौके पर महासचिव संजय तिर्की, गुमला, जिला सरना समिति के अध्यक्ष इंदु भगत, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतु उरांव, सचिव यशपाल भगत, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के बाना मुण्डा, विनय उरांव, प्रमोद एक्का, महिला शाखा के अध्यक्ष नीरा टोप्पो, नगिया टोप्पो, मीरा कोराई उपस्थित रहे.

विधायक लंबोदर और मनीष जायसवाल राज्यपाल से मिले

संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को कई लोग मिले. गोमिया विधायक लंबोदर महतो, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, दक्षिणी पूर्व रेलवे के जीएम अनिल मिश्रा, किशोर टोपेकर, महासचिव, विवेकानन्द केन्द्र तथा कन्याकुमारी के लोग मिले. सभी ने राज्यपाल से औपचारिक बातचीत की.

सीएम से मिले रेलवे अफसर विकास कार्यों की जानकारी दी

संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में महाप्रबंधक दक्षिण-पूर्व रेलवे, कोलकाता अनिल कुमार मिश्रा, डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा एवं सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री को झारखंड में रेलवे विकास के लिए किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराया. मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे उपस्थित थे.

स्वर्णरेखा को बचाना हम सभी का दायित्व : महुआ

रांची। स्वर्णरेखा नदी की स्वच्छता को लेकर बुधवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के इस अभियान में आम लोगों के साथ सांसद महुआ माजी ने भी हिस्सा लिया. माजी ने कहा कि स्वर्णरेखा को बचाने की जो पहल शुरू हुई है, उसे अंत तक ले जाना हम सब का दायित्व है. उन्होंने कहा कि 85 करोड़ रुपये की लागत से बने वाटर ट्रिटमेंट प्लांट को दोबारा शुरू करने को लेकर सरकार के पास पत्र भेजा जाएगा. अध्यक्ष माखन पाठक ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान की रूपरेखा समिति के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बनाई गई है. इसकी शुरूआत नदी तट से हुई है, जो कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर जाकर रूकेगी.

5 राज्यों के चुनाव पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया दावा, कहा-

भाजपा को मिलेगी अभूतपूर्व जीत

संवाददाता। रांची

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान राउरकेला जाने के क्रम में बुधवार शाम रांची पहुंचे. वे थोड़ी देर के लिए रांची एयरपोर्ट पर रुके और फिर वहां से सड़क से राउरकेला के लिए निकल गये. इस दौरान भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया.

केंद्रीय मंत्री ने पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हए कहा कि भाजपा पांचों राज्यों में अच्छा प्रदर्शन करेगी. उन्होंने कहा कि हमने सभी राज्यों में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ा है.इस बार पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी. गौरतलब है कि चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में चुनाव हो चुके हैं. चुनाव के नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे. वहीं 30 नवंबर को तेलंगाना में चुनाव होने वाले हैं.

रणनीति प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने राष्ट्रीय नेताओं को दी संगठन की गतिविधियों की जानकारी

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिया फीडबैक, दिए टास्क

संवाददाता। रांची

जदयू झारखंड में अपनी सियासी जमीन तलाश रहा है. संगठन की मजबूती के पार्टी के टॉप लीडर झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं. इसी क्रम में बुधवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी ने झारखंड के नेताओं और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया. संगठन की गतिविधियों की पूरी जानकारी ली.

प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने राष्ट्रीय नेताओं को संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया. ललन सिंह पार्टी की मजबूती के लिए कई टिप्स भी दिए. इस दौरान बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं प्रदेश जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे.

सियासी दौरा

- ललन सिंह ने पार्टी की मजबूती के लिए टिप्स दिए
- संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने का दिया निर्देश

क्या मिला टास्क : राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कई टास्क भी दिए. नेताओं- कार्यकर्ताओं को को आगामी चुनावों के मद्देनज़र संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने का निर्देश दिया. साथ ही सदस्यता अभियान को जारी रखने के भी निर्देश दिए.

इस दौरान तृणमूल कांग्रेस झारखंड के पूर्व अध्यक्ष मधुकर सिंह अपने समर्थकों संग जदयू की सदस्यता ग्रहण की. बैठक में पूर्व विधायक सुधा चौधरी, डॉ आफ़ताब जमिल, अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, शैलेंद्र महतो, डॉ विनय भरत, अख़्तर हुसैन, अखिलेश राय, राम स्वरूप यादव, सुशील सिंह, प्रदीप महतो, विश्राम मुण्डा, बेनी माधव झा, बैद्यनाथ पासवान, अंजलि सिंह, दीप नारायण सिंह, हाजी हसिब खान, नागमणी सिन्हा, लालचन महतो, रमाकांत मंडल एवं अन्य प्रमुख रूप से शामिल थे.

निर्माता कंपनी नवयुग पर दर्ज हो मुकदमा : विनोद

रांची। भाकपा-माले झारखंड राज्य कार्यालय सचिव बिनोद लहरी ने कहा कि सिल्कीयारा उत्तरकाशी सुरंग से 14 झारखंडी मजदूर समेत सभी 41 मजदूरों का सकुशल बाहर आना जिंदगी के लिए जद्दोजहद और फिर जीत की जीवंत तस्वीर है. 17 दिन तक सुरंग के भीतर की कठिन स्थितियों का बहादुरी से मुकबला करने वाले सभी 41 मजदूर साथियों के जज्बे को सलाम है. वहीं, इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों, परियोजना की निर्माता कंपनी नवयुग के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए. माले ने मांग की है कि इस दुर्घटना के बाद चले राहत कार्यों के सभी खर्चों की वसूली निर्माता कंपनी से होनी चाहिए. निर्माता कंपनी को इस आपराधिक कार्यवाही के लिए काली सूची में डाला जाए.

तापमान
27° अधिकतम | 16° न्यूनतम

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

पेज 14

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● गुरुवार, 30 नवंबर 2023 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 222 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

रिम्स ओपीडी

विभाग	डॉक्टर का नाम
मेडिसिनः	डॉ संजय कुमार सिंह
सर्जिकल आंकोलॉजीः	डॉ अजित कुमार कुशवाहा
ऑर्थोपेडिकः	डॉ विनय प्रभात
कार्डियोलॉजीः	डॉ प्रशांत कुमार
टीबी एवं चेस्टः	डॉ ब्रजेश मिश्रा
नेत्रः	डॉ दीपक लकड़ा
ऑब्स गायनीः	डॉ मीणा मेहता
ईएनटीः	डॉ संदीप कुमार
रेडिएशन ऑकोलॉजीः	डॉ अनूप
सीटीवीएसः	डॉ अंशुल कुमार
नेफ्रोलॉजीः	डॉ प्रज्ञा घोष पंत
सायकेट्रीः	डॉ अजय बाखला
पीडियाट्रिक सर्जरीः	डॉ अभिषेक

सदर ओपीडी

विभाग	डॉक्टर का नाम
मेडिसिनः	डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
ऑब्स एंड गायनीः	डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
शिशु रोग :	डॉ मृत्युंजय
हेमाटोलॉजीः	डॉ अभिषेक रंजन
पीडियाट्रिक सर्जरीः	डॉ जैनेंद्र
कार्डियोलॉजीः	डॉ राकेश झा
सर्जिकल अंकोलॉजीः	डॉ प्रकाश भगत
नेफ्रोलॉजीः	डॉ नवीन बर्णवाल

शहर में आज

1. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, वार्ड 9 और 10, 11:00 बजे
2. ग्रेट जेमिनी सर्कस की प्रेस वार्ता, शहीद मैदान सेक्टर-2, 11:00 बजे
3. एनसीसी डे का आयोजन, स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम मारवाड़ी कॉलेज, 12:00 बजे
4. भारत निर्माण का पैनल डिस्कशन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन रहेंगे, आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, 4:00 बजे
5. श्रीमद्भागवत गीता समारोह, लक्ष्मी नगर, 4:30 बजे
6. गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय झारखंड दौरा, भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, 5:00 बजे

ब्रीफ खबरें

ओवरब्रिज पर रात 11 बजे से परिचालन रहेगा बाधित

रांची। मेन रोड ओवर ब्रिज पर बुधवार (29 नवंबर) रात 11 बजे से 31 दिसंबर तक वाहनों का परिचालन बाधित रहेगा. डोरंडा राजेंद्र चौक पर चल रहे फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में यह बदलाव किया गया है. सभी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है. इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बुधवार को आदेश जारी किया.

ब्राउन शुगर धंधे में शामिल तीन धराए

रांची। ब्राउन शुगर के कारोबार में शामिल तीन युवकों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस के वरीय अधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के पीएचईडी ग्राउंड पहाड़ के पास से राहुल राय, आलोक और अभिषेक कुमार शर्मा को ब्राउन शुगर की बिक्री करते हुए रंगेहाथ पकड़े गए.

पुलिस सहायता और कल्याण कोष की बैठक

रांची। झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता बुधवार को झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष की बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में पुलिस अधिकारी व मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए. बैठक में राज्यभर से जितने भी आवेदन पुलिस सहायता कल्याण कोष में आए हैं. उस पर सुनवाई होगी हुई.

एसटी-एससी केस की डीजीपी ने समीक्षा की

रांची। एसटी-एससी केस को लेकर झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की. डीजीपी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा की. आपको बता दें कि झारखंड में साल 2019 से 31 मई 2023 तक एससी-एसटी एक्ट में 4,552 दर्ज हुए है.

सुरंग में फंसे झारखंड के एक मजदूर ने सुनाई आपबीती

चट्टानों से टपकता पानी चाटा

मुरमुरे खाकर बचायी जान

भाषा। रांची

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक अनिल बेदिया ने बताया कि हादसे के बाद उन लोगों ने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को चाटा और शुरुआती दस दिनों तक मुरमुरे खाकर जीवित रहे. झारखंड के 22 वर्षीय श्रमिक अनिल बेदिया ने बताया कि उन्होंने 12 नवंबर को सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद मौत को बहुत करीब से देखा. बेदिया सहित 41 श्रमिक मलबा ढहने के बाद 12 नवंबर से सुरंग में फंसे थे. उन्होंने बुधवार को पीटीआई-भाषा से फोन पर बातचीत में अपनी कहानी साझा की.

बेदिया ने कहा कि मलबा ढहने के बाद तेज चीखों से पूरा इलाका गूंज गया.. हम सब ने सोचा कि हम सुरंग के भीतर ही दफन हो जाएंगे. शुरूआती कुछ दिनों में हमने सारी उम्मीदें खो दी थीं. उन्होंने कहा कि यह एक बुरे सपने जैसा था. हमने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को चाटा और पहले दस दिनों तक मुरमुरे खाकर जीवित रहे. बेदिया रांची के बाहरी इलाके खिराबेड़ा गांव के रहने वाले हैं, जहां से कुल 13 लोग एक नवंबर को काम के लिए उत्तरकाशी गए थे. उन्होंने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि किस्मत ने उनके लिए क्या लिखा है. बेदिया ने बताया कि जब आपदा आई तो सौभाग्य से खिराबेड़ा के 13 लोगों में से केवल तीन ही सुरंग के अंदर थे.

41 श्रमिकों में से 15 श्रमिक झारखंड के थे

सुरंग के भीतर फंसे 41 श्रमिकों में से 15 श्रमिक झारखंड से थे. ये लोग रांची, गिरिडीह, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले हैं. मंगलवार की रात जब इन श्रमिकों को बाहर निकाला गया तब उनके गांवों में खुशी से लोग जश्न मनाने लगे. बेदिया ने बताया कि हमारे जीवित रहने की पहली उम्मीद तब जगी जब अधिकारियों ने लगभग 70 घंटों के बाद हमसे संपर्क स्थापित किया. उनके अनुसार, उनके दो पर्यवेक्षकों ने उन्हें चट्टानों से टपकता पानी पीने के लिए कहा. बेदिया ने कहा कि हमारे पास सुरंग के अंदर खुद को राहत देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था. आखिरकार, जब हमने बाहर से, हमसे बात करने वाले लोगों की आवाजें सुनीं, तो दृढ़ विश्वास और जीवित रहने की आशा ने हमारी हताशा को खत्म कर दिया.

रांची जिले के खीराबेरा गांव में साथ जश्न मनाते अनिल बेदिया व राजेंद्र बेदिया के परिवार के सदस्य.

शुरुआती दस दिन घोर चिंता में बीती

अनिल बेदिया ने बताया कि शुरुआती दस दिन घोर चिंता में बिताने के बाद पानी की बोतलें, केले, सेब और संतरे जैसे फलों के अलावा चावल, दाल और चपाती जैसे गर्म भोजन की आपूर्ति नियमित रूप से की जाने लगी. हम जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकलने के लिए प्रार्थना करते थे... आखिरकार भगवान ने हमारी सुन ली.

मां ने पिछले दो सप्ताह से खाना नहीं बनाया

अनिल बेदिया के गांव के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि चिंता से बेहाल उसकी मां ने पिछले दो सप्ताह से खाना नहीं बनाया था और पड़ोसियों ने जो कुछ भी उन्हें दिया, उसी से परिवार का गुजारा चल रहा था. खिराबेड़ा गांव के रहने वाले लकवाग्रस्त श्रवण बेदिया (55) का इकलौता बेटा राजेंद्र (22) भी सिलक्यारा सुरंग का कुछ हिस्सा धंसने से अंदर फंसे श्रमिकों में शामिल था. मंगलवार शाम को अपने बेटे के बाहर निकाले जाने की खबर के बाद उन्हें व्हीलचेयर पर जश्न मनाते देखा गया. राजेंद्र के अलावा गांव के दो अन्य लोग, सुखराम और अनिल भी 17 दिनों तक सुरंग के भीतर फंसे रहे. दोनों की उम्र करीब 20 साल के आसपास है. सुखराम की लकवाग्रस्त मां पार्वती भी बेटे के सुरंग में फंसे होने की खबर से गमगीन थी.

फ्लाईओवर के लिए गड्ढा खोदा रातू रोड में लगा लंबा जाम

संवाददाता। रांची

रातू रोड में पिस्का मोड़ के पास फ्लाईओवर निर्माण के लिए बड़ा गड्ढा खोद दिया गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है. बुधवार सुबह से शाम तक सड़क पर ऐसा जाम लगा कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया. सुबह में तो पिस्का मोड़ से ग्लैक्सिया मॉल से लेकर रातू रोड चौराहा व किशोरी यादव चौक तक लंबा जाम लगा रहा, जिससे लोगां को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. स्कूल बसें भी फंसी रहीं, जिससे बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच सके और दोपहर में छुट्टी के वक्त भी बसें जाम में फंसी रहीं.

स्कूल बसों के साथ ही साथ अन्य वाहन भी घंटों फंसे रहे और रेंगते हुए निकलते रहे. रातू रोड में पिस्का मोड़ से लेकर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लगी रही. जाम के कारण कई स्कूलों की बसें समय पर स्टॉपेज पर नहीं पहुंच पायीं. जाम में फंसी स्कूल बसों में बैठे बच्चे भूख-प्यास से परेशान रहे. बच्चों के साथ अभिभावक भी बैचेन -परेशान रहे. मुख्य सड़क जाम होने से लोग मुहल्लों और गली-कूचों से निकलने का प्रयास करने लगे, जिससे हेसल, देवी मंडप रोड और तेल मिल गली, इंद्रपुरी रोड, श्रीकृष्णानगर कॉलोनी जानेवाली सड़क सहित सभी बाइलेन

में जाम लगा रहा. जो वाहन चालक कॉलोनी की बाइलेन में जाम से राहत के लिए घुसे, तो वे और बड़े जाम में फंसते गए. जाम का यह सिलसिला दिन भर चलता रही.

आखिर कब मिलेगी रोज-रोज के जाम से मुक्ति : पिस्का मोड़ के पास सड़क पर बीचोबीच बड़ा गड्ढा क्यों खोदा गया है, यह बतानेवाला भी कोई नहीं था. लोगों को कहना था कि फ्लाईओवर के लिए पिलर तो खड़े किए जा चुके हैं, तो फिर ये बड़ा गड्ढा क्यों खोदा गया . हालांकि निर्माण कार्य में लगी कंपनी के प्रतिनिधि यही बताते रहे कि फ्लाईओवर निर्माण के लिए ही गड्ढा खोदा गया है. अब लोग सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर कबतक उन्हें रातू रोड में जाम से मुक्ति मिलेगी.

हरमू नदी के अतिक्रमण मामले में आज हाईकोर्ट में सौंपी जाएगी रिपोर्ट

संवाददाता। रांची

हरमू नदी के अतिक्रमण मामले को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. इससे पूर्व मामले की सुनवाई के दौरान पिछले 9 नवबंर को हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं की तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर अतिक्रमण मामले की जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में सौंपने का निर्देश दिया था. हरमू नदी के अतिक्रमण मामले की जांच के लिए तीन एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्ति की थी, उनमें हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा, सौम्या एस पांडेय और सोनल जायसवाल शामिल हैं. कोर्ट के निर्देश पर एडवोकेट कमिश्नर ने 24 नवंबर को हरमू नदी के उदगम स्थल के साथ ही साथ नदी के बहाव क्षेत्र का निरीक्षण कर अतिक्रमण की जांच की है. गुरुवार को एडवोकेट कमिश्नर की टीम अपनी जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंप देगी.

याचिका दायर करनेवाले वकील को मिली थी धमकी : हाईकोर्ट द्वारा हरमू नदी के अतिक्रमण मामले की जांच के लिए नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर की टीम ने 24 नवंबर को उदगम स्थल की जांच की थी, ठीक उसके दूसरे दिन ही याचिका दायर करनेवाले अधिवक्ता लाल ज्ञानरंजन शाहदेव पर रिवाल्वर तान कर याचिका वापस लेने की धमकी दी गयी थी. अधिवक्ता शाहदेव का नोबानगर बनहौरा में घर है ऑफिस का गेट बंद करवा कर जब घर लौट रहे थे, तो उनकी जीप को रोककर बाइक पर बैठे दो युवकों ने रिवाल्वर तानते हुए धमकी दी थी कि हाईकोर्ट में दायर याचिका वापस ले ले, अन्य उनकी व उनके परिवर की हत्या कर दी जाएगी. इसके बाद अधिवक्ता ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करा दी थी.

नाले में तब्दील हो गयी हरमू नदी

हरमू नदी के अतिक्रमण को लेकर अधिवक्ता लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है. अधिवक्ता ने हरमू नदी के उदगम स्थल से लेकर बहाव वाले क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी देते हुए अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई थी. कोर्ट को बताया गया था कि नदी में कैसे और कहां-कहां अतिक्रमण कर बहाव क्षेत्र को संकरा कर नाला बना दिया गया है. अधिवक्ता शाहदेव की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होनी है. हरमू नदी के अतिक्रमण को लेकर शुभम संदेश लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित करता रहा है. ज्ञात हो कि हरमू नदी के जीर्णोद्धार को लेकर झारखंड सरकार ने 95 करोड़ रुपये की राशि खर्च की थी, लेकिन नदीं नाले में तब्दील हो गयी और गंदगी से भरी पड़ी है. उदगम स्थल सहित कई जगह नदी को मिट्टी-पत्थर से भरकर नाला बना दिया गया है.

राजधानी में कोहरा छाया रहेगा और बढ़ेगी कंपकंपी

रांची। झारखंड में अब कोहरा का असर दिखेगा. राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं बादल छाए रहने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चार दिसंबर तक उत्तरी पूर्वी हिस्से में बादल छाए रहेंगे. 30 नवंबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं दिन में बादल छाए रहने की संभावना है. वहीं, कुछ हिस्सों में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है. इनमें धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, साहेबगंज जिले शामिल हैं. वहीं, एक दिसंबर से कहीं-कहीं बादल छाए रहने की बात कही गई है. राजधानी रांची में एक से चार दिसंबर तक आंशिक बादल का असर देखने को मिल सकता है. कोहरा के कारण लोगों को अधिक ठंड का एहसास होगा. तीन और चार दिसंबर को बादल गहरा सकते हैं. हालांकि, आने वाले पांच दिनों तक राज्य के न्यूनतम तापमान में गिरावट नहीं दर्ज की जाएगी.

- चार दिसंबर तक उत्तरी पूर्वी हिस्से में बादल छाए रहेंगे
- रांची में एक से चार दिसंबर तक आंशिक बादल रहेंगे

वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा सराहनीय कदम : लावन्या

संवाददाता। रांची

गरीबों के लिए चलाए जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं की जांच करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक-एक प्रधिनिमंडल सभी राज्यों में भेजा गया है. इसी कड़ी में बुधवार को इंटरनेशनल कॉरपोरेशन के निदेशक लावन्या कुमार दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे. उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से संबंधित सोशल मोबिलाइजेशन एंड इंस्टिट्यूशनल डेवलपमेंट और सेलटर फॉर अर्बन होमलेस के संबंध में निगम क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ-साथ लाभुकों से भी मुलाकात की.

इस क्रम में लावन्या कुमार ने रांची नगर निगम क्षेत्र के मंजिल महिला समिति, डिबडीह, प्रखर महिला समिति, आजादी हिंद नगर, हरमू, संघर्ष महिला समिति, आजाद हिंद नगर, हरमू, रौनक स्वयं सहायता समूह, भरम टोली, बरियातू का निरीक्षण किया. उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर महिलाओं से कई बिंदुओं पर जानकारी ली. उन्होंने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की.

योजना जांच

- दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे इंटरनेशनल कॉरपोरेशन निदेशक
- नगर निगम क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं का लिया जायजा

इसके अलावा अटल स्मृति वेंडर मार्केट स्थित सोनचिरैया ब्रांड के शोरूम सह शहर आजीविका केंद्र का निरीक्षण किया. बता दें कि इसका संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा किया जा रहा है.

चाइना निमोनिया को लेकर विभाग अलर्ट

रांची। विश्व में चाइना निमोनिया के बढ़ते कहर को लेकर एक बार फिर से बच्चों की चिंता बढ़ गई है. वहीं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने राज्य के सभी उपायुक्तों को गहन निगरानी, सुरक्षात्मक उपाय करने का निर्देश दिया है. जारी पत्र के अनुसार जांच की व्यवस्था रिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग, एमजीएम जमशेदपुर में की गई है. वहीं पीडियाट्रिक वार्ड, एनआईसीयू व अन्य इंतजाम का निर्देश दिया.

जेएससीए सीसीसी के उपाध्यक्ष बने संजय

रांची। पहली बार जेएससीए कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) में हुए मतदान में राजेश वर्मा बॉबी की टीम ने बाजी मारी. सीसीसी के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष बॉबी ने सुनील साहू को 61 वोट से मात देकर अध्यक्ष पद पर बने रहे. वहीं बुधवार को नवनिर्वाचित कमेटी ने बैठक आयोजित कर उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार चुने. चुनाव में सबसे अधिक 392 वोट पाने वाले संजय पांडे को उपाध्यक्ष चुना गया. भानु प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष पद दिया गया. राहुल झा सचिव बनाए गए.

मंथन रांची में सांसदों की रेल मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन

रांची स्टेशन का नाम बिरसा मुंडा करने की मांग

प्रमुख संवाददाता। रांची

रांची में सांसदों की रेल मंडल स्तरीय बैठक हुई, जिसमें रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े सभी सांसद और दोनों मंडलों के रेलवे पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक में मौजूद रांची सांसद संजय सेठ ने अपना एजेंडा पेश किया और उसपर चर्चा की. उन्होंने नामकुम, टाटीसिल्वे और सिल्ली रेलवे स्टेशन में पहले की तरह सभी ट्रेनों के ठहराव को सुनिश्चित करने की मांग की. सिल्ली-मुरी के बांसारूली में भी सड़क निर्माण का मामला उठाया. नामकुम में फुट ओवरब्रिज निर्माण पर काम करने का भी सुझाव दिया और चुटिया में फुट ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव भेजने को कहा. सांसद बेंगलुरु-चेन्नई एर्नाकुलम कोयंबटूर के लिए साप्ताहिक अंत्योदय ट्रेन चलाने, हटिया-सांकी पैसेंजर का बरकाकाना तक विस्तार करने की मांग उठाई. कहा कि कई मामलों में राज्य सरकार के द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजा जाता है, ऐसी स्थिति में रेलवे को संवेदनशील बनना चाहिए और राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगने की पहल करनी चाहिए.

धार्मिक स्थलों के मुद्दों पर कार्रवाई से पहले ध्यान रखें : रांची रेलवे स्टेशन के पास बने मंदिर को हटाने को लेकर दिये नोटिस का मामला भी उन्होंने उठाया. कहा कि मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है. मंदिरों से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है. मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है. इसलिए किसी भी कीमत पर इस तरह का कोई कदम उठाने से पहले, किसी भी क्षेत्र में रेलवे के अधिकारियों को संबंधित जनप्रतिनिधियों से बात करनी चाहिए.

सांसद सेठ ने कहा

- ट्रेनों के परिचालन के लिए रेलवे ने मांगे राज्य सरकार से मांगे प्रस्ताव
- सांसद ने रेलवे पदाधिकारियों के समक्ष अपना एजेंडा पेश किया

18 वर्ष वालों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ें

रांची। रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में कॉलेज के प्राचार्य एवं यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के साथ बैठक की. डीसी ने कहा कि कॉलेजों में पढ़नेवाले वैसे छात्र-छात्राएं जिनकी उम्र (1 जनवरी 2024) तक उम्र 18 वर्ष हो जाएगी, उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए जागरूक करें. डीसी ने प्राचार्य एवं कुलसचिव को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने कॉलेज में कैंपस एंबेसडर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें, ताकि योग्य छात्र-छात्राएं मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकें और आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें.

इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का उद्घाटन

मेले में लगे हैं 7 देशों के लगभग 450 स्टॉल

संवाददाता। रांची

मोरहाबादी में बुधवार को इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन शमशेर आलम, डॉ राजेश गुप्ता ने किया. इस ट्रेड फेयर में हवाई झूला, टोरा-टोरा, बेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, कोलंबस, वॉटर बोट, मिनी ट्रेन, मिक्की माउस, जंपिंग जापान, मोटरबोट, स्कॉर्पियो, बच्चों वाली छोटी ट्रेन जैसे झूले भी लगे हैं. यह ट्रेड फेयर 13 दिसंबर तक लगा रहेगा. ट्रेड फेयर में इंट्री फीस 20 रुपये और पार्किंग की सुविधा के लिए 10 रुपये निर्धारित है. मेले में 7 देशों के लगभग 450 स्टॉल लगे हैं. इनमें मलेशिया के होम डेकोर से लेकर अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट व अन्य शामिल हैं. रांची शहरवासियों के लिए मुख्य रूप से खान-पान के लिए मुंबई का मसाला पोपकॉर्न, पनीर टिक्की चाट, पांव भाजी, हवा मिठाई, फ्रूट चाट, शिकंजी इत्यादि की भी व्यवस्था की गई है. मनोरंजन के लिए हर दिन शाम में 6 बजे से लेकर 8 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जाएगा.

ब्रीफ खबरें

गढ़वा में आज सीएम प्रशासन की तैयारी पूरी

गढ़वा। मेराल प्रखंड के पेशका में गुरुवार को आयोजित होने वाले 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे. उपायुक्त शेखर जमुआर ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया. मौके पर उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये. मैदान में लग रहे स्टेज, टेंट और स्टॉल का निरीक्षण किया और साफ सफाई, पेयजल, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था आदि दुरूस्त रखने को कहा.

ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

महुदा। बुधवार को बांसजोड़ा पंचायत सचिवालय में राज्य सरकार की महत्पूर्ण योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान बांसजोड़ा पंचायत सहित आसपास के जरूरतमंदों को राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं के लिए फोर्म जमा किया. वहीं वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सैकड़ों संख्या में लाभुको को कैंप के माध्यम से पहुंचाया गया.

चकला पंचायत में हुआ शिविर का आयोजन

चंदवा : आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र विभिन्न मुद्दों में चर्चा में रहने वाला पंचायत चकला सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का उद्धघाटन बीडीओ विजय कुमार ने किया . शिविर में अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही.योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी. बीडीओ ने कहा कि ग्रामीण अपनी शिकायत लिखित रूप से शिविर में रख सकते हैं.

विधायक ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

घाटशिला। घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के कासीदा में विधायक रामदास सोरेन ने बुधवार को नारियल फोड़कर पीसीसी पथ का शिलान्यास किया.उन्होंने बताया कि कासीदा मुख्य सड़क से लेकर कोल्ड स्टोरेज तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया है.योजना जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत की गई है लागत लगभग 39 लाख रुपए की है.मौके प्रमुख रूप से 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुनाराम सोरेन,विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत,काजल डॉन,झामुमो जिला उपाध्यक्ष आदि शामिल थे.

सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का हुआ गठन

मैथन। एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीपीओ श्रीकांत मंडल की अध्यक्षता में बैठक हुई . प्रखंड स्तरीय सिद्धू कानू युवा खेल क्लब का गठन किया गया. शिक्षक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय युवा क्लब का गठन किया गया है. ध्यक्ष के रूप में राहुल कुमार,रमेश सोरेन को उपाध्यक्ष,अर्जुन हासदा सचिव पद पर निर्वाचित हुए.मौके पर बीपीओ श्रीकांत मंडल आदि शामिल थे.

नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान आज से

धनबाद। पूजा खत्म होते ही नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान गुरुवार से शुरु होगा .नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के आदेश पर अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रारंभ होगा.सड़कों के अतिक्रमण करने वालों पर निगम अपना बुलडोजर चलाएगा. फ़ूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि सबसे पहले बेकारबांध मोड़ से पॉलिटेक्निक रोड में व्याप्त अतिक्रमणकारियों को हटाया जाएगा.निगम के इंफोर्समेंट टीम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलाया जाएगा.

40 हो गयी उम्र, अब मिली दिव्यांग पेंशन

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड क्षेत्र के रजवाडीह गांव निवासी अनारकली कुंवर के बेटे सुरेन्द्र साव की उम्र 40 से ऊपर है. अनारकली का कोई सहारा नहीं है. बेटा सुरेन्द्र साव भी मानसिक रूप से बीमार रहता है. मानसिक रूप से इतना कमजोर है की कुछ काम भी नहीं कर पाता है.उसकी मां अनारकली कुंवर काफी परेशान रहती है. दिव्यांग पेंशन को लेकर कई बार प्रयास किया परंतु वह असफल रही. दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ मिल गया.

सरकार से कूप निर्माण के लिए मिली आर्थिक सहायता से बदली किसान की तकदीर

मनरेगा सिंचाई कूप ने मजदूर को दिलाई पहचान

संजीव मेहता। आदित्यपुर

सरायकेला जिले के मनरेगा श्रमिक विरंची महतो को मनरेगा योजना से मिले कूप ने खुशहाल बना दिया है. महतो को आपकी योजना- आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कूप के लिए आर्थिक सहायता मिली थी. उन्होंने इस योजना का लाभ लेकर अपनी पहचान बना ली है.वे मुख्यमंत्री का आभार जता रहे हैं. बिरंची महतो मूल रूप से ईचागढ़ प्रखंड के सोडो पंचायत के सोडो गांव के रहनेवाले हैं. एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखते हैं. इनका जीवन यापन कृषि पर निर्भर है.वे निजी एवं बंटाई की खेत में केवल धान की खेती करते हैं और मनरेगा

लाभुक बिरंची महतो

योजना में श्रमिक का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं. महतो बताते हैं कि इससे उन्हें परिवार चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था. वित्तीय वर्ष 2020-21 में पंचायत व प्रखंड प्रशासन से मनरेगा योजना से एक-एक सिंचाई कूप की मदद मिली. उनकी मेहनत का ही नतीजा है कि एक ही वित्तीय वर्ष में उन्होंने अपनी सिंचाई की योजना को पूर्ण कर दिया.

खास बातें

- लाभुक विरंची महतो का जीवन हुआ खुशहाल
- वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा से मिली थी योजना

समय से योजना हुई पूरी

चूंकि वे खुद भी मनरेगा श्रमिक हैं, तो उन्हें पता है कि योजना को यदि समय सीमा के अनुसार पूर्ण नहीं किया जाए तो काफी कठिना इयों का सामना करना पड़ता है. बारिश से पूर्व योजना पूर्ण नहीं करने की स्थिति में सिंचाई कूप धंस भी सकता है और एक बार कूप धंस जाए, तो फिर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. अंततः योजना समय पर पूर्ण कर लिया. सिंचाई का साधन होते ही खाली पड़ी जमीन पर जहां पहले पानी के अभाव में किसी भी तरह की खेती करना संभव नहीं था, अब महतो और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा वहां खेती की जा रही है.

मौसमी फसल से सुधरे हालात

धीरे-धीरे खाली पड़ी एक एकड़ से अधिक जमीन पर मौसम आधारित खेती करने लगे. वर्तमान में वे खेतों में मिर्च, टमाटर, फूलगोभी आदि खेती कर रहे हैं. महतो बताते हैं कि सब्जियां ले जाकर साप्ताहिक बाजार में बेचते हैं, जिसके उन्हें प्रति सप्ताह 3500 से 4000 की आमदनी हो जा रही है. मनरेगा से निर्मित सिंचाई कूप से उनके जीवन स्तर मे अविश्वसनीय सुधार हुआ है. अब उन्हें और उनके परिवार को कहीं बाहर काम करने की जरूरत नहीं पड़ रही है. मनरेगा सिंचाई कूप से लाभान्वित होकर बिरंची महतो बहुत खुश हैं.

केंद्र सरकार ने जारी की एडवाइजरी, जिला स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुटा

चाइनीज निमोनिया को लेकर अलर्ट मोड में स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता। धनबाद

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने चीन में फैल रही चाइनीज निमोनिया को देखते हुए सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है. इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है. इन सभी संभावनाओं को देखते हुए धनबाद में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है. ब्लॉक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे, तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके. बता दें कि चाइना में बड़ी संख्या लोग चाइनीज निमोनिया बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं. इसको देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों में अपने स्वास्थ्य संसाधन को दुरुस्त करने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने का निर्देश दिया है.

क्या है तैयारी

चाइनीज के खतरे की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए बेड से लेकर ऑक्सीजन तक की व्यवस्था दुरुस्त करने की शुरूआत कर दी गई है. अधिकारियों की मानें, तो धनबाद किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है. संदिग्ध मरीज मिलने पर तत्काल उसकी विस्तृत जांच की जाएगी और जरूरी चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई जाएगी.

ऑक्सीजन प्लांट भी तैयार

जिले के अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए 10 प्लांट चालू स्थिति में हैं. सदर अस्पताल में तीन पीएसए प्लांट चालू हालत में हैं. यहां 300, 300 और 1000 एलपीएम उत्पादन क्षमता है. धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक हजार, एक हजार और 600 एलपीएम उत्पादन क्षमता के तीन पीएसए प्लांट चल रहे हैं.

प्रखंड स्तर पर भी तैयारी

प्रखंड स्तरीय अस्पतालों व सुदूर इलाकों में चलने वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं. सेंटरों से दो से तीन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर दिए गए हैं.

क्या कहते हैं अधिकारी

निमोनिया को लेकर लोग सचेत रहे: सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन नें बताया कि हॉयर सेंटर के रूप में एसएनएमसीएच और सदर अस्पताल को रखा जाएगा. यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी, तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे. कोरोना के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा. पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे.

डॉक्टरों की टीम निमोनिया को लेकर गंभीर: डॉ राजकुमार

आईडीएसपी के प्रभारी डॉ राजकुमार सिंह ने कहा कि किसी भी महामारी से निपटने के लिए धनबाद तैयार है. हालांकि यहां अबतक चाइनीज निमोनिया का एक भी मामला सामने नहीं आया है. अस्पताल में भी अभी इस तरह के केस नहीं पहुंचे हैं, लेकिन डॉक्टरों की टीम निमोनिया के केस को लेकर गंभीर है.

छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है: डॉ अविनाश

एसएनएमसीएच के वरिष्ठ चिकित्सक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि निमोनिया में छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है .निमोनिया सबसे ज्यादा एक से पांच साल तक के बच्चों के लिए खतरनाक होता है. वैसे बच्चे अपनी परेशानी को खुलकर बता नहीं पाते. अभिभावकों को यह ध्यान रखना होगा कि यदि छोटे बच्चे में सर्दी-खांसी के साथ बुखार आता , तो उसे तुरंत नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाएं.

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ छात्रा को मिला

गोड्डा। पोड़ैयाहाट प्रखंड अंतर्गत बिरनियां पंचायत भवन में लगे शिविर में छात्रा को मिला गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ. बिरनियां पंचायत भवन में आयोजित शिविर में ग्राम मानिकपुर के संजय भगत की पुत्री मौसमी कुमारी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण मिलने का रास्ता साफ हो गया है. मौसमी के द्वारा शिविर में फॉर्म भरकर जमा किए जाने के बाद कैंप में ही ऑन-स्पॉट सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया. बैंक से जोड़कर उन्हें अब उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर ऋण जल्द उपलब्ध हो जायेगा. छात्रा मौसमी कुमारी ने बताया कि आर्थिक कमियों के कारण उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई में समस्या हो रही थी.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

1.बिहार में कौन सी चट्टानें नहीं पाई जाती हैं? **कडप्पा क्रम**
2.बिहार प्रान्त को बंगाल से अलग कब किया गया? **1912**
3.छोटा नागपुर संथाल परगना आदिवासी सभा की स्थापना कब हुई? **1938**
4.भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोकसभा में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण दिया गया है? **330**
5.किस अनुसूचित जाति की साक्षरता सर्वाधिक है? **धोबी**
6.झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई कितनी है? **1960 किमी**
7.झारखंड में देश के कोयला भंडार का कितना प्रतिशत है? **36**
8.झारखंड में सबसे कम जनसंख्या वाला जिला है? **लोहदरगा**
9.किस स्थान पर अंग्रेजो ने जलियांवाला बाग की तरह गोलियां चलाईं थीं? **डोंबरी पहाड़**
10.बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल कहाँ है? **रांची**

सब जोनल कमांडर के पिता ने लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता। लातेहार

भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह के परिजनों ने न्यायालय में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है. आवेदन मे प्रदीप सिंह के पिता उपेन्द्र सिंह ने कहा है की प्रदीप सिंह को गत 28 अक्टूबर को 11 बजे लातेहार पुलिस के द्वारा उठा लिया गया है. इस मामले मे गांव के कई लोग लातेहार थाना पूछताछ के लिए गए तो परंतु थाना प्रभारी के द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गयी और अभद्र व्यवहार किया गया. पुलिस का कहना है कि प्रदीप सिंह को पुलिस ने नहीं रखा है. जबकि पूरे गांव ने लातेहार पुलिस के द्वारा प्रदीप सिंह को पकड़ कर ले जाते हुए देखा है.

उन्होने प्रदीप सिंह के साथ कोई अनहोनी की आशंका जाहिर की है. उक्त मामले की जाच पुलिस अधीक्षक, लातेहार के द्वारा करा कर जांच रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल कराने का आग्रह किया है.

विधायक ने किया 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्घाटन, कहा-

ग्रामीणों को दें योजना की जानकारी

संवाददाता। पीरटांड़ (गिरिडीह)

पीरटांड़ प्रखंड के बिसनपुर पंचायत में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, बीडीओ मनोज कुमार, उपप्रमुख महेंद्र प्रसाद, मुखिया अनूप मिश्रा, बिसनपुर पंचायत के पश्चमी पंसस गीता देवी, पूर्वी पंसस अलका देवी, समाजसेवी सुजीत पाण्डे, उप मुखिया कांति देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया. कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा विभागवार स्टॉल लगाए गए थे. जहां लोगों के आवयश्कता अनुसार आवेदन लिए जा रहे थे. वहीं उपस्थित विधायक एवं पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए स्टाल का निरीक्षण कर स्टाल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया.कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को समाज की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही कार्यक्रम किया जा रहा है.

खास बातें

- विधायक ने शिविर में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया
- ग्रामीणों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण भी किया गया

सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी

संवाददाता। पांडू (पलामू)।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पलामू के पांडू प्रखंड सभागार में किया गया. जिसमें सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. साथ ही लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई. शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने कई योजनाओं से संबंधी फॉर्म लिया. विशेष कर गुरु जी क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन सहित अन्य योजनाओं का फॉर्म लिया. साथ ही दाखिल खारिज से संबंधित शिकायत भी दर्ज करायी. मौके पर बीडीओ सह सीओ राहुल कुमार उरांव ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ देने के लिए किया गया है. विशेष कर गुरु जी क्रेडिट कार्ड पर

फोकस है. इस योजना में बच्चों को दसवां से लेकर आईए बीए तक के बच्चे को पढ़ने के लिए सरकार 4% ब्याज पर 15 लाख तक अनुदान पर पैसा देगी. मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार, स्वास्थ्य विभाग के एएनएम अनीता कुमारी, अबुआ आवास के विमलेश सिंह, ब्लॉक नजीर गोविंद सिंह, प्रखंड समन्वय रंजन कुमार सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे.

40 हजार स्वास्थ्यकर्मी धनबाद से पहुंच रहे रांची

धनबाद। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सभी जिलों के स्वास्थ्य कर्मी 4 दिसंबर को रांची पहुंचकर महाधरना देंगे. इसमें धनबाद जिले के स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल हैं. अराजपत्रित कर्मचारी संघ के महामंत्री संजूत सहाय ने बताया कि जिले से करीब 40 हजार स्वास्थ्य कर्मी महाधरना में भाग लेंगे. इसके लिए पूरी तैयारी है. जगह-जगह हर दिन बैठक की जा रही है. महाधरना में एएनएम, सहिया समेत अन्य सभी कर्मी मौजूद होंगे. रैली की मुख्य मांग सभी 3 वर्ग के कर्मचारियों का ग्रेड पे 2400 रुपये करने, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने, सेविका-सहायिका को सरकारी कर्मचारी मे घोषित करते हुए सेवानिवृति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने छंटनीग्रस्त पोषण सखी को सेवा में वापस लेते हुए संविदा कर्मी घोषित करने, जलसहिया को संविदा कर्मी घोषित कर न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने समेत अन्य मांगें शामिल रहेंगी.

सभी के प्रयास से संस्था ने की प्रगति : तिवारी

संवाददाता। निरसा

निरसा सह चिरकुंडा व्यापार मंडल सहयोग समिति की वार्षिक आम सभा निरसा पंजाबी मिलन परिसर में बुधवार को संपन्न हुई. वार्षिक आमसभा में समिति प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा ने 15 सूत्री विषयों पर बिंदुवार चर्चा की.उन्होंने बताया कि समिति 1958 से कार्यरत है. पिछले वित्तीय वर्ष में समिति ने 2, 41,000 का शुद्ध लाभ प्राप्त किया.समिति हित में समिति के जर्जर गोदाम को तोड़कर जी प्लस टू व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है. जिसमें कुल 102 दुकानों का निर्माण कार्य होना है.समिति की एक बड़ी राशि विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थानों पर बकाया है.जिसे वसूली का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ.वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष मन्नू तिवारी ने कहा कि सभी के प्रयास से संस्था प्रगति पर

खास बातें

- जी प्लस टू व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर
- व्यावसायिक भवन में 102 दुकानों का होगा निर्माण

चिरकुंडा व्यापार मंडल बी श्रेणी में अपग्रेड

वर्तमान प्रबंधकारिणी में नए-पुराने सदस्यों का मिश्रण है. पुराने सदस्यों के अनुभव का लाभ एवं नए सदस्यों की ऊर्जा का सदउपयोग कर निरसा सह चिरकुंडा व्यापार मंडल पहली बार सी श्रेणी से अपग्रेड होकर बी श्रेणी की संस्था का दर्जा प्राप्त करने में सफल हुआ है. जिसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों को बधाई दी .आने वाले वर्षों में ए श्रेणी की संस्था बनाना वर्तमान प्रबंधकारिणी की सर्वोच्च प्राथमिकता है .बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मन्नु तिवारी एवं संचालन मधुरेंद्र गोस्वामी, स्वागत संबोधन सुबल चंद्र तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन रंग बहादुर सिंह ने किया.

पिछले वर्ष में धान अधिप्राप्ति कार्य भी हुआ

समिति द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में धान अधिप्राप्ति का कार्य भी किया गया. समिति किसानों के उत्पाद का कुशल रख-रखाव एवं सही समय पर सही मूल्य प्राप्त हो इसको ध्यान में रखकर कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का प्रस्ताव भी रखती है. बैठक में यमुना प्रसाद सिंह, संजय सिंह, नूर मोहम्मद, अफरोज अहमद एवं दिनेश साव अपने अपने सुझाव दिए. मौके पर रेखा देवी, गायत्री देवी, वीरेंद्र तिवारी,तुलसी साव,अशोक साव,गुरमीत सिंह डंग, अमरजीत सिंह, योगेश सिंह, पंचम चौधरी, श्यामदेव चौरसिया, माथुर मंडल, जमशेद, परशुराम सिंह,सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित थे.

जनसमस्या गुवा प्रखंड मुख्यालय में सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की नहीं है व्यवस्था

थाना, ब्लॉक, अस्पताल, बाजार में भी पीने का पानी नहीं

संवाददाता। गुवा (गिरिडीह)

महानगरों से होता हुआ पानी का बाजार अब छोटे कस्बों और गांवों तक पहुंच गया है. प्यासों को न केवल पानी पिलाने की परंपरा खत्म हो रही है, बल्कि अब प्यासों को पानी खरीदने के लिए मजबूर करना चलन बनता जा रहा है. थाना, ब्लाक, अस्पताल में आने वाले आम लोग पानी के लिए कितने परेशान हैं, अफसरों को भी इससे कोई सरोकार नहीं है. आमजन को यहां पानी के लिए जेब ढीली करनी पड़ती है, जबकि यहां पहुंचने वाले अधिकतर लोगों की पानी खरीदने की सामर्थ्य नहीं होती है. प्रखंड मुख्यालय में हर दिन सैकड़ों लोग पहुंचते हैं. यहां पर एक हैंडपंप लगा है, लेकिन उसका

पानी बदबूदार है. पेयजल की कोई उचित व्यवस्था न होने पर आमजन को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है. मजबूरी में लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ता है. कुछ लोग पानी खरीदने के बजाय हैंडपंप का ही बदबूदार पानी पीते हैं.

खास बातें

- दो वर्ष पूर्व लगा वाटर एटीएम बना शोपीस
- बोरिंग खराब होने से है पानी की समस्या

दो वर्ष पूर्व लगी वाटर एटीएम हुई खराब

प्रखंड मुख्यालय में दो वर्ष पूर्व वाटर एटीएम लगाया गया था, जो आज भी शो पीस बना है. इस संबंध में पदाधिकारी ने बताया कि बोरिंग खराब होने की वजह से पानी की समस्या है. इसी वजह से वाटर एटीएम का उपयोग नहीं हो पा रहा है. इधर थाना परिसर में भी प्रतिदिन सैकड़ो लोग फरियाद लेकर पहुँचते है लेकिन पेयजलापूर्ति की व्यवस्था नही होने की वजह से कुछ लोग पानी खरीद कर पीते है. लेकिन गरीब लोग घण्टो तक प्यासे रहने को मजबूर है .जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी ने कहा कि सरकारी दफ्तर में गरीबो के लिए पानी के लिए उचित व्यवस्था नही होना चिंता का विषय है. प्रशासन को गरीबों के लिए जल्द से जल्द पानी का व्यवस्था करें.

वाटर एटीएम चालू करने की मांग

बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व के बीस सूत्री के बैठक में वाटर एटीएम चालू करने का मांग किया गया था, लेकिन अब तक चालू नही किया गया है. गिरिडीह डीसी से मिलकर वाटर एटीएम को चालू करने का मांग करेंगे. सरकारी दफ्तर में गरीबों के लिए पेयजल का व्यवस्था नही होना चिंता का विषय है.

सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण : डीएसओ

संवाददाता। लातेहार

लातेहार प्रखंड के वरीय पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं के लाभ लेने का अपील की है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाई जा रही है. इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को न सिर्फ योजनाओं की जानकारी दी जा रही है .उन्होंने आगे बढ़कर इन सरकारी योजनाओं का लाभ . श्रीमती लकड़ा बुधवार को सदर प्रखंड के तरवाडीह ग्राम में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी. मौके पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक पांडेय, मुखिया समेत कई लोग उपस्थित थे।

पूरे शरीर में हजारों छोटी-बड़ी फुंसियों के आकार के गोले से परेशान है परिवार

जगदीश मांझी को एक रहनुमा की तलाश

- अनुवांशिक बीमारी से पीड़ित है पूरा परिवार, मदद की दरकार

शेखर शरदेंदु। बोकारो

किसी इंसान को शरीर में कहीं एक छोटी सी फुंसी हो जाये, तो वह बेचैन हो जाता है. बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती हिसिम गांव में रहने वाले जगदीश मांझी और उनके परिवार के सभी सदस्य एक ऐसी लाइलाज बीमारी से ग्रसित हैं, जिससे सभी का जीना दूभर हो गया है. जगदीश मांझी, उनकी पत्नी एतवारी देवी,17 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र मुर्मू व 5 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी के पूरे शरीर में हजारों छोटी-बड़ी फुंसियों के आकार के गोले हैं.आंख व मुंह के अंदरूनी हिस्सों को छोड़कर पूरा शरीर इस गंभीर बीमारी की चपेट में है. जगदीश अपनी इस बीमारी का न तो नाम जानते हैं,न ही इसके इलाज के लिए उनके पास पैसे हैं.जब भी सरकार की ओर से आपके द्वार या अन्य कोई स्वास्थ्य शिविर लगता है,

जनता दरबार में हर बार लगाते हैं हाजिरी

इस आस चले जाते हैं कि शायद कोई रहनुमा मिल जाए, जो उनकी इस बीमारी से छुटकारा दिला दे. जगदीश मांझी ने बताया कि टुपकाडीह निवासी उसका साला सोमाय मांझी भी लंबे समय से इस बीमारी से पीड़ित है. कसमार के हिसिम में आयोजित जनता दरबार में जब वह अपनी फरियाद लेकर आए तो सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीपी गुप्ता ने बताया कि यह सम्भवत: न्यूरो फाइब्रोमोटिस की बीमारी हो सकती है. बॉयोप्सी करवाने के बाद ही बीमारी का सटीक पता चल सकता है. जगदीश ने बताया कि उनके वोटर आईडी कार्ड व आधार कार्ड में सुधार के लिए परेशान हैं, क्योंकि कार्ड में वास्तविक उम्र से काफी कम अंकित होने के कारण किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. फिलहाल जगदीश अपने इलाज को लेकर रहनुमा की तलाश में है.

तीन बाल मजदूर मुक्त कराये गये

संवाददाता। लातेहार

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और उपायुक्त के निर्देश पर गत 20 नवंबर से बाल एवं अल्प वयस्क श्रमिकों का बचाव अभियान चलाया जा रहा है. यह अभियान आगामी 10 दिसंबर तक चलेगा.

इसी क्रम में 29 नवंबर को जिले के बालूमाथ प्रखड के विभिन्न गैरज, होटल, ढाबा और प्रतिष्ठानों में अभियान चलाया गया. निरीक्षण के दौरान सोनू लाइन होटल, न्यू बस स्टैंड, बालूमाथ से तीन बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया. सभी नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत सूचना देने का निर्देश दिया गया है. निरीक्षण के दौरान श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, श्रम कार्यालय के रंजीत कुमार, विजय सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन के रवि शंकर, रामकुमार राम, पीएलवी और बालूमाथ थाना के पुलिस टीम मौजूद रहे.

आओ जानें

सामान्य ज्ञान

- संथाल जनजाति में वधू मूल्य का क्या कहा जाता है ? पोन
- संथाल समाज में सबसे कठोर सजा कौन सा है ? बिटलाहा
- संथाल गांव के प्रधान को क्या कहा जाता है ? मांझी
- संथाल जनजाति का प्रधान देवता कौन है ? सिंगबोंगा
- संथाल जनजाति का दूसरा प्रधान देवता कौन है ? मरांग बुरु
- संथाल जनजाति का ग्राम देवता कौन है ? जाहेर ऐरा
- संथाल जनजाति का धार्मिक प्रधान कौन है ? नायके
- संथाल जनजाति का गृह देवता कौन है ? ओड़ाक बोंगा
- झांखण्ड के दूसरी सर्वाधिक जनसँख्या वाली जनजाति कौन है ? उरांव
- उरांव जनजाति स्वयं को क्या कहते है ? कुरुख

ब्रीफ खबरें

कतरास अंचल कार्यालय में लगाया गया शिविर

कतरास। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नगर निगम कतरास अंचल कार्यालय कतरास में बुधवार को शिविर लगाया गया.इस दौरान बाल विकास परियोजना की ओर से सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना,मातृ वन्दना योजना का आवेदन जमा किया गया. दो गर्भवती महिलाओं का गोदभराई रस्म व करीब छह बच्चो का अन्नप्रासन करवाया गया. कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका हेमलता रजक,भारती कुमारी,के अलावा सेविका अनिता देवी,रीता देवी,संतोषी देवी,सरवरी खातुन, शोभा वर्मा सहित कई उपस्थित थीं.

मनिका के बरवईया कला में लगा शिविर

लातेहार। मनिका प्रखंड के बरवईया कला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया.शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई. प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिका मनोज कुमार तिवारी ने शिविर में लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी.आगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लाभुकों को लाभ पहुंचाने का है.

रेलवे पेंशन के लिए आज करें आवेदन

जमशेदपुर । रिटायर रेल कर्मचारियों की विभागीय समस्याओं को सुलझाने के लिए चक्रधरपुर मंडल मुख्यालय में 15 दिसंबर को पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए 30 नवंबर को टाटानगर रेलवे इंजीनियरिंग विभाग के पास एक शिविर लगाकर आवेदन जमा लिए जाएंगे. हालांकि इससे संबंधित आदेश चक्रधरपुर मंडल के कार्मिक विभाग की ओर से पूर्व में जारी कर दिया गया था. रेलवे के रिटायर कर्मचारी बकाया भत्ता भुगतान,पेंशन, सर्विस बुक में सुधार,नॉमीनी बदलने, मेडिकल समेत अन्य तरह की समस्याओं से संबंधित आवेदन इस शिविर में जमा कर सकते है.

बड़ामारा: परिसंपत्तियों का वितरण किया गया

चाकुलिया। चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत बड़ामारा पंचायत भवन में बुधवार को आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया.बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार मोहंती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण हुआ.जेएसएलपीएस द्वारा फूलों झानो आशीर्वाद अभियान के तहत पांच लाभुकों को 50000 रुपये का चेक दिया गया. सीसीएल छह एसएचजी को उन्नीस लाख पचास हजार रुपये का स्वीकृति पत्र दिया गया.

कोर्ट कर्मी को आया हार्टअटैक, भर्ती कराया

धनबाद। धनबाद सिविल कोर्ट के कर्मचारी प्रकाश सिंह को अचानक आज कोर्ट की कार्रवाई के दौरान हार्ट अटैक आया जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में गढ़ी की कानूनी प्रक्रिया चल रही थी. इस दौरान चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी प्रकाश सिंह को अचानक सीने में दर्द हुआ. जिसके कारण वह गिर गया . मौके की नजाकत को देखकर न्यायाधीश खुद इजलास से उतरे और कर्मचारी प्रकाश को लेकर अस्पताल गए हैं . सूचना पर जिले के अन्य न्यायिक पदाधिकारी भी अस्पताल गए हैं .

पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम व राज्य योजना मद से

जिला अस्पतालों में बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

संवाददाता। रांची

केंद्र प्रायोजित योजना पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम व राज्य योजना मद से राज्य के सभी जिला अस्पतालों में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना होगी. स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार सिंह ने इसकी स्वीकृति दे दी है. योजना का कार्यान्वयन पीएम आयुष्मान भारत मिशन के अधीन भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू के तहत होगा. लैब बनने से मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा.

कहां कितने से बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

- सरायकेला खरसावां : एक करोड़ 71 लाख 71 हजार 900
- जामताड़ा : एक करोड़ 78 लाख 75 हजार
- चतरा : एक करोड़ 31 लाख 80 हजार 900
- दुमका : एक करोड़ 45 लाख 6 हजार 400
- पलामू: एक करोड़ 59 लाख 98 हजार 400
- पूर्वी सिंहभूम : एक करोड़ 42 लाख 93 हजार 300
- कोडरमा : एक करोड़ 46 लाख 77 हजार 900
- खूंटी : एक करोड़ 55 लाख 78 हजार 800
- रांची : एक करोड़ 62 लाख 48 हजार
- गढ़वा : एक करोड़ 57 लाख 78 हजार
- लोहरदगा : एक करोड़ 44 लाख 6 हजार 900

सरायकेला खरसावां में बनेंगे 15 नए स्वास्थ्य केंद्र, 8.32 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी

रांची/ सरायकेला । झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की दिशा में राज्य सरकार नित्य ने काम कर रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था बेहतर बनाए जाने पर जिला अस्पतालों का बोझ काम होगा. इसी को ध्यान में रखते हुए सरायकेला खरसावां जिले में 15 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जाएंगे. प्रति स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण पर 55 लाख 50 हजार रुपए खर्च होंगे. इस हिसाब से कुल 8 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग ने दी है.

यहां बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र

प्रखंड	स्वास्थ्य उपकेंद्र
गोबिंदपुर	जुमाल
ईचागढ़	बामुंडीह
ईचागढ़	बड़ा आमदा
खरसांवा	रायडीह
कुचाई	अरूवा
नीमडीह	चतारमा
चांडिल	खूंटी(चांडिल)
नीमडीह	झिमरी
सरायकेला	भालुकपहाड़ी
सरायकेला	गोबिंदपुर
सरायकेला	हटिया
सरायकेला	जोरडीहा
सरायकेला	सरायकेला
सरायकेला	मानिकबाजार
नीमडीह	रघुनाथपुर (नीमडीह)

मरीजों को होगा लाभ

जिला चिकित्सालय में आईपीएचएल यानी इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का निर्माण किया जाएगा .मरीजों को जांच की सुविधा मिलेगी. यह लैब मेडिकल की माइक्रोबायोलॉजी लैब की तरह कार्य करेगी, जिला अस्पताल में जो पहले से पैथोलॉजी लैब है. वह पहले की तरह कार्य करती रहेगी. छोटे स्तर पर सीएचसी में भी लैब बनेगी जिसमें ब्लॉक स्तर पर ही जांच होंगी.

ये डांच की सुविधा होगी

आईपीएचएल इंट्रीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब में कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया, स्क्रबटाइफस, एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम, कालाजार, डायरिया, टायफायड, हेपेटाइटिस, संचारी रोगों से जुड़ी जरूरी जांचें, कैंसर, अल्जाइमर, अन्य सभी गैर संचारी रोगों की जांच. अभी इनमें से अधिकांश जांचें मेडिकल कॉलेज में होती हैं.

धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का 32 वां द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

मुरारी अध्यक्ष व उमेश महामंत्री बने

संवाददाता। बाघमारा(धनबाद)

कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसं) का 32 वां द्विवार्षिक एक दिवसीय अधिवेशन सामुदायिक भवन कोयला नगर में सम्पन्न हुआ. जिसमें अध्यक्ष मुरारी तांती, कार्यकारी अध्यक्ष रामधारी, उपाध्यक्ष में शोभा पांडेय, मोहनलाल महतो, मंतोष तिवारी, भौमिक महतो, जवाहरलाल सिंह, अरिंजय श्रीवास्तव, एस.के. मिश्रा महामंत्री उमेश कुमार सिंह, संयुक्त महामंत्री नवनीत सिंह, मंत्री में प्रशांत नियोगी, संजीव सिंह, लालमोहन दास, लोकेश कुमार सिंह, राजलाल यादव, दिलीप कुमार चन्द्रवंसी, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार पान्डेय, सह कोषाध्यक्ष सी. एस. राय, संगठन मंत्री कृष्ण कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री शिवशंकर पान्डेय, कानूनी सलाहकार रामकृष्ण यादव, महिला प्रतिनिधि जय श्रीवारा, उषा झा, सलाखा पाल, विशेष आमंत्रीत सदस्य में ज्ञान राठौर, एवं सभी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव कार्यसमिति के पदेन सदस्य होंगे की घोषणा झारखण्ड प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारी सत्यनारायण सिंह ने किया. इस मौके पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय महामंत्री सुधीर घुरहे महाखदान मजदूर संघ, धर्मदास शुक्ला पूर्वांचल प्रभारी भामसंघ, अशोक मिश्रा संगठन मंत्री अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ, ब्रजेश कुमार प्रदेश संगठन मंत्री झारखण्ड प्रदेश, बलदेव महतो जिला अध्यक्ष भामसंध, धर्मजिला चौधरी मंत्री भामसंघ धनबाद, मुबारक हुसैन, माधव सिंह, प्रभात कुमार, प्रवीण झा, रमेश कुमार चौवे, वेल मुरूगण, जयदेव महतो, मनोज साव, दयानन्द पासवान, सुभाष सिंह, रीता कुमारी, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ क्षेत्र एवं शाखा के कार्यकर्ता उपस्थित थे.

आचार संहिता उल्लंघन मामले में मिथिलेश बरी

मेदिनीनगर । बुधवार को व्यवहार न्यायालय पलामू के स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर हाजिर हुए. एमपी-एमएलए के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को बरी कर दिया. बता दे कि उन्होंने पहले भी कोर्ट में पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया था.कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनते हुए पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर को बरी कर दिया. साल 2014 में गढ़वा के चनिया में हुए विस चुनाव में नारेबाजी करने को लेकर मिथिलेश ठाकुर के खिलाफ मेराल थाना में आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था.

वरिष्ठ नागरिक समिति ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

संवाददाता। जमशेदपुर

वरिष्ठ नागरिक समिति ने बुधवार को सीतारामडेरा के छायानगर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया.अभियान का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने किया.इसमें पुलिस के साथ-साथ समाज के प्रबुद्ध लोग शामिल थे.सभी ने लोगों से नशे की आदतों का त्याग करने की अपील की.नशा करने से होने वाले नुकसान के बारे में युवकों और उनके परिजनों को समझाया गया. नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर नजर रखने और उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने की सलाह दी गई.इस मौके पर पूर्वी घोष, झरना पाल, एसपी शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद थे. शिवपूजन सिंह ने बताया कि जयादातर घटनाएं नशा के कारण ही होती है. इसलिए नशे से दूर रहना बेहद ही जरूरी है. इस अभियान के माध्यम से सभी को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है.

ग्रामीणों का आरोप, सेविका चयन में अनियमितता हुई है

संवाददाता। हुसैनाबाद, पलामू

कठौंधा कला के दर्जनों अल्पसंख्यकों ने मंत्री और पलामू उपायुक्त को पत्र लिख कर आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनियमितता का आरोप लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि कठौंधा कला गांव पिछड़ी जाति अल्पसंख्यक बहुल गांव है. गांव में लगभग सत्तर फीसदी पिछड़ी जाति अल्पसंख्यकों की आबादी है. इस आधार पर अल्पसंख्यक समुदाय की महिला को प्राथमिकता के आधार पर चयन करना चाहिए था. 25 नवंबर को आंगनबाड़ी सेविका चयन के लिए राजकीय उत्कर्मित मध्य विद्यालय कठौंधा कला में आम सभा रखी गई थी.

डीसी से मामले की जांच कराने की मांग : कठौंधा कला को दो पोषक क्षेत्र में बांटा गया है. आंगनबाड़ी केन्द्र पोषक क्षेत्र एक में आता है. बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी हुसैनाबाद समेत चयन समिति ने उपस्थित सभी से आवेदन पत्र जमा कराया. रेशमा खातून, पति-इरशाद आलम उम्र 30 वर्ष योग्यता बीए, मजरेहा खातून,पति इरफान अली उम्र 27 वर्ष योग्यता बीए, दुर्गा देवी, पति सुधीर शर्मा, मनोरमा देवी. पति रंजीत सिंह और सिकू सिंह, पति मनीष कुमार सिंह का आवेदन लिया गया.

पुन: आम सभा कर चयन कराने की मांग

चयन समिति के अध्यक्ष सह अंचल पदाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि आंगनबाड़ी सेविका का पद सामान्य जाति के लिए है. इसलिए सिंकू सिंह, पति मनीष कुमार सिंह को सेविका के पद पर चयन कर लिया गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि अल्पसंख्यक बाहुल्य गांव में सामान्य जाति की महिला का चयन किया जाना उचित नहीं है.

डीवीसी मैथन अस्पताल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

मैथन। डीवीसी मैथन के बीपी नियोगी अस्पताल में बुधवार को मिशन हॉस्पिटल दुर्गापुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में जेनेरल मेडिसिन, अर्थो, नेत्र एवं महिला प्रसूति रोग के विशेषज्ञों द्वारा 211 मरीजों की जांच की. कार्यक्रम का उदघाटन अस्पताल के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस नंदी,डॉ. अरित्रा रॉय,डॉ. सौमली कुंडु ने दीप प्रज्वलित कर किया.मौके पर डॉ. नंदी ने कहा कि दरअसल कैंप का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है.इसी उद्देश्य के तहत अस्पताल की ओर से कैंप का आयोजन समय समय पर किया जाता रहा है.मौके पर मिशन हॉस्पिटल के पैरा मेडिकल स्टाफ, अनिर्बन, दिलीप समुई, राज शेखर सरकार, सुशांता माइति, सांतनू बनर्जी, रश्मिता दत्ता एवं देवज्योती गोस्वामी सहित मेट्रोन एमिली जोश, प्रतिमा चक्रवर्ती ,ग् प्राणमिता चंद्रा, अनन्तो महतो, महेन्द्र राम, बिट्टू मंडल आदि ने उपस्थित थे.

अवैध खनन केस की जांच के लिए फिर सीबीआई टीम पहुंची साहिबगंज

कई लोगों से हो सकती है पूछताछ

संवाददाता । साहेबगंज

अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआई की टीम एक बार फिर बुधवार को साहेबगंज पहुंची है.साहेबगंज पहुंचते ही सबसे पहले टीम ने अपनी सुरक्षा का इंतजाम किया.जिला पुलिस प्रशासन की ओर से फोर्स की व्यवस्था की गयी.ठीक दस बजे टीम साहिबगंज व्यवहार न्यायालय एडीजे कोर्ट पहुंची.टीम के सदस्य दस मिनट तक जज से मिले,उसके बाद जरूरी दस्तावेज लेकर सर्किट हाउस पहुंचे.

टीम का एक सदस्य पुलिस बल के साथ वाहन से शहर की ओर निकल पड़ा.माना जा रहा है कि वह किसी को नोटिस देने के लिए बाहर गया होगा,क्योंकि इस बार सीबीआई उन पदाधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है,अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह विजय हांसदा की मदद की और अवैध खनन को बढ़ावा दिया.सीबीआई टीम में डीएसपी कृष्णकांत सिंह,सीनियर पीपी प्रियांशु सिंह के साथ दो पदाधिकारी शामिल हैं.

24 नवंबर को भी गई थी टीम : इससे पहले सीबीआई टीम की 24 नवंबर को अवैध खनन मामले की जांच करने साहेबगंज पहुंची थी और दो दिन रहने के बाद सीबीआई की टीम रांची लौट आई. सीबीआई ने बीते 20 नवंबर को नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले प्राथमिकी दर्ज की थी.

ईडी के बाद सीबीआई ने दर्ज किया प्राथमिकी

सीबीआई ने अपने एफआईआर में बरहेट के विधायक प्रतिनिधि और ईडी केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, कारोबारी विष्णु कुमार यादव, पवितर कुमार यादव, साहिबगंज जिला परिषद के उपाध्यक्ष राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत अन्य को आरोपी बनाया है. साहेबगंज जिला के मुफ्फसिल थाना में विजय हांसदा के द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन के साथ-साथ विजय हांसदा के द्वारा साहिबगंज के ही एसटी-एससी थाना में दर्ज केस 6/22 को सीबीआई ने टेकओवर किया है.,

कचरा प्रबंधन यूनिट केंद्र का हुआ भूमिपूजन

जमुआ (गिरिडीह)। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जमुआ प्रखण्ड परिसर स्थित लीची बगान में प्लास्टिक प्रबन्धन यूनिट केंद्र भवन के लिए विधिवत भूमि पूजन कर ले आउट भी किया गया. मौके पर उपस्थित जमुआ के बीडीओ कमलेन्द्र सिन्हा ने कहा सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के कचरे का निबटान के लिए यह केंद्र काफी कारगर होगा.कहा कि प्लास्टिक के कचरे से इस केंद्र से निजात मिल जाएगी. प्रखण्ड स्तर पर दस लाख की लागत से बनने वाली इस इकाई में पंचायतों से आने वाले सूखे प्लास्टिक कचरे से मशीन द्वारा कटिंग कर उससे प्लास्टिक के दाने बनाये जाएंगे.कहा कि यह दाना जूते के सोल एवं अन्य चीजें बनाने में उपयोगी हैं. मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि बैजू यादव, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, जीप सदस्य विजय पांडेय, विजय वर्मा, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य सच्चिदानंद सिंह, पी एच डी के एस डी ओ, प्रखंड समन्वयक अमित वर्मा पंसस मनोज पण्डा, पंसस प्रतिनिधि पंकज यादव हरला के मुखिया उमेश यादव, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

कार्रवाई | चोरी की बिजली जलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए विभाग ने कसी कमर

200 उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभाग ने दर्ज कराया केस

संवाददाता । आदित्यपुर

लाइन डिस्कनेक्ट कर बकाया नहीं देने वाले 200 उपभोक्ताओं के विरुद्ध बिजली विभाग ने सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया है . यह अभियान अभी हर महीने जारी रहेगा. जानकारी देते हुए बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि 2000 उपभोक्ताओं ने अब भी नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं लिया है,जिन्हें नोटिस भेजा जा रहा है.उन्होंने बताया कि विभाग ने बकायेदारों के विरुद्ध हर महीने कार्रवाई करते हुए लाइन डिस्कनेक्ट कर रही है.उनके नोटिस की वजह से ही अब तक 600 उपभोक्ताओं ने बकाया जमा कर नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी लिया है.

जानकारी देते विद्युत कार्यपालक अभियंता

चोरी की बिजली जलाने वाले हो रहे चिह्नित : उन्होंने बताया कि विभाग ऐसे उपभोक्ताओं को भी चिन्हित कर रही है जो लोड भार से ज्यादा बिजली का उपभोग कर रहे हैं.लोड भार से ज्यादा बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित कर विभाग उनके विरुद्ध भी कार्रवाई करेगी.उन्होंने बताया कि जेबीवीएनएल ने लाइन डिस्कनेक्ट कर बकाया नहीं देने वाले 200 उपभोक्ताओं के विरुद्ध सोमवार को सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया है. विभाग ने 3 माह पूर्व ऐसे करीब 2000 उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस भेजा था .

खास बातें

- 2000 उपभोक्ताओं ने नहीं लिया है नो ड्यूज
- 600 उपभोक्ताओं ने बकाया जमा कर लिया है नो ड्यूज

600 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि जमा किया

इस नोटिस के बाद 600 उपभोक्ताओं ने बकाया राशि भुगतान कर नो ड्यूज लिया है लेकिन बाकी उपभोक्ताओं ने इस नोटिस को हल्के में लिया है, जिसके विरुद्ध अब विभाग सख्ती दिखाते हुए सर्टिफिकेट केस दर्ज कराना शुरू कर दिया है. बता दें कि जेबीवीएनएल पुराने बकायेदारों के विरुद्ध अब सर्टिफिकेट केस दर्ज कर उनके विरुद्ध कुर्की जब्ती तक की कार्रवाई का मन बना लिया है. मार्च 2023 में 3500 वैसे पुराने उपभोक्ताओं को लीगल नोटिस जारी किया था .

2000 उनभोक्ताओं को भेजा जा रहा नोटिस

लेकिन अब भी इस नोटिस को हल्के में लेते हुए तकरीबन 2000 पुराने उपभोक्ताओं ने अब भी बाकी राशि जमा नहीं किया है और नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं लिया है. ऐसे उपभोक्ताओं को दूसरी नोटिस रिमाइंडर के तौर पर अप्रैल में भेजी गई थी. जिन्हें अब फाइनल नोटिस दी जा रही है जिसके पश्चात उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज कर उनकी संपत्तियों को कुर्की जब्ती कराकर बकाया वसूलने की कार्रवाई शुरू की जाएगी.

प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं

संवाददाता। चाकुलिया

चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 स्थित सोनाहारा प्राथमिक विद्यालय में नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता से बच्चों को स्वच्छ पेयजल भी नसीब नहीं है. पेयजल के लिए बच्चे स्कूल परिसर में स्थित वर्षों पुराने जर्जर चापाकल के भरोसे हैं. विडंबना है कि विद्यालय परिसर में पाइप लाइन से जलापूर्ति के लिए पाइप का संयोजन दिया गया है. मगर जलापूर्ति नहीं होती है. इस विद्यालय में 22 बच्चे नामांकित हैं. विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गायत्री धल ने बताया कि चापाकल से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकलता है. इस पानी में आयरन भी है. ऐसे में पेयजल के लिए परेशानियां उठानी पड़ती हैं. पाइप लाइन से जलापूर्ति नहीं होती है.

ब्रीफ खबरें

बस ने बाइक सवार को धक्का मारा, घायल

चाकुलिया । चाकुलिया नया बाजार मुख्य सड़क पर बुधवार को रामकृष्ण विवेकानंद इंटरनेशनल इंग्लिश हाई स्कूल की स्कूल बस ने बाइक सवार चाकुलिया के बाजपेई नगर निवासी शिव किशोर तिवारी को साइड से टक्कर मार दिया. इससे शिव किशोर तिवारी सड़क पर गिर पड़े. उनके दाहिना पैर में हल्की चोट आयी है. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बस को घेर लिया. इससे मुख्य सड़क आधा घंटा जाम हो गयी. मौके पर पुलिस पहुंची और जाम को हटाया. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

ट्रैक्टर के धक्के से युवक की हुई मौत

हुसैनाबाद (पलामू) । घोड़बंधा मोड़ के समीप ट्रैक्टर ने एक युवक को चपेट में ले लिया. मौके पर स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि युवक अपने साथी के साथ बाइक से जा रहा था. रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुके थे. उसी क्रम में ट्रैक्टर के ट्राली से झटका लगा और वह सड़क पर ही गिर पड़ा. युवक उंटारी रोड थाना क्षेत्र के सेमरी गांव का था. उसकी पहचान अखिलेश विश्वकर्मा के रूप में हुई है.

गुमटी का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी

जमशेदपुर । आजादनगर थाना अंतर्गत ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित जेसू भवन के पास एक गुमटी का ताला तोड़ चोरी कर ली गई. घटना की जानकारी गुमटी संचालक कपाली निवासी मो अलाउद्दीन को तब हुई जब वे बुधवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान में चोरी हो गई है. इसकी सूचना पुलिस को दी गई. घटना स्थल के पास से ताला तोड़ में प्रयुक्त रॉड भी बरामद किया गया है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई.

छेड़खानी के 3 आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

चांडिल । चौका थाना की पुलिस ने महिला से छेड़खानी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार टुडू ने बताया कि चौका थाना क्षेत्र के सिंगाती निवासी एक महिला से उसी गांव के तीन लोगों ने घर में घुसकर छेड़खानी किया था. जानकारी के अनुसार महिला का पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर में रहता है. घर में अकेली महिला देखकर सिंगाती गांव के बुद्धेश्वर मार्डी, नरेश व सूची ने छेड़खानी किया था.

रांची के कव्वाली गांव में मिला युवक का शव

रांची । नामकुम थाना क्षेत्र के कव्वाली गांव में बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिला. घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख़्त अबतक नहीं हो सकी है. उसके शरीर में भी चोट के निशान नहीं मिले हैं. प्रथम दृष्टया मामला गड्ढे में गिरने से मौत का प्रतीत हो रहा है. फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है.

स्क्रैप लदा ट्रक जब्त, जांच में जुटी है पुलिस

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ थाना पुलिस ने बुधवार को एक लोहा स्क्रैप लोड ट्रक जब्त किया है. ट्रक में लगभग 20 टन स्क्रैप लोड है. जब्त ट्रक बालूमाथ झरीवा टोला स्थित कबाड़ी दुकानदार प्रदीप साव का बताया जा रहा है. थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की ट्रक में अभिजीत प्लांट से चुराए हुए स्क्रैप को झरीवा टोला स्थित कबाड़ी दुकान से तस्करी के उद्देश्य से अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा है. स्क्रैप सहित कागज की जांच-पड़ताल की जा रही है.

अपराधियों ने कर्मी को बंधक बना लूटा डीजल

तेतुलमारी (धनबाद) । बीसीसीएल एरिया 5 की तेतुलमारी कोलियरी में संचालित चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग कंपनी में मंगलवार की देर रात अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर 3 वाहनों से एक हजार लीटर डीजल लूट लिया. लूटपाट से पहले बदमाशों ने कर्मियों के फोन छीन लिए थे और उन्हें फेंक कर चलते बने. चेन्नई राधा आउटसोर्सिंग के प्रबंधक मुत्थू स्वामी ने बताया कि लूटपाट की घटना से परियोजना पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है.

जेजेएमपी का सबसे ज्यादा प्रभाव लातेहार और पलामू के सीमावर्ती इलाकों में है

पुलिस संग घूमनेवाला जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा अब सिरदर्द बना

सौरभ सिंह। रांची

कभी झारखंड पुलिस के जवान और अफसर के साथ घूमने वाला जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा सहित पूरा संगठन ही इन दिनों पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया है. पप्पू लोहरा को पकड़ना या फिर मुठभेड़ में मार गिराना झारखंड पुलिस के लिए चुनौती है. आये दिन जेजेएमपी उग्रवादियों द्वारा हिंसात्मक वारदातां को अंजाम दिया जा रहा है. चाहे वह जेजेएमपी के कमांडरों की आपसी लड़ाई हो या अन्य हिंसक घटना. जेजेएमपी का सबसे ज्यादा प्रभाव

लातेहार और पलामू के सीमावर्ती इलाकों में है.

पहले जिस पप्पू लोहरा के साथ घूमती थी पुलिस, अब उससे ही लड़ना भारी पड़ रहा : पांच साल पहले तक पुलिस के अधिकारी और जवान जिस जेजेएमपी के उग्रवादी के साथ जंगल में घूमा करते थे, अब ऐसा क्या हुआ कि उसी उग्रवादी के साथ पुलिस को मुठभेड़ करनी पड़ रही है. 16 दिसंबर 2018 को जंगल का एक फोटो वायरल हुआ था.जंगल में सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान थे और साथ में जेजेएमपी का उग्रवादी पप्पू लोहरा व सुशील उरांव भी था. एक तथ्य यह भी था कि पप्पू लोहरा पर झारखंड पुलिस ने 15 लाख और सुशील उरांव पर 05 लाख के इनाम की घोषणा कर रखी है. फोटो सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों व सीआरपीएफ के अधिकारियों ने कहा था कि इस तस्वीर की जांच होगी. जांच हुई या नहीं, जांच हुई तो संबंधित पुलिस अधिकारियों व जवानों पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं हो पायी है.

जेजेएमपी संगठन कैसे बना, किसके संरक्षण में बना : जेजेएमपी संगठन कैसे बना और किसके संरक्षण में बना. किसके इशारे पर क्या-क्या काम किया. कई वर्षों तक उसे किसकी इजाजत से कुछ भी करने की छूट मिलती रही. यह सब जांच का विषय है. लेकिन आजतक इसकी जांच नहीं हो पायी है. जेजेएमपी को लेवी के रूप प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये मिलते हैं. इन्हीं रुपयों की लड़ाई में जेजेएमपी को खड़ा करनेवाले टॉप कमांडर संजय यादव, चंचल, विपिन, श्याम सुंदर भुइयां, गणेश लोहरा समेत 40 से अधिक कैडर मारे गए हैं. कुछ दिनों पहले जेजेएमपी को छोड़ कर भागने वाले छोटेलाल यादव की हत्या हो गई थी. सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, जेजेएमपी के पास फिलहाल 20 से अधिक एके 47, एके 56, मोर्टार समेत कई आधुनिक हथियार मौजूद हैं. फिलहाल जेजेएमपी की कमान 15 लाख के इनामी पप्पू लोहरा के पास है.

छोटे-मंझोले हर तरह के व्यापारियों को अपराधियों की तरफ से आ रहे फोन

20 लाख एकमुश्त व 30 हजार महीना दो

- अपराधियों की धमकी से धनबाद के व्यवसाय जगत में दहशत

संवाददाता। रांची

धनबाद जिला के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के चार दर्जन से अधिक कारोबारियों को पिछले तीन दिनों के अंदर रंगदारी के लिए फोन आ चुका है. छोटे-मंझोले से लेकर बड़े स्तर हर तरह के व्यवसायियों को रंगदारी के लिए धनकी दी जा रही है. सभी से 20 लाख रु एकमुश्त और 30 हजार रुपये हर महीने रंगदारी देने की मांग की गई है. नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी गई है. अपराधियों की धमकी से धनबाद के व्यापार जगत में दहशत है. अपराध जगत सहमा हुआ है. हालांकि मामले की मौखिक सूचना पुलिस को देने की बात कही जा रही है, लेकिन थाना प्रभारी इस बात को लेकर सीधे तौर पर इंकार कर रहे हैं. उनका साफ कहना है कि उनके पास इस तरह की कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी है, तो भला किसी के खिलाफ कैसे कोई कार्रवाई करें.

सूत्रों की मानें तो पिछले तीन दिनों में बैंकमोड़ के कई बड़े व छोटे व्यवसायियों के पास अपराधियों के वाट्सअप कॉल आए थे. कॉल करने वाले ने सभी से मोटी रकम रंगदारी मांही है और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है. इस सामूहिक फोन कॉल के बाद पूरे बैंक मोड़ इलाके के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है. अधिकांश व्यवसायी समय से पहले ही अपनी दुकान बंद कर दे र हे हैं. कुछ व्यवसायी तो दुकान भी नहीं आ रहे हैं, जो आ रहे हैं वो छिपते-छिपाते व्यापार कर रहे हैं.

बैंकमोड़ के चार दर्जन से अधिक व्यापारियों को अलग-अलग फोन नंबर से रंगदारी की धमकी

(1) +995577225197
(2) +(236)7065452
(3) +(519)7141597
(4) +(236)5001708
(5) +995577225901
(6) +(289)2723596
(7) +(601)6025506
(8) +(289)724-1764
(9) +(289)272-3596
(10) +(236)600-0518
(11) +(205)8612948
(12) +995599457685
(13) +(343)320-0739
(14)+ (601)602-5506
(15) +(928)975-8891

बताते चलें कि पुलिस ने अब तक इस मामले में 50 से अधिक लोगों को पकड़ा तो जरूर है, लेकिन अपराधियों पर अंकुश नहीं लग सका है. जानकारों की मानें तो इसकी बड़ी वजह ये है कि अपराधियों के गिरोह में अधिकांश लोग धनबाद व आसपास के ही रहने वाले हैं. इनके पकड़े जाने के बाद जमानत से लेकर घर के समस्त खर्च तक उठाने का काम गिरोह की तरफ से कर दिया जाता है. वहीं धनबाद जेल जाने के बाद गिरोह के काफी लोग पहले ही वहां होते हैं, इस कारण भी पकड़े जाने के बाद उनके मनोबल पर कोई फर्क नहीं पड़ता. व्यवसायियों का कहना है कि यदि यहां के अपराधियों को नबाद से दूसरी जेलों भेजे जाएं तो शायद रंगदारी पर कोई असर पड़ सकता है.

दहशत में परिजन

खून के धब्बे

आज से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह करेंगे कृष्णा

धनबाद । धनबाद की गिरती कानून-व्यवस्था के खिलाफ सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता कृष्णा अग्रवाल गुरुवार सुबह 11 बजे से गांधी सेवा सदन, रणधीर वर्मा चौक धनबाद में अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठेंगे . बता दें कि कृष्णा अग्रवाल धनबाद में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं खासकर व्यापारियों से को धमकी देकर रंगदारी मांगे जाने व रंगदारी की रकम नहीं मिलने पर व्यापारियों पर जानलेवा हमला जैसे गंभीर समस्या को लेकर सत्याग्रह पर बैठ रहे हैं. कृष्णा अग्रवाल का कहना है कि धनबाद में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है. विधि-व्यवस्था चौपट हो चुकी है. आश्चर्य है कि जिला-पुलिस प्रशासन भी सबकुछ जानते हुए चुप्पी साधे हुए हैं. कहा कि जब तक धनबाद में कानून व्यवस्था स्थापित न हो जाए और कानून का राज न हो जाए, तब तक वे इसके खिलाफ लड़ते रहेंगे.

कारोबारी गोलीकांड

गोपी खान के पास गए तो पता चला गैंगस्टर ने नहीं मांगी है रंगदारी

धनबाद । जमीन कारोबारी कृष्णा मंडल से अगस्त महीने में रंगदारी मांगी गयी थी. रंगदारी के लिए धमकी दी गई थी. उन्होंने तत्काल गोविंदपुर थाने में जाकर मामले की लिखित शिकायत की थी. इसके बाद उन्होंने अपने घर को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी से लैस कर दिया था. कहीं आने-जाने को लेकर भी पूरी तरह से सचेत हो गए थे. लेकिन अपराधी उन पर घात लगाए थे.

कृष्णा के पिता अजीत मंडल पुलिस की निष्क्रियता को लेकर दुखी हैं और गुस्से में भी हैं. उन्होंने बताया कि पुलिस पर वैसे भी भरोसा नहीं है. यदि पुलिस मेरे बेटे की शिकायत को थोड़ी भी गंभीरता से लेती, तो शायद आज बेटा जख्मी नहीं होता. आगे उन्होंने चौंका दिया, कहा कि उनके बेटे के मोबाइल पर एक ही दिन में तीन बार रंगदारी के लिए फोन आया. साथ ही कृष्णा के जानकार मो. रज्जाक के पास भी उसी दिन वैसा ही कॉल आया था. रज्जाक भी जमीन कारोबारी है. फोन करने वाले ने गोपी खान का नाम लेकर दस लाख रुपये मांगे थे. तब दोनों मिलकर गोपी से मिलने वासेपुर गए थे, वासेपुर में पता चला कि ये रंगदारी गोपी या प्रिंस खान की तरफ नहीं मांगी गई है. इसके बाद वे बिना कुछ दिए-लिए ही वापस लौट आए.

गोलीबारी के बाद पुलिस ने खुद बंद कर दी कृष्णा की दुकान : कृष्णा मंडल की दुकान के बाहर खून के धब्बे बिखरे पड़े थे. साथ ही वहां पर कृष्णा की चप्पल भी थी.. वारदात के बाद से उनकी दुकान भी खुली ही थी, जिसे पुलिस ने जाकर खुद बंद कर दिया था. आसपास के लोग वारदात की खबर उनकी दुकान के पास और अस्पताल पहुंचे. गोलीकांड को लेकर व्यवसायियों में गुस्सा है.व्यवसायियों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता की वजह से अपराधियों का मनोबल बढ़ी हुआ है. पुलिस सबकुछ जानते हुए भी अनजान बनी रहती है.

आओ जानें

2022 में पूरे देश में कितनी आत्महत्या

बिहार	827	ओडिशा	5651
सिक्किम	268	त्रिपुरा	771
असम	3262	महाराष्ट्र	22207
अरुणाचल प्रदेश	160	तेलंगाना	10171
गुजरात	8789	गोवा	321
मध्यप्रदेश	14965	कर्नाटक	13056
झारखंड	1825	आंध्रप्रदेश	8067
पश्चिम बंगाल	13500	केरल	9549
मेघालय	226	तमिलनाडु	18925
नगालैंड :	43	लद्दाख	11
मणिपुर	49	जम्मू कश्मीर	247
मिजोरम	99	हिमाचल प्रदेश	889
छत्तीसगढ़	7828	पंजाब	2600

ससुराल में रह रहे दामाद की गला रेत कर दी हत्या

गांडेय थाना क्षेत्र के महजोरी गांव की घटना

संवाददाता । गांडेय (गिरिडीह)

गांडेय थाना क्षेत्र के महजोरी गांव में एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान भीम पुजहर (40) के रूप में हुई है. वह बिहार के जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र के रगमटिया गांव का रहने वाला था. वह अपनी ससुराल गांडेय थाना क्षेत्र चपरा में रहता था. बुधवार की सुबह ससुराल के बगल गांव महजोरी के टांड़ में उसका शव पाया गया. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है.

मिली जानकारी के अनुसार, भीम पुजहर चपरा स्थित अपनी ससुराल में पत्नी मालती देवी व पांच बच्चों के साथ रहता था. वह चरवाहा का काम कर परिवार चलाता था. उसकी पत्नी ने बताया कि पति मंगलवार की दोपहर 12 बजे दुकान से सामान लाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे. बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव से सटे महजोरी गांव के मैदान में शव देखकर सूचना दी. उसने बताया कि पति आए दिन ताड़ी-शराब पीकर कभी देर शाम, तो कभी देर रात घर लौटता था. घटना की सूचना पर प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक घटनास्थल पहुंचे. वहीं, गांडेय के इंस्पेक्टर कमाल खान, थाना प्रभारी साकेत प्रताप देव दल-बल के साथ पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी. थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है.

शिवलीबाड़ी में घर में लगी आग, 8 लाख की संपत्ति राख

संवाददाता । मैथन

कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी अंसार मुहल्ला स्थित अब्दुल इस्लाम के घर में बुधवार की सुबह करीब 11 बजे भीषण आग लग गई. जब तक घर वाले कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया. घर में रखे टीवी, एसी, सोफा, पलंग, वाशिंग मशीन सहित कई अन्य सामान जलकर खाक हो गए. बताया जाता है कि इस अगलगी में गृहस्वामी को 8 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई है. गनीमत थी कि आसपास के घर आग की चपेट में नहीं आए, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था. सूचना मिलते ही डीवीसी मैथन अग्निशमन विभाग,

बिजली विभाग की टीम व कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंची. बिजली काटकर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. घटना के समय कमरे में कोई नहीं था.

लिव-इन में रह रहे युवक की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

जमशेदपुर । बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धतकीडीह बी-ब्लॉक गोदाम एरिया निवासी मोहम्मद नसीम (22) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बुधवार सुबह नसीम का शव उसके घर में पलंग पर मिला. उसके गले में दुपट्टा लपेटा हुआ था. सूचना मिलने पर पुलिस और नसीम के माता-पिता मौके पर पहुंचे. परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई. नसीम के पिता मो अफसर अली और मां शहनाज खातून ने आरोप लगाया कि महिला अपने पूर्व पति की भी हत्या कर चुकी है. अब उसके बेटे को भी मौत के घाट उतार दिया है. पिछले कई दिनों से दोनों के बीच मारपीट हो रही थी. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा. बताया जाता है कि मोहम्मद नसीम अपने से उम्र में 12-15 साल बड़ी महिला के साथ पिछले दो सालों से लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था. महिला की पहले पति की पूर्व में मौत हो चुकी है. उसके पांच बच्चे भी हैं.

सड़क दुर्घटना में सगे भाइयों की मौत, सड़क जाम की गई

संवाददाता । पलामू

मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर रजवाडीह पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास बुधवार को सड़क दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई. दोनों बाइक पर सवार थे. उन्हें एक ट्रक ने रौंद दिया. एक का व्यक्ति का शव रजवाडीह में पड़ा रहा जबकि ट्रक दूसरे व्यक्ति को घटनास्थल से घसीटते हुए कुछ दूर जमुने तक ले गया. सूचना मिलने ही सदर थाना पुलिस ने ट्रक को जब्त और चालक को कब्जे में ले लिया है.

मृतकों की पहचान तरहसी थाना क्षेत्र के धनगाई निवासी संजू गिरी और रविंद्र गिरी के रूप में हुई है. दोनों सगे भाई थे. एक स्टांप वेंडर और दूसरा ताईद का काम करते थे. दोनों भाई एक बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर कचहरी आ रहे थे. सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क पर जाम लगा दिया और मुआवजे की मांग करने लगे. थाना प्रभारी गौतम कुमार भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर जाम हटवाया.

सेवानिवृत्त से उचक्कों ने उड़ाए 50 हजार रुपये

चक्रधरपुर । चक्रधरपुर के भारतीय स्टेट बैंक से पैसा निकासी कर घर जा रहे सेवानिवृत रेलकर्मी का थैला

काटकर उच्चकों ने पचास हजार रुपये लेकर फरार हो गए. बताया जाता है कि सेवानिवृत रेलवे के गार्ड असीम कुमार चौधरी बुधवार को चक्रधरपुर के भारतीय स्टेट बैंक से पैसे की निकासी करने के लिए अपनी पत्नी के साथ आये थे. बैंक से पचास हजार रुपये निकासी करने के बाद वे एक थैली में पैसों को रखकर बैंक से बाहर निकले. जब असीम की नजर थैले पर पड़ी तो देखा कि थैला कटा हुआ है. साथ ही थैले से पचास हजार रुपये भी गायब थे. इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना एसबीआई चक्रधरपुर शाखा के प्रबंधक को जाकर दी. इस पर बैंक प्रबंधक ने थाने में मामला दर्ज कराने की बात कहीं. इसके बाद भुक्तभोगी ने थाने में मामले की जानकारी दी. घटना के बाद चक्रधरपुर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई.

सड़क हादसे में घायल हार्डकोक भट्ठा कर्मी की रिम्स में मौत

- ग्रामीणों ने भट्ठा का गेट जाम किया, 7 .5 लाख रुपए मुआवजा पर सहमति

संवाददाता । गोविंदपुर (धनबाद)

गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर नेरो मोड़ के पास रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में प्रदीप हार्ड कोकभट्ठा कर्मी बापी मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया था. रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना के इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल बापी मंडल को अस्पताल भिजवाया था, जहां से उसे रिम्स रेफर किया गया था. उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी. गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह प्रदीप हार्डकोक भट्ठा के गेट बापी का शव रख कर जाम कर दिया. बाद में झामुमो नेता धरनीधर मंडल, खतियानी नेता जयराम महतो व कुश महतो, कांग्रेस के मोइन अंसारी, टिंकू अंसारी की प्रबंधक गोविंद अग्रवाल के समझौता हुई. पीड़ित परिवार को 7.5 लाख रुपए मुआवजा देने के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ. प्रबंधन की ओर से परिवार को तत्काल 1.75 लाख रुपए नकद भुगतान भी कर दिया गया. शेष राशि दो माह के भीतर देने पर सहमति बनी.

ड्यूटी खत्म कर घर जा रहे रेलकर्मी की सड़क हादसे में मौत

जमशेदपुर । ओडिशा के विमलगढ़ निवासी और रेलवे में गार्ड के पद पर तैनात 49 वर्षीय सुरेश कुमार बोदरा की मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. घटना चांदीपोष स्टेशन के निकट हाईवे पर रात 8:30 बजे हुई. दुर्घटना के समय वह राउरकेला से ड्यूटी खत्म कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

बेरमो: चंदन मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने चौथी बार चोरी की

बेरमो । चंदन मोबाइल दुकान से अज्ञात चोरों ने की चौथी बार चोरीबेरमो . आईईएल थाना क्षेत्र के आईईएल शॉपिंग मार्केट में चंदन मोबाइल दुकान से मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने करीब एक लाख रुपये से अधिक मूल्य के समान की चोरी कर ली. इसके पहले भी इस दुकान में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है. मोबाइल दुकानदार चंदन ने बताया कि मंगलवार को रात 9 बजे दुकान बंद कर घर चला गया. बुधवार की सुबह 9 बजे जब दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो देखा कि दुकान के छत पर लगी एस्बेस्टस सीट टूटा हुआ है. जब शटर खोलकर अंदर गया तो दुकान में रखे स्पीकर, मिक्सर, आयरन, स्मार्ट वॉच व हेडफोन सहित अन्य सामान गायब था. इस संबंध में उन्होंने बताया कि उसके दुकान में इससे पूर्व तीन बार चोरी हो चुकी है. इसलिए वह रोजाना की कीमती एंड्राइड मोबाइल अपने साथ घर ले जाया करता है. कुछ कम मूल्य के समान दुकान पर ही रखते थे. चौथी बार चोरों ने दुकान में रखे करीब एक लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली.

सफलता | गोड्डा में ताना से परेशान दंपती ने दलघोंटनी से कर गदी थी मनीषा की हत्या

हत्या मामले में दंपती और उसका सहयोगी गिरफ्तार

संवाददाता । गोड्डा

ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के मायाराम कीता गांव में चार दिन पहले मनीषा देवी की हत्या के मामले का उद्भेदन करने का दावा करते हुए पुलिस ने बुधवार को आरोपी दंपती समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, मनीषा देवी की हत्या दो पड़ोसियों के आपसी विवाद में हुई है. ज्ञात हो कि रविवार की सुबह गांव के तालाब से मनीषा देवी का शव बरामद किया गया था. युवती के हाथ-पैर बंधे हुए थे. पुलिस ने मृतका की मां किरण देवी के बयान पर अज्ञात के खिलाफ ठाकुरगंगटी थाना में हत्या का मामला दर्ज किया था.

जांच के क्रम में पुलिस ने मिले

सूत्र के आधार पर पड़ोसी छोटू मंडल और उसकी पत्नी प्रियंका कुमारी से पूछताछ की. इसमें यह जानकारी मिली कि पूर्व में छोटू मंडल की बेटी नवजात बेटी की मौत हो गई थी, जिसको लेकर मनीषा देवी बराबर छोटू मंडल की पत्नी को ताना देती थी.

इधर, छोटू मंडल को पुत्र होने के बाद मनीषा देवी अक्सर कहती थी कि जिस प्रकार तुम्हारी बेटी मरी है उसी प्रकार बेटा भी मर जाएगा. इस बात से छोटू मंडल और उसकी पत्नी काफी परेशान रहते थे. उन्होंने स्वीकार किया कि तंग आकर उनलोगों ने मनीषा को ठिकाने लगाने का निर्णय लिया. घटना की रात लोहे की दलघोटनी से उसकी गला दबाकर हत्या कर दोनों हाथ-पैर रस्सी से बांधकर पोखर में फेंक दिया. इसमें एक अन्य सहयोगी साहेबराम बासकी का भी नाम आया. इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया.

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दलघोटनी और मृतका का मोबाइल फोन पोखर से बरामद कर लिया. पुलिस की जांच टीम में ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी रफीक आलम, मेहरमा थाना प्रभारी सुनील गौड़, बलबड्डा थाना प्रभारी गिरधर गोपाल, बोआरीजोर थाना प्रभारी तपन कुमार पाणिग्रही सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

गिरिडीह में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

गिरिडीह । गिरिडीह जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है. मंगलवार देर रात नक्सलियों ने जिले के कई इलाकों में पोस्टर चिपकाए हैं. इसकी जानकारी बुधवार की सुबह लोगों को हुई. जिले के पीरटांड़, हरलाडीह और चिरकी में बुधवार सुबह नक्सलियों के पोस्टर देख लोग सहम गये. बता दें कि नक्सलियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद बुलाया है. इससे तीन सप्ताह पहले ही नक्सलियों ने इलाके में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से पोस्टरबाजी की है.

पूर्व बीसीसीएल कर्मी के घर से चार लाख की संपत्ति चोरी

संवाददाता । सिंदरी

सिंदरी के गौशाला बाजार स्थित पूर्व बीसीसीएल कर्मी जामिनी मोहन मुखर्जी के बंद आवास का ताला तोड़कर चोरों ने 25 हजार रुपए नकद सहित चार लाख रुपए की संपत्ति की चोरी कर ली. सूचना पर पहुंची गोशाला ओपी पुलिस ने जांच-पड़ताल की. जामिनी मोहन मुखर्जी ने बताया कि 25 नवंबर को वह सपरिवार अपने भाई की बीमार सास को देखने के लिए पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा गए थे. बुधवार की सुबह घर लौटने पर पाया कि मुख्य दरवाजे ताला टूटा हुआ है और अंदर कमरों में सामान बिखरा पड़ा है. चोरों ने सभी कमरों का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया. घर में रखे चार आलमारियों का लॉकर तोड़कर नकदी सहित मेडल और पुराने गहनों की चोरी कर फरार हो गए. उन्होंने बताया कि घर से लगभग चार लाख रुपए के सामान की चोरी हुई है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष समय अनुकूल है. पराक्रम में वृद्धि होगी. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. लाभ में वृद्धि होगी. जोखिम व ज़मानत के कार्य टालें. समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा. किसी का दिल दुख सकता है.

वृषभ धन का आगमन होगा. क्रोध पर नियंत्रण रखें. धन का आगमन होगा. मान-सम्मान मिलेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. व्यापार लाभदायक रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. नेत्र रोग से बचें. किसी अनाथालय में अन्न का दान करें.

मिथुन दिल दिमाग में कुछ ग़लत भावना भी उत्पन्न होगी. व्यापार लाभदायक रहेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा. मानसिक बेचैनी रहेगी. सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा.

कर्क बेकार का खर्च अधिक होगा. यात्रा का भी मन बनेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

सिंह आय का साधन मिलेगा . साथ ही कोई नया आय का मार्ग मिलेगा. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. प्रसन्नता में वृद्धि होगी.

कन्या कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. विवाद के बढ़ावा न दें. बुरी ख़बर मिल सकती है, धैर्य रखें. किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है. मेहनत अधिक होगी. शनि को खुश करें. काली वस्तु का दान करें.

तुला यात्रा का योग बन रहा है. भोग विलास से दूर रहें. धर्म में मन लगेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं. चिंता तथा तनाव रहेंगे. बेकार की बातों की तरफ ध्यान न दें.

वृश्चिक समय सामान्य है. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं. परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

धनु जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का योग है. कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. गुरु मंत्र का जाप करें.

मकर आय में वृद्धि होगी. लाभ में वृद्धि होगी. कारोबार में वृद्धि होगी. शेयर मार्केट से लाभ होगा. आपके व्यवहार से व्यापार ठीक चलेगा. आपकी मेधाविता से नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें.

कुंभ संतान को लाभ होगा. कार्य और व्यापार लाभदायक रहेगा. कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है. नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं. कार्यसिद्धि होगी. कोई अच्छा कार्य होगा, जिससे प्रसन्नता में वृद्धि होगी. मान-सम्मान मिलेगा.

मीन किसी महिला से विवाद हो सकता है. यात्रा लाभदायक रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा. समय अनुकूल है. किया गया कार्य का लाभ मिलेगा. माता का सेवा करें.

संन्यास आश्रम में सत्संग कल से

रांची। श्रीअद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम, परमपुरी में तीन दिनी परम ज्ञान सत्संग एक दिसंबर से शुरू होगा. इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है. नगेंद्र सिंह और डीके सिंह ने बताया कि मेकन इस्पात क्लब में शनिवार तक नित्य शाम छह से आठ बजे तक भजन-कीर्तन और प्रवचन के कार्यक्रम होंगे. अंतिम दिन रविवार को मेकन नर्सरी में सुबह नौ से दिन के एक बजे तक सत्संग चलेगा. महामंडलेश्वर निर्भयानंदपुरी, निर्मला बहन उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे. आश्रम के विभिन्न केंद्रों से आये अन्य संन्यासी भी ज्ञानामृत की वर्षा करेंगे. नगेंद्र सिंह ने बताया कि सत्संग का आयोजन 40 सालों से लगातार दीपावली समारोह के रूप में किया जा रहा है. उन्होंने अनुयायियों और श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है.

बच्चे को कृत्रिम पैर उपलब्ध कराया

रांची। मारवाड़ी युवा मंच की महिला समर्पण शाखा ने बुधवार के तत्वावधान में बच्चे को कृत्रिम पैर दिया गया. शाखा की सदस्य ममता बिवानिया को यह सूचना मिली की एक दिव्यांग जो पॉलियोग्रसित हैं, उन्हें व्हीलचेयर दिलाने की बात रखी गई थी. मारवाड़ी संस्था उनसे मिली तो पता चला कि उन्हें व्हीलचेयर से ज्यादा कृत्रिम पैर की आवश्यकता है. इसपर जल्द से जल्द काम करते हुए बच्चे को डॉक्टर से मिलवा कर इलाज कराया गया. बुधवार को बच्चे को कृत्रिम पैर लगवा दिया गया है. बच्चे की मां ने संस्था को दिल से धन्यवाद दिया . आज उनका बच्चा अपने पैरो पर चल पा रहा है. यह जानकारी सरिता बथवाल ने दी.

प्रोफेसर की बर्खास्तगी की मांग को लेकर प्राचार्य का घेराव

संवाददाता। रांची

यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के प्रदेश अध्यक्ष व एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में डोरंडा कॉलेज की शिक्षिका से दुर्व्यवहार के आरोपी ओम प्रकाश को बर्खास्त करने की मांग को लेकर डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य का घेराव किया गया. इंद्रजीत ने कहा कि ओमप्रकाश कॉलेज के शिक्षक, गार्ड और कर्मचारियों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार करते हैं. लिखित कंप्लेन के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई. महासचिव अब्दुल राबनवाज ने कहा कि कॉलेज की शिक्षिका डॉ. दीपिका टोप्पो के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया. कॉलेज में लिखित शिकायत और डोरंडा थाने में एफआईआर भी किया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई.

24 घंटे का अल्टीमेटम

मौके पर इंदरजीत सिंह ने कहा कि अगर 24 घंटे में शिक्षक के ऊपर कार्रवाई नहीं की जाती है तो अगले दिन से कॉलेज में बेमियादी धरना दिया जाएगा . मौके पर यूथ कांग्रेस आउटरीच के झारखंड प्रभारी आशुतोष सामंत्रय, अब्दुल राबनवाज, ऋषभ सिंह, कैश आलम, एहतेशाम अहमद, रवि, रोहित, इबरार अंसारी, विशाल, शादमान खान, मोहम्मद कैफ, अयाज़ आलम आदि मौजूद रहे .

संत जेवियर कॉलेज की टीम ने नशामुक्ति का दिया संदेश

रांची। सेंट जेवियर कॉलेज की टीम शक्ति ने बुधवार को मोरहाबादी स्थित ऑक्सीजन पार्क में मद्य मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. इसमें विद्यार्थियों ने लोगों को शारीरिक तंदुरूस्ती की अहमियत के बारे में बताते हुए जागरुकता फैलाई. टीम शक्ति के आकाश मिश्रा व उनकी टीम के अद्भुत कलाकारों ने मिलकर इस नाटक को पेश किया. टीम शक्ति के मीडिया हेड हर्ष वशिष्ठ ने बताया कि टीम का मोटो है एकता में भी शक्ति यह सेंट जेवियर कॉलेज का पहला थिएटर ग्रुप है. इसके माध्यम से बच्चे अपने अंदर की कला को बाहर निकाल रहे हैं.

पुराने विधानसभा सभागार में पासवा का अभिनंदन समारोह

निजी विद्यालय निभा रहे अहम भूमिका : डॉ. उरांव

संवाददाता। रांची

पासवा का आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन पुराना विधानसभा के सभागार में किया गया. मौके पर वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमयाल अहमद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस दौरान मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में निजी विद्यालय नींव की भूमिका निभा रहे हैं. ऐसे में यहां के शिक्षकों को भी सरकार एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए. बता दें कि झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित फलक फातिमा को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के द्वारा राज्य के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित किया गया था.

ये रहे मौजूद : लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश गुप्ता, बिपीन कुमार, नीरज सहाय, संजय प्रसाद, राशिद अंसारी, अमीन अंसारी, विभा सिंह, मिंटू प्रसाद, अमीन अंसारी, आलोक बिपीन टोप्पो, मुजाहिद्दीन इस्लाम, कैलाश कुमार, अभिषेक साहू, संजीत यादव, मेघाली सेन गुप्ता, मनोज कुमार भट्ट, निलोफर वारशी, जेमसा के अध्यक्ष मो.अंसारुल्लाह, महासचिव मो.उस्मान, मसूद कच्छी, मो.अर्श, रमन झा, विद्या गौतम, मनोज झा, ज्ञानेश्वर दयाल, मजीद आलम, अभय कुमार, मो. नेसार अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे.

लोस-विस में निजी विद्यालय की आवाज को उठाने की जरूरत

रामेश्वर उरांव ने कहा कि निजी विद्यालय निश्चित रूप से झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं . सरकार के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है . वहीं पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमयाल अहमद ने कहा कि राष्ट्र के शिक्षण व्यवस्था का आधार निजी विद्यालय हैं . झारखंड में 47000 से अधिक निजी विद्यालय हैं . ऐसे में लोकसभा और विधानसभा में निजी विद्यालय के हित में आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व का मौका मिले .

ब्रिज कोर्स प्रोग्राम के लिए 530 अभ्यर्थी चयनित

रांची। झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से आयोजित ब्रिज कोर्स प्रोग्राम के आठवें बैच के लिए 530 अभ्यथियों को चयनित किया गया है. उन सभी को उनका स्टडी सेंटर भी आवांटित कर दिया गया है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदाधिकारी के रूप में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को छात्रवृति के रूप में दस हजार रुपए का भुगतान उनके स्टडी सेंटर से किया जाएगा. इन सभी चयनित अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम सत्र समाप्ति के बाद इग्नू की ओर से आयोजित ब्रिज कोर्स प्रोग्राम के तहत आयोजित परीक्षा को पास करना होगा. परीक्षा में उतीर्ण होने के बाद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के तौर पर पदस्थापित किया जाएगा. दो बार उतीर्ण होने का मौका दिया जाएगा. अगर उसमें अनुतीर्ण रहें तो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के लिए पात्रता समाप्त हो जाएगी. चयनित सभी अभ्यर्थियों को अपने आवांटित स्टडी सेंटर में पंद्रह दिनों के अंदर नामांकन करा लेने का निर्देश दिया गया है.

शोध में नवाचार है जरूरी : स्वामी

संवाददाता। रांची

कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में एथनो बॉटनी एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी एंड मल्टीडिसीप्लिनरी विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ. दो दिवसीय इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यपाल के शैक्षिक सलाहकार ई बाला गुरुस्वामी और विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा थे. ई बाला स्वामी ने कहा कि शोध में नवाचार पर जोर दिया जाना चाहिए.

नए शोध की पैटर्न से रोजगार उत्पन्न होगा व देश का नाम आगे बढ़ेगा गुमला जैसे सुदूर जिले में इस तरह की कॉन्फ्रेंस का आयोजन निश्चित रूप से शोध क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि 300 से ज्यादा शोध पत्र का प्रकाशन निश्चित रूप से महाविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा ने आयोजन टीम को बधाई दी और कहा कि सिर्फ डिग्री के लिए शोध नहीं हो बल्कि शोध से भी मिले. इस अवसर पर देश-विदेश से 200 से अधिक वैज्ञानिकों ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया. सम्मेलन का विषयवस्तु आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर प्रसन्नजीत मुखर्जी ने रखा. मैसूर से डॉ. पी पांडुरंग मूर्ति और डॉ. पी गिरिधर, लखनऊ से डॉ. मंजूषा श्रीवास्तव और डॉ. अनिल कुमार गोयल, जयपुर से डॉक्टर अमित कोटिया, नागपुर से डॉक्टर तनवीर आफरीन के अलावा गोवा से शैली कविता व विभिन्न विश्वविद्यालय से लगभग 100 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए. श्रीलंका से एनोमा परेरा कनाडा पेट्रोनिला डायस विशेष रूप से शामिल हुई. मौके पर राजभवन के एचडी ओएसडी संजीव कुमार सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि राहुल सिंह, डॉक्टर तेतरू उरांव, शोएब अंसारी, डॉ बीके सिंह, डिंपल कुमारी, चित्रा शर्मा, अजीत कुमार हांसदा और अंकित कुमार की विशेष भूमिका रही.

नोवेना पर्व 8 दिसंबर को नौ दिनों की प्रार्थना शुरू

रांची। पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया गिरजाघर में गुरुवार को नौ दिन की प्रार्थना प्रारंभ की गयी. यह कार्यक्रम माता मरियम के निष्कलंक गर्भागमन पर्व के अवसर पर प्रारंभ किया गया है. नोवेना पर्व विशेष रूप से रोमन कैथोलिक कलीसिया मनाती है. मौके पर प्रार्थना में आध्यात्मिक बात कही जाती है. नोवेना की प्रार्थना में पुरोहित कहता है हे प्रभु, नोवेना के लोग तेरे पवित्र इच्छानुसार अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें. कलीसिया की ओर से निवेदन किया जाता है-हे प्रभु, हमारी माता मरिया द्वारा हमारी प्रार्थना सुन. पुरोहित निवेदन करते हैं-हे प्रभु, नोवेना के सभी मृत सदस्यों को और सभी मृतकों की आत्माओं को अनंन शांति प्रदान करें.

विप्स ने स्कूली छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन वितरित किया

संवाददाता। रांची

वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) सीएमपीडीआई चैप्टर रांची के तत्वावधान में बुधवार को बिरसा उच्च विद्यालय हथिया गोंदा में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने और संबंधित संक्रमणों को रोकने के लिए स्कूली छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया. इसके साथ ही परजीवी कृमि संक्रमण के उपचार और शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्वों को अवशोषित करने में मदद करने आदि के लिए कुल 160 छात्राओं को कृमिनाशक गोलियां भी दी गई. विप्स रांची विभिन्न पहलों के माध्यम से एक स्वस्थ और जागरूक समुदाय को बढ़ावा देने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है. विप्स सीएमपीडीआई चैप्टर रांची की समन्वयक डॉ. शिल्पी स्वरूप, कोषाध्यक्ष स्वप्नाली बसु, सहायक समन्वयक प्रियंका भट्टा, अमिता मेहता, अनामिका, मंता मौजूद रहीं.

प्रो अबुजर उस्मानी को याद किया, बोले डॉ वकील-

उर्दू को बचाने की मुहिम छेड़ें

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय कार्यालय में दिवंगत प्रो अबुजर उसमानी, अध्यक्ष, अंजुमन तरक्की ए उर्दू, झारखंड तथा विभागाध्यक्ष, उर्दू , विनोबा भावे विश्वविद्यालय की याद में बुधवार को शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई. मुख्य अतिथि के रूप में अंजुमन तरक्की ए उर्दू, झारखंड के महासचिव डॉ वकील अहमद रिजवी शामिल हुए. उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दी गई जिम्मेवारी को पूरा करना है, जिसके लिए सभी को मिलकर उर्दू को झारखंड में बचाने की मुहिम छेड़ना होगा.

आखिरी सांस तक उर्दू के लिए ही जिया : अमीन

उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि उर्दू के लिए अपना सबकुछ कुर्बान कर देनेवाला शख्सियत आज हमारे बीच नहीं होकर भी जीवित हैं . वे उर्दू के पूरे इंसाइक्लोपीडिया थे . संघ के केंद्रीय प्रवक्ता शहजाद अनवर ने कहा कि पूरे राज्य में उर्दू के लिए मदरसा से लेकर विद्यालय स्तर तक उर्दू की पढ़ाई में बुनियादी सुविधाओं को पूरा कराने की जरूरत है . मौके पर अब्दुल माजिद खान, नाजिम अशरफ, साबिर अहमद, गुलाम अहमद, शाहिद अनवर, मकसूद जफर हादी आदि मौजूद रहे .

धुर्वा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पांच से

रांची। सेक्टर तीन मार्केट, धुर्वा में पांच दिसंबर से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत कलश शोभायात्रा से होगी. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। अमर आर्या और विकास कुमार ने बताया कि यज्ञ में प्रयागराज से आये मुक्तिनारायण स्वामी, बक्सर के रोहित जी महाराज, अयोध्या के ऋषिकेश जी महाराज और यज्ञाचार्य विष्णुचित स्वामी कथामृत की धारा बहायेंगे. प्रवचन और भजन के माध्यम से कथा प्रसंग का सुंदर चित्रण करेंगे. अमर आर्या ने बताया कि सुबह वेदी-पूजन और हवन आदि अनुष्ठान होंगे. दिन के एक से चार बजे तक संगीतमय रामकथा और शाम पांच से रात आठ बजे तक श्रीमद्भागवत कथा चलेगा. यज्ञ समिति, धुर्वा की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है. 11 दिसंबर को हवन-पुर्णहूति और भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा। समिति के गुड्डू पंडित और ऋशु शुक्ला ने इसमें भाग लेने की अपील की है.

झारखंडी महाजतरा 31 जनवरी को

संवाददाता। रांची

झारखंडी महाजतरा की तैयारी को लेकर अंतु तिर्की की अध्यक्षता में मोरहाबादी मैदान में बैठक हुई. बैठक में रांची के विभिन्न प्रखंड के ग्रामीण व सामाजिक जतरा आयोजक शामिल हुए. झारखंडी महाजतरा में सूबे के (मुड़मा जतरा, देवठान जतरा एवं अन्य) सभी जतरा मोरहाबादी मैदान में आदिवासी परंपरा के तहत साल में एक बार जुटेंगे, जिससे आदिवासी संस्कृति को संरक्षित किया जा सके. जतरा में शामिल होने वाले खोड़हा मंडलियों का समागम मोरहाबादी मैदान में होगा. जतरा के लिए 31 जनवरी 2024 और 1 फरवरी की तारीख तय गयी है.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सामाजिक अगुआगण, संस्कृतिकर्मी, प्रतिभावान युवा व बुद्धिजीवी शामिल होंगे. अंतू तिर्की ने बताया कि इस जतरा को लगाने का उद्देश अदिवासियों की एकजुटता के साथ ही नयी पीढ़ी को संस्कृति से अवगत करना है. झारखंडी महाजतरा बैठक का संचालन रवि मुंडा ने किया.

खास बातें

- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों की खोड़हा मंडलियों का समागम रांची में होगा
- सामाजिक अगुआ, संस्कृतिकर्मी, प्रतिभावान युवा शामिल होंगे

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से अंतू तिर्की, कृष्णाकांत टोप्पो, सूरज टोप्पो पवन तिर्की, अनिल उरांव, महावीर लकड़ा, जगरनाथ तिर्की, हेमलाल मेहता, प्रतीत कच्छप, अर्जुन मुंडा, पार्षद सुजाता कच्छप, ज्योत्सना केरकेट्टा रितेश उरांव, बिरसा पाहन, नरेश पाहन, अमित मुंडा, अभय भूटकुंवर, शिवा कच्छप आदि शामिल हुए .

मौलाना आजाद बैडमिंटन 80 वर्ष के बुजुर्ग खेल रहे 12 वर्ष के बच्चों के साथ

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की मुहिम

संवाददाता। रांची

मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन मेन रोड चर्च कांप्लेक्स में हो रहा है. आयोजन पिछले चार वर्षों से हो रहा है. इसमें 80 वर्ष के बुजुर्गों के साथ 12 वर्ष के बच्चे भी भाग ले रहे हैं. आयोजन समिति के अध्यक्ष अकिलुर्रहमान ने बताया कि ग्रुप का मकसद है कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें. जॉगिंग, व्यायाम व सुबह-सुबह खेल की आदत से बच्चे तो बच्चे-बुजुर्ग भी शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहते हैं.

सुबह 6 से 9 होता है मैच : मैच सुबह 6 बजे से 9 बजे तक होता है. बच्चे व बुजुर्ग दोनों की चयनित टीमों का आयोजन हो रहा है. 10 दिसंबर को मौलाना आजाद बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला होगा. विजेता को ट्रॉफी मिलेगी.

कमेटी के पदधारी : चयनित कमेटी मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक जय प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष अकिलुर्रहमान, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सचिव हाजी हलीमुद्दीन, समाजसेवी विजय साहु, सरफराज अहमद, हाजी साहेब अली, हाजी शमी आजाद, अनवर हुसैन, सरपरस्त अनवर हुसैनसंयुक्त सचिव मो इकबाल, नफीस अख्तर, प्रव्कता सैयदनेहाल अहमद, ट्रेजरर हसन सैफी प्रिंस समेत 44 लोग हैं.

बुजुर्ग खिलाड़ी : इसमें 70 से 80 वर्ष के बुजुर्गों में एकराम कुरैशी, जय प्रकाश गुप्ता, हाजी हलीम, शमी आजाद, नेजाम अली, मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी समेत अन्य शामिल हैं.

खास बातें

- चर्च कांप्लेक्स, मेन रोड में हो रहा टूर्नामेंट का आयोजन
- 10 दिसंबर को टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा

अंजुमन इस्लामिया ने की कोचिंग की व्यवस्था

रांची। अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मोख्तार अहमद ने बताया कि मौलाना आजाद स्टडी सेंटर अंजुमन प्लाजा रहमानिया मुसाफिर खाना मेन रोड में आईआईटी, नीट एवं क्लैट के लिये 40-40 अभ्यार्थियों के लिये सुपर 40 के तहत कोचिंग की व्यवस्था उपलब्ध है. इसके लिये टायलेंट सर्च कार्यक्रम के तहत फार्म जारी किया जा रहा है. इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि अंजुमन इस्लामिया के संटडी सेंटर से फार्म प्राप्त कर कार्यालय में जल्द जमा कर दें. अध्यक्ष ने बताया कि नेशनल मैथेमैटिक्स डे 22 दिसंबर के मौके पर अंजुमन मैथ्स ओएलवाईएमपीआईएडी 2023 का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्र भाग ले सकते हैं. फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर है.

श्रीमद्भागवत गीता सत्संग समारोह आज से

संवाददाता। रांची

लक्ष्मी नगर, पिस्का मोड़ में गुरुवार से श्रीमद्भागवत गीता सत्संग समारोह शुरू होगा. इस मौके श्रद्धालुओं संग कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी. बाद में श्रद्धालुओं द्वारा लाये गये पवित्र जल से समारोह स्थल की शुद्धि की जायेगी. फिर शाम साढ़े चार से सात बजे तक सत्संग समारोह चलेगा. मुम्बई से आये स्वामी अचिन्त्यचक्र दास जी उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए श्रीमद्भागवत गीता का मर्म समझायेंगे. समारोह चार दिसंबर को संपन्न होगा. इस बीच कथा प्रसंग के क्रम में श्रीकृष्ण जन्म, और भगवान की बाल लीला आदि पर भी चर्चा होगी. गोविंद दास और रामराज्य दास ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के बैनर तले विगत तीन सालों से इसका आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इसके सफल आयोजन में आनंद पाठक, रामरतन शर्मा, जीतू तिर्की, ओमप्रकाश वर्णवाल, पंकज लाल, विनोद कुमार, अनिल अग्रवाल मंटू कुमार, कृष्णा लायक, रंजन अग्रवाल, रामबली शर्मा, आशिष पाठक, हरिशंकर चौधरी, प्रभु भैया, मनोज कुमार, अरूणदेव कुमार, रंजीत कुमार, सोनू कुमार, संदीप शर्मा, सुजीत शर्मा आदि मुख्य योगदान दे रहे हैं.

इधर बुधवार की शाम स्थानीय निवासियों ने कथावाचक अचिन्त्यचक्र दास जी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. मिलने वालों में विनोद चौधरी, शिवकिशोर शर्मा आदि मुख्य थे. बाद में दास जी चटकपुर और आस-पास का भ्रमण कर भक्तों से मुलाकात भी की.

महंगाई लील गई बचत के पैसे

कैसे होगी बच्चों की पढ़ाई, बहन की शादी

हाल के महीनों में खाने-पीने से लेकर हर चीज के दाम बढ़े ◎ साग सब्जियों की कीमतें अब भी आसमान छू रही हैं

मध्यम वर्ग को घर चलाना मुश्किल, पूरे नहीं हो रहे हैं खर्चे, चिंता सता रही कहां से आएंगे पैसे?

हाल के महीनों में खाने-पीने से लेकर हर चीज के दाम बढ़े हैं. जिससे लोगों का बजट प्रभावित होने लगा है. इस मंहगाई से मध्यम वर्ग ज्यादा परेशान है. रोजमर्या की चीजों में तो पैसे खर्च हो ही रहे हैं, महंगाई की वजह से बचत के पैसे भी खर्च हो जा रहे हैं. बचत नहीं होने से उनकी चिंता बढ़ गई है. कई तो ऐसे हैं जिन्हें लग रहा है कि बच्चों की ऊच्च शिक्षा, बहन की शादी, पुराने घर की मरम्मत, बढ़ते परिवार का खर्च कहां से आएगा. चीजों के दाम बढ़ रहे हैं पर उस हिसाब से आय नहीं बढ़ रही है. छोटे परिवार का तो किसी तरह गुजारा हो जा रहा है, पर जिस परिवार में पांच से छह सदस्य हैं और कमाने वाला एक ही है वहां घर चलाने में काफी दिक्कत हो रही है. नौकरी पेशा लोगों को ज्यादा परेशानी है. क्योंकि उनका वेतन तय है. गौर करे तो पिछले पांच- छह महीनों में साग सब्जियों की कीमतें भी काफी बढ़ी है. एक सामान्य परिवार में जहां 50 से 60 रुपऐ में एक दिन की सब्जी आ जाती थी, वहां अब सौ रुपए से अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं. बहुत से ऐसे हैं जिन्होंने हरी सब्जी खाना या तो कम कर दिया है, या छोड़ दिया है. काम धंधा कर परिवार पालने वाले खर्चों को पूरा करने के लिए नया काम भी शुरू कर दिया है. देखा जाए तो बढ़ी महंगाई का प्रभाव समाज के हर वर्ग पर पड़ा है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में इस संबंध में जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट...

जमशेदपुर

बढ़ती महंगाई से बिगड़ा बजट, लोग परेशान: अनिल पाण्डेय

अनिल पाण्डेय अपने परिवार के साथ .

महंगाई की मार से आम से लेकर खास तक परेशान है. एक महीने के अंदर खाने- पीने के सामान के दामों पर भारी उछाल देखने को मिला है. इससे लोगों के जेब पर और बोझ बढ़ गया है. बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. ऐसे में गृहस्थी चलाने में लोगों के पसीने निकल रहे हैं. दैनिक उपयोग में आने वाली चीजों की दामों पर भारी उछाल आ चुका है. महंगाई की चपेट से सबसे ज्यादा मध्यम और निम्न वर्ग पीड़ित है. पेशे से ट्रक चालक अनिल पाण्डेय ने बताया कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि परेशानी बढ़ती जा रही है. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए. एक ओर जहां महंगाई बढ़ रही है वहीं, दूसरी ओर लोगों की आय सीमित है. ऐसे भी घर का बजट बिगड़ रहा है. खाद्य पदार्थों के दामों में लगातार वृद्धि से लोग परेशान हैं. पिछले दो सालों में सरसों तेल, चना की दाल, अरहर दाल, रिफाइन, मूंग दाल समेत अन्य सामग्री के दाम में काफी उछाल आया है. अनिल पाण्डेय की पत्नी रिंकू देवी ने बताया कि बच्चों के स्कूल फीस में भी बढ़ोतरी हो गई है. सभी चीजों में कटौती कर घर चलाना पड़ रहा है. इसी तरह महंगाई बढ़ती रही तो लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा. सब्जी, फल, गैस, खाद्य पदार्थ सभी के दाम आसमान छू रहे हैं. सबसे अधिक परेशानी मध्यमवर्गीय परिवारों को हो रहा है. बीपीएल परिवार को फ्री में अनाज सरकार दे रही है. पर इस वर्ग के लिए कुछ नहीं कर रही है.

आदित्यपुर

महंगाई में बचत नहीं हो रही, बहन की शादी की चिंता : नितेश

नितेश झा .

बढ़ती महंगाई में मिडिल क्लास नौकरीपेशा लोगों को घरबार चलाना मुश्किल हो रहा है. एक छोटी कंपनी में काम करने वाले वास्तु विहार कोलोनी निवासी नीतेश झा बताते हैं कि वे एक डिप्लोमा इंजीनियर हैं, उन्हें जो वेतन मिलता है उससे घर चलाना मुश्किल हो रहा है. ये बताते हैं कि उनके परिवार में माता पिता, एक बहन, एक छोटा भाई और पत्नी है. जिसका लालन पालन का जिम्मा उनके कंधे पर है. इधर साल-दो साल में जिस कदर सब्जी, आटा, चावल, दाल, तेल, बच्चों की स्कूल फीस, पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ी है उससे घर चलाना मुश्किल हो रहा है. उसे बहन की शादी भी करनी है. जिसके लिए बचत नहीं कर पा रहा हूं. ऐसे में बाप दादों की कुछ जमीन गांव में पड़ी है जिसे बेचने की सोच रहा हूं. महंगाई के कारण बच्चों की डिमांड पूरी करने में दिक्कतें आ रही है. पर्व त्योहार में खरीददारी मुश्किल हो रही है. किराए के मकान में रहता हूं. हर महीने किराए के साथ बिजली बिल भरना पड़ता है, जो भारी पड़ रहा है. समाज में अपना स्टेटस भी मेन्टेन करना पड़ता है ताकि उससे कोई मुख न मोड़ ले.

चांडिल

कीमतें बढ़ीं, घर चलाना मुश्किल : सत्यनारायण

सत्यनारायण आदित्यदेव का परिवार.

बैंक में नौकारी करने वाले चांडिल प्रखंड के चिलगु निवासी सत्यनारायण आदित्यदेव ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से खाद्य सामग्रियों के साथ जरूरत के हर सामान के दाम बेतहाशा बढ़े हैं. कीमते बढ़ने के कारण परिवार का बजट बिगड़ गया है. अब घर चलाना मुश्किल हो रहा है. परिवार के भविष्य के लिए किए जा रहे बचत पर इसका असर पड़ा है. उन्होंने कहा कि कई ऐसे काम थे जिसे हाल ही में पूरा करना था, लेकिन अब मंहगाई के कारण उसे रोक देना पड़ा है. अब जब परिवार की आर्थिक स्थित में सुधार होगी तब जरूरत के काम पूरे किए जाएंगे. अब तो बच्चों की जरूरतें भी पूरी करने में दिक्कतें आ रहीं हैं.

महंगाई के हिसाब से आय नहीं बढ़ी

सत्यनारायण आदित्यदेव ने कहा कि जिस हिसाब से मंहगाई बढ़ रही है उसके मुताबिक आय में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है. साग सब्जियों के साथ राशन भी महंगा हो गया है, पेट्रोल-डीजल , कपड़े , बच्चों की स्कूल फीस, बिजली बिल इन सारी चीजों की बढ़ी कीमतों ने लोगों की कमर ही तोड़ दी है. बढ़ती मंहगाई के कारण लोग अब पर्व त्योहारों में भी सोच समझकर खरीददारी कर रहे हैं. सरकार को मिडिल क्लास लोगों के बारे में भी सोचना चाहिए. परिवार के लोग साल में एक बार कहीं घुमने जाते थे, मंहगाई बढ़ने के कारण इस बारे में अब सोचते भी नहीं है. सबसे बड़ी बात है कि अब रिस्तेदारों के घर में आना-जाना कम हो गया है.

किरीबुरू

चीजों के दामों में बढ़ोतरी से सभी परेशान : गुड्डू

गुड्डू अपने घर में परिवार व बच्चों के साथ.

सेल में बतौर ठेका श्रमिक निर्मल गौडविन कन्डुलना उर्फ गुड्डू ने बताया कि राशन, सब्जी सहित अन्य तमाम चीजों के दामों में हुई बढ़ोतरी ने सभी को परेशान कर दिया है. उन्होने कहा कि हमारी आय 10 से 14 हजार के बीच है. इसमें दो बच्चे केन्द्रीय विद्यालय में, एक बच्चा प्रोजेक्ट सेट्रल स्कूल में तथा एक नर्सरी स्कूल में है. बच्चों की स्कूल एवं ट्यूशन फीस प्रतिमाह दो हजार रुपये, राशन खर्च करीब 6 से 7 हजार रूपये, सब्जी खर्च लगभग तीन हजार रूपये, मोबाइल, केबल टीवी, पेट्रोल, रसोई गैस, दवा, बच्चों की किताब-ड्रेस, परिवार के कपड़े, जूते, चप्पल, रिश्तेदारों के यहां शादी या अन्य कार्यक्रम में आने-जाने का खर्च आदि मिलाकर काफी पैसा खर्च हो जाता है. बतौर ठेका मजदूर जितना वेतन मिलता है उसमें घर का खर्च चलाना मुश्किल है. हम वेतन का पैसा बचा नहीं कर पाते हैं, बल्कि जमा पूंजी भी खर्च हो जाती है. गुड्डू ने बताया कि घर का अतिरिक्त खर्च को मैनेज करने कि लिए बस में एजेंटी या कुछ अन्य कार्य भी करते हैं. इससे मिले पैसों से थोड़ी राहत मिलती है. अगर कोई गंभीर रुप से बीमार हो जाए या किसी वर्ष रिश्तेदारों के यहां शादी, श्राद्ध, बच्चों का जन्मदिन आदि उत्सव अधिक हो गया तो खर्च काफी बढ़ जाता है. लोगों से कर्ज लेना पड़ता है. खर्च को नियंत्रित करने के लिए अन्य जरूरी समान भी खरीद नहीं पाते हैं. सेल का खाली आवास में रहते हैं एवं बिजली का पैसा भी नहीं देना पड़ता है. जिससे भारी राहत मिलती है. अन्यथा इस महंगाई में परिवार चलाना काफी मुश्किल भरा है. हमारे जैसे अन्य मजदूरों की स्थिति तो और भी दयनीय है.

चाईबासा

महंगाई से बच्चों की पढ़ाई पर हो रहा असर : महेंद्र

अपने परिवार के साथ महेंद्र हेम्ब्रम.

चाईबासा से 13 किमी दूर पर स्थिति कुम्बराम गांव के अधिकरत लोगों को महंगाई का असर धरातल पर दिखने लगा है. यहां लगभग 60 प्रतिशत मिडिल क्लास के लोग हैं. जबकि 40 प्रतिशत की आर्थिक स्थिति पूरी खराब है. प्राइवेट नौकरी करने वाले महेंद्र हेम्ब्रम महंगाई की मार से परेशान हैं.वह कहते हैं कि इस समय महंगाई का ज्यादा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है. स्कूल की फीस देना मुश्किल हो गया है. बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते थे. लेकिन अब महंगाई इतनी हो गयी है कि सरकारी स्कूल में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है. बढ़ी कीमतों का असर घरों के खानपान पर भी पड़ा है. घरों में नियमित सब्जी बननी लगभग बंद हो गई है. सप्ताह में दो से तीन दिन ही हरी सब्जी बन रही है. खेती करते तो हैं लेकिन बीज के दाम अधिक होने के कारण खरीदना मुश्किल हो रहा है. हमारे घर में कुल चार लोग हैं. किसी तरह घर चल रहा है.

इस साल महंगाई अधिक

प्राइवेट कंपनी में कार्यरत कर्मचारी सुशील कलुंडिया का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल महंगाई अधिक हो गयी है. सब्जी, आटा, चावल, दाल, तेल, बच्चों का स्कूल फीस, पेट्रोल-डीजल की कीमत, कपड़े की कीमत बढ़ी है. घर परिवार चलाना अब मुश्किल हो गया है. महंगाई के कारण रिश्तेदारों का भी आना जाना कम हो गया है.

रांची

बढ़ी महंगाई से कमोवेश हर कोई प्रभावित : संजय मिश्र

पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा समय में बच्चों को क्रिकेट का गुर सिखाने वाले संजय मिश्र का कहना है कि हाल के महीनों में बढ़ी महंगाई ने थोड़ा बहुत सभी को प्रभावित किया है. वह कहते हैं कि क्या करें इस दौर में थोड़ी समझ के साथ खरीदारी करनी पड़ रही है. खाने- पीने से लेकर साग सब्जियों के दाम बढ़े हैं. जिससे किचन के बजट पर असर तो पड़ा ही है. इस समय लोगों को खरीदारी में सावधानी बरतनी चाहिए. जरुरत की चीजें ही खरीदनी चाहिए. संदेह नहीं कि अभी महंगाई का दौर चल रहा है. त्योहारी मौसम के कारण भी सामान के दाम बढ़े हैं. इससे मध्यम वर्ग की परेशानी थोड़ी ज्यादा ही बढ़ी है. लोग थोड़ा कम बचत कर पा रहे हैं. वह कहते हैं कि सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. देखा जाए तो इस समय सरकारी स्तर पर महंगाई नियंत्रण के लिए कोई प्रयास नहीं दिख रहा है. अगर सरकार चाहे तो जरुरी चीजो के दामों को नियंत्रित रख सकती है. आने वाले दिनों में चीजें और महंगी हो सकती हैं. इसलिए सरकार को चाहिए कि इसके लिए दूरदर्शी कदम उठाए.

हजारीबाग

महंगाई ऐसी कि बचत ही नहीं हो पा रही है

प्रतिकात्मक फोटो शब्जी बाजार...

खाद्य सामग्री व सब्जियों की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण घरेलू बजट गड़बड़ा रहा है. किराना में सरसों तेल और रिफाइन सहित दाल की बढ़ रही कीमत से ये वस्तुएं आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है. सब्जियों के दाम बढ़कर चार गुना अधिक हो गए हैं. रसोई गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़ गए हैं. गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार बढ़ती महंगाई से कराह रही है. खाद्य सामग्री व सब्जियों की महंगाई ने घरेलू बजट की कमर ही तोड़ दी है. जो गृहिणी दाल व सब्जी के भाव कम होने पर कुछ पैसे बचा लेती थीं, अब महंगाई ने इस बचत पर अंकुश लगा दिया है. आम लोग यह समझ नहीं पा रहे कि आखिर इस महंगाई में बजट को कैसे संतुलित किया जाए. दुकानदार इस हाल में बढ़े डीजल व पेट्रोल के दामों को इसका जिम्मेदार मान रहे हैं.

घरेलू बजट गड़बड़ा रहा है: अनिता देवी

गृहिणी अनीता देवी कहती है कि बाजार में बढ़ी कीमतों का असर अब रसोई पर दिखती है. हर सामान की खरीदारी में अपने बजट में कटौती करना पड़ रहा है. किचन के समान जुगाड़ करते करते मासिक बचत बिलकुल नहीं हो पा रहा है. पहले जहां सामान किलो में खरीदते थे वहीं अब आधा किलो में काम चलाने लगे हैं. लगभग सभी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में पांच से छह प्रतिशत तक की तेजी आ गई हैं. इन 2 सालों में किचन की सामग्री में चीनी 40 से बढ़कर 50 रूपये, रहड़ दाल 90 से बढ़कर 170, मूंग 90 से बढ़कर 120 रूपये, आटा 5 किलो पैकेट 110 से बढ़कर 170 रूपये, सरसों तेल 110 से बढ़कर 130 रु लीटर,रिफाईड 70 से बढ़कर 100 रूपये हो गई है. सब्जियां के भी दाम बढ़े हैं. प्रति किलो में प्याज, लहसुन, टमाटर के दाम दो से तीन गुना बढ़े हैं,इसके अलाव सभी तरह की सब्जियों के दाम भी कुछ न कुछ बढ़े हुए हैं. स्कूल में बच्चों की फीस भी बढ़ी है. बिजली बिल की बढ़ोतरी दो साल में प्रति यूनिट तीन गुना हुआ है. महंगाई के कारण मोबाइल रिचार्ज, ब्यूटी पार्लर, खाने पीने में विशेष चीज को त्यागना पड़ रहा है. बच्चों की कुछ खास डिमांड भी पूरा नहीं हो पा रही है. इस महंगाई में रिश्तेदारों के यहां मिलना जुलना भी कम हो गया है. पर्व त्योहारों में कपड़ों की खरीदारी में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है.

माल भाड़ा वृद्धि से खाद्यान्न के दाम बढ़े : मो. शहजादा

व्यवसाई मो. शहजादा कहते है कि पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ने से माल भाड़े पर सीधा असर पर पड़ा है . इस कारण नमक, दाल से लेकर खाने वाले तेल और अन्य खाद्य सामग्री की कीमत काफी बढ़ी है . पिछले दो साल के पहले 65 रूपये प्रति लीटर डीजल थी, अभी डीजल के दाम प्रति लीटर बढ़कर 95 और पेट्रोल 70 रूपये से बढ़कर 100 रूपये हो गया है . बाजार में किराना वस्तुओं के दाम बढ़ने का मुख्य कारण डीजल, पेट्रोल की कीमतों मे वृद्धि भी है .

बोकारो

मिडिल क्लास के लिए बड़ी आफत : प्रेमजीत

प्रेमजीत जायसवाल अपने परिवार के साथ.

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के खैराचातर निवासी मध्यमवर्गीय परिवार के प्रेमजीत जायसवाल महंगाई से काफी परेशान हैं. उनका कहना है कि राशन समेत अन्य सामग्री की बढ़ी कीमतों ने घर का बजट खराब कर दिया है. प्रेमजीत जायसवाल एक कंपनी में कार्य करते हैं. वह कहते हैं कि पहले की अपेक्षा अब घर चलाना बहुत मुश्किल हो रहा है. खासकर पिछले एक दो साल में राशन समेत अन्य चीजों के मूल्यों में काफी बढ़ोतरी हुई है. इन सभी चीजों पर लगभग 15 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, इससे बचत पर काफी असर पड़ा है. वह कहते हैं कि बचत बंद तो नहीं हुई लेकिन कम जरूर हो गई है. महंगाई भले ही बढ़ गई है लेकिन सगे संबंधियों को कैसे छोड़ सकते हैं. इसलिए रिश्तेदारों में आना जाना कम नहीं हुआ है. दिक्कतें तो हैं, लेकिन इसके बावजूद बच्चों की डिमांड पूरी तो करनी ही पड़ती है. पर्व त्योहारों में पहले जितनी खरीदारी करते थे, अब उसमें पहले से कमी आई है. अब ऑनलाइन खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं, ताकि थोड़ी बचत हो सके. उन्होंने बताया कि बिजली के बिल में भी कुछ हद तक इजाफा हुआ है. महंगाई के मुताबिक आय नहीं बढ़ी है, इसका असर जेब पर पड़ रहा है. मध्यमवर्गीय परिवार के लोगों के लिए महंगाई आफत है. इसे कम करने की दिशा में सरकारों को प्रयास करने की जरूरत है.

गिरिडीह

चिंता सता रही आनेवाले दिनों में घर कैसे चलेगा : दिग्विजय सिंह

अपने परिवार के साथ दिग्विजय सिंह.

जिले के बेगाबाद प्रखंड के खुरचुट्टा निवासी पोस्टमास्टर दिग्विजय सिंह कहना है कि बढ़ती मंहगाई से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है. पिछले दो वर्ष से सब्जी, दाल, आटा,चावल के साथ-साथ बच्चों की स्कूल फीस और डीजल पेट्रोल की भी कीमतें बढ़ गई है. उन्होंने कहा कि बचत कम ही नहीं समाप्त हो गया है. महंगाई बढ़ने के कारण कई प्रकार के खर्चे कम करने पड़े हैं. बच्चों की डिमांड पूरा करने में परेशानी हो रही है. पिछले एक महीने में दुर्गा पूजा,दीपावली और छठ का त्योहार खत्म हुआ है. सभी त्योहार में खर्च में कटौती करनी पड़ रही है. उन्होंने कहा कि बिजली बिल भी बढ़ गया है. जिससे अतिरिक्त बोझ बढ़ा है. उन्होंने कहा कि जिस अनुपात में खर्च बढ़ा है उस अनुपात में आमदनी नहीं बढ़ी है. महंगाई पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में घर का खर्च कैसे चलेगा यह चिंता का विषय है.

धनबाद

कम कमाई और मंहगाई से घर चलाने की चिंता बढ़ी : अधिक यादव

अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अधिक यादव.

शहर के वार्ड नंबर 27 के भिस्तीपाड़ा निवासी अधिक यादव ने बताया की पति - पत्नी के अलावा मेरे घर चार बच्चे है, जिसमें तीन लड़की और एक लड़का शामिल है. मैं प्राइवेट काम करता हूं, हर माह करीब 16 हजार रुपया की आमदनी होती है. लेकिन अब हर माह इन पैसे से छह लोगों का पेट पालना मुश्किल हो गया है. कर्ज लेकर बच्चों की पढ़ाई करा रहा हूं. घर में पीएच राशन कार्ड है, लेकिन सरकारी राशन दुकान से मोटा अनाज में चावल ज्यादा और गेहूं कम मिलता है, बच्चे सरकारी चावल खाते नहीं है. इसलिए अलग से हर माह 50 रुपया किलो 10 केजी चावल खरीदना पड़ता है. 40 रुपया किलो 25 केजी आटा खरीदना पड़ता है. दाल, मसाला, तेल,साबुन, सर्फ, दूध मिलाकर हर माह इन पर 6 हजार रुपया खर्च होते हैं. इसके अलावा सब्जी, अंडा, चिकेन, गैस पर 4000 खर्च आ रहा है. बच्चों की पढ़ाई पर 7 हजार खर्च हो रहे हैं. घर में बाइक है, लेकिन पैसा बचाने के लिए अब बाइक कम चलता हूं, काम करने पैदल या किराए की गाड़ी से जाता हूं. बीमारी, रिश्तेदारी में आने जाने का खर्च अलग से है. घर में कोई गेस्ट आ गया तो उसका खर्च अलग से बढ़ जाता है. आसमान छूती महंगाई के कारण घर में महीने का 20 हजार से अधिक खर्च है. घर में पत्नी अपने मायके और सिलाई कर थोड़े पैसे जुटा लेती है. कुछ उधार से काम चलाना पड़ता है.

छोटी छोटी चीजों से समझोता

कई बार तो खर्व कम करने के लिए छोटी छोटी चीजों से समझोता करना पड़ता है. पहले बच्चो के लिए साल में दो बार कपड़े खरीदते थे, अब एक बार ही खरीद पाते है. पति पत्नी के कपड़े तो अब दो साल में एक बार खरीदते है . कई बार तो रिश्तेदारों के घर से मिले कपड़े से ही काम चलाना पड़ता है . पैसे की कमी के कारण रिश्तेदारों के घर भी आना जाना काफी कम हो गया है . ज्यादातर लोगों से अब अलग अलग बहाने बनाने पड़ते हैं . अब तो कम कमाई के कारण अपने भी मुंह फेरने लगे है .

सरकार सिर्फ घोषणा करती है

वह कहते हैं कि बिहार से झारखंड बने 23 साल गुजर चुके है, कई सरकारें आई और चली गई . मध्यम वर्ग की चिंता किसको है . सरकारें सिर्फ घोषणा करना जानती है. जमीन पर योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो को कितना मिलता है . सबको पता है . हमलोग तो सिर्फ महंगाई की मार झेलने के लिए बने है .

लातेहार

सबसे ज्यादा मध्यम वर्ग चारों ओर से पीस रहा है : अतुल कुमार

अपने परिवार के साथ सहायक अध्यापक अतुल कुमार.

बढ़ी महंगाई पर सहायक अध्यापक अतुल कुमार का कहना है कि आय सीमित है, लेकिन खर्चों की कोई सीमा नहीं है. प्रतिदिन बढ़ती महंगाई के कारण लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है. आये दिन महंगाई बढ़ रही है. अभी खाद्यान्न के अलावा सब्जियों के भाव भी आसमान चढ़े हैं. दैनिक खर्चों के अलावा बच्चों की पढ़ाई और पर्व त्यौहारों में सीमित आय में लोगों की परेशानी बढ़ जाती है. पिछले दो-तीन सालों से महंगाई आसमान पर है. आटा, चावल, दाल व तेल के भाव काफी बढ़े हुए हैं. प्रतिदिन पेट्राल व डीजल के दाम बढ़ रहे हैं. बच्चों की स्कूल फीस भी पिछले तीन-चार सालों में दुगना हो गयी है. जिनके घर में दो तीन बच्चे प्राइवेट स्कूलों मे पढ़ने वाले हैं, उनकी तो हालत और भी खराब है. पहले कुछ बचत भी हो जाती थी. लेकिन अब तो लोग बचत भी नहीं कर पा रहे हैं. सीमित आय एवं बढ़ती महंगाई के कारण आम लोगों को अपने शौक को मारना पड़ रहा है. लोग अब रिस्तेदारों के यहां भी जाने से कतराते हैं. रिस्तेदारों के यहां उपहार आदि ले कर जाना पड़ता है, लेकिन इतनी महंगाई में लोग चाह कर भी अपने रिस्तेदारों के घर नहीं जा पा रहे हैं. उस पर बच्चों की अगर कुछ डिमांड है तो उसे भी मैनेज करना पड़ता है. कुल मिला कर मिडिल क्लास के लोग चारों ओर से पीस रहे हैं. पर्व त्यौहार में तो लोग सिर्फ रस्म अदायगी कर रहे हैं. इन दिनों बिजली बिल भी काफी बढ़ गया है. वैसे भी सहायक अध्यापक अल्प मानदेय पर ही काम करते आ रहे हैं.

चक्रधरपुर

घर-परिवार चलाना हुआ मुश्किल : मनीष गुप्ता

चक्रधरपुर निवासी मनीष गुप्ता ने कहा कि बढ़ती महंगाई में घर परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. खाद्यान्न सामानों के दामों में रोजाना वृद्धि हो रही है.ऊपर से बच्चों से स्कूल फीस, टयूशन फीस इत्यादि प्रत्येक महीने समय पर जमा करना होता है.इससे घर में पैसे की बचत नहीं हो पाती. बल्कि कई बार उधार लेकर किसी तरह परिवार को चलाना पड़ता है.पर्व-त्योहार में भी सही तरीके से नहीं मना पाते हैं. कई पर्व-त्योहार में नये कपड़े इत्यादि की अब खरीदारी नहीं हो पाती है. दिन-प्रतिदिन महंगाई बढ़ रही है, लेकिन आय में बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है. प्राइवेट नौकरी होने के कारण ज्यादा सैलेरी भी नहीं मिल पाती है. इससे कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

घर का निर्माण कार्य पड़ा है अधूरा : राजीव कुमार

अपने परिवार के सदस्यों के साथ राजीव कुमार.

चक्रधरपुर शहर के वार्ड संख्या दो निवासी परिवार के मुखिया राजीव कुमार ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण घर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है.दो साल पहले घर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया था, बचत के पैसो से घर बनाने का सपना अधूरा सा लग रहा है. परिवार खर्च में ही पैसे खर्च हो जाते हैं, इससे बचत नहीं हो पाती है.बिजली बिल भी अब पहले से ज्यादा आता है.उसके अलावे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ मेडिकल इत्यादि में पैसे खर्च हो जाते हैं. इसके कारण पैसो की बचत नहीं हो पाती है.महंगाई के कारण घर का बजट भी पूरी तरह बिगड़ गया है.किसी तरह जैसे-तैसे परिवार चल रहा है. बच्चों की स्कूल फीस समय पर जमा नहीं होने पर स्कूल से नाम काटने का भी आदेश जारी कर दिया जाता है. ऐसी स्थिति में पहले जरुरत की चीजों पर पैसे खर्च हो रहे हैं. अब पैसे बचेंगे तभी घर का अधूरा काम प्रारंभ करुंगा.

ब्रीफ खबरें

रिंग रोड पर मिला शव, हत्या की आशंका

नामकुम। थाना क्षेत्र में रिंग रोड कवाली के पास एक अज्ञात शव पुलिस ने बरामद किया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक नामकुम में रिंग रोड के पास झाड़ियों से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है. अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है.बताया जा रहा है कि काले ट्रैक सूट पहने एक व्यक्ति की हत्या कर शव को छुपाने के इरादे से रिंग रोड के पास फेंक दिया.पुलिस मौके पर पहुंची, शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

हादसे में सुकुरहुटू के युवक की मौत

चान्हो। चान्हो थानाक्षेत्र के कटैया मोड़ के निकट मंगलवार शाम को हुए सड़क हादसे में सुकुरहुटू निवासी माया उरांव नामक एक 32 साल के युवक की मौत हो गई. माया उरांव अपनी बेटी निशा उरांव और लुपुंगा गांव के एक रिश्तेदार सुनील उरांव के साथ बाइक में घर लौट रहे थे. कटैया मोड़ के निकट एक तेज रफ्तार कार से उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. घायल माया को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेजा गया था जहां इलाज के दौरान देर रात इनकी मौत हो गई.

बेड़ो के चरिमा गांव से युवक लापता, केस दर्ज

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के चरिमा गांव से बीते 27 नवंबर को रांची जाने के नाम पर निकला एक 26 वर्षीय युवक नेम्हस खेस लापता हो गया है. वहीं युवक की बहन सुमन खेस ने इस संदर्भ में बेड़ो थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. सुमन ने कहा कि उसका भाई रांची काम करने के लिए सोमवार को निकला था. जो अब तक घर नहीं लौटा है. उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है. सुमन ने पुलिस प्रशासन से खोजबीन करने की गुहार लगायी है.

सीओ ने निवर्तमान पार्षदों संग की बैठक

रांची। अरगोड़ा अंचल के अंचलाधिकारी एसके सौरभ ने रांची नगर निगम के निवर्तमान पार्षदों की बैठक बुधवार को बुलवाई. जिसमें सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया. कार्यक्रम में आने वाले सभी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दें. बैठक में अरगोड़ा अंचल में आने वाले वार्ड के सभी निवर्तमान पार्षदों समेत अंचल के सभी पदाधिकारी शामिल थे.

मांडर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

मांडर। बुधवार को प्रखंड कार्यालय मांडर में कांग्रेस प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी की बैठक अध्यक्ष मांगा उरांव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में प्रदेश कांग्रेस पार्टी सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मांडर प्रखंड के प्रभारी मंगलेश्वर उरांव को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया. कहा की मंगलेश्वर उरांव के मांडर प्रभारी बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी.सभी मंच मोर्चा के प्रखंड कमेटी मंडल के सभी कमेटी के साथ प्रखंड स्तरीय सम्मेलन10 जनवरी को होगी.

रणनीतिक साझेदारी के लिए एक मंच को बढ़ावा

रांची। सीएमपीडीआई के कोयल हॉल में इंजीनियरिंग सर्विस से संबंधित निविदा दस्तावेज में टेक्नो कामर्शियल अपग्रेडेशन एंड माडिफिकेशन थीम पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला बुधवार को संपन्न हो गया. कोल इंडिया की ओर से आयोजित कार्यशाला का उद्देश्य खनन उद्योग के भीतर सहयोग बढ़ाना, उद्योगों के रूझानों, तकनीकी प्रगति और व्यावहारिक चर्चा करना था. इसने प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाना एवं संवाद, नवाचार और रणनीतिक साझेदारी के लिए एक मंच को बढ़ावा दिया.

लापुंग प्रखंड के चटकपुर में वार्षिक जतरा सह खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लापुंग प्रखंड का अब तक नहीं हुआ विकास : सन्नी

संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत के चटकपुर एवं मालगो पंचायत के डाढ़हा में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव सह अगहन जतरा का आयोजन किया गया. चटकपुर के पूर्व लोक कलाकार दिवंगत अजित कुमार के नाम पर वार्षिक जतरा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस दौरान दिवंगत अजीत कुमार की मां को शॉल ओढ़ाकर बतौर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो, किशोर साहु तथा अनमोल बडाईक ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया. बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अन्य अतिथियों के साथ मिलकर फीता काटकर चटकपुर जतरा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि आज भी लापुंग जैसा प्रखंड में विकास नाम का कोई चीज नहीं है. प्रखंड में बिना चढ़ावा कोई काम नहीं होता. खतियान सहित जमीन का दस्तावेज आज तक शुद्ध रूप से ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है. कहीं जमीन के ऑनलाइन एंट्री में नाम में गलती है तो कहीं रसीद कटाने एवं दाखिल खारिज के लिए एडी.चोटी लगानी पड़ती है बगैर चढ़ावा के कोई काम नहीं होता. प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज भी नहीं है और तो और झारखंड में सिर्फ लापुंग इकलौता प्रखंड है जहां आज तक एटीएम नहीं है. बैंक में लोग रोज लाइन लगते हैं लेकिन सभी को राशि की निकासी की सुविधा भी नहीं मिल पाती. सन्नी टोप्पो ने कहा कि स्व. अजित कुमार एक एक्टर व कलाकार थे उन्हें सही श्रद्धांजलि तभी होगी जब लापुंग का विकास होगा. लापुंग प्रखण्ड झारखंड बनने के 23 वर्ष बाद भी यहा का विकास नही हुआ. वर्तमान सरकार व विधायक पर निशाना साधते हुए टोप्पो ने कहा कि लापुंग शिक्षा, सामाजिक, आर्थिक व खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है. इस मौके पर उप विकास आयुक्त डॉ परमेश्वर भगत, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार, समाजसेवी संजय गोप उर्फ संजय टाईगर, जितेंद्र नायक, चरकू साहु, जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार, पड़हा राजा महादेव कुजूर, पवन कुमार साहु सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

सैनिक मार्केट की दुकानों का किराया बढ़ने से दुकानदार परेशान

हम लोगों को न्याय चाहिए

तरुण कुमार चौबे। रांची

रांची के मेन रोड स्थित सैनिक मार्केट परिसर की दुकानों के किराये में पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा हालिया बढ़ोतरी से दुकानदारों में असंतोष है. बढ़ोतरी से परेशान दुकानदारों, जो कई वर्षों से बाजार में अपना व्यवसाय चला रहे हैं, उन्होंने अपनी समस्या से अवगत कराने के लिए गृह सचिव और मुख्य सचिव को एक ज्ञापन सौंपा है और नयी किराया संरचना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है. बाजार में कुल 134 दुकानें हैं. दुकानदारों ने दावा किया है कि बाजार के सामने स्थित दुकानों के किराये में 800% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि पीछे की दुकानों के किराए में 600%-700% के बीच बढ़ोतरी हुई है. जिन दुकानदार का पहले 980 वर्ग फुट की दुकान के लिए किराए का 4,318 रुपये था, अब लीज नवीनीकरण के लिए आवेदन करने पर 35,800 रुपये हो गया है. दुकानदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सचिवालय को किराया संरचना को वापस लेने की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा.

दुकान का किराया बढ़ाया जा सकता है : निदेशालय

निदेशालय का दावा है कि दुकान को 30 साल की अवधि के लिए पट्टे पर दिया गया था और समझौते के अनुसार, इस अवधि के बाद दुकान का किराया बढ़ाया जा सकता है. प्रारंभ में यह दर 95 रुपये प्रति वर्ग फुट निर्धारित की गई थी. बाद में दर को संशोधित कर 28 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया.

दुकानदारों को ध्यान में रख किराया कम किया गया : कर्नल

पूर्व सैनिक कल्याण निदेशालय के सूचना अधिकारी कर्नल एसपी गुप्ता ने कहा दुकानदारों की चिंताओं को स्वीकार कर हमने किराया 95 रुपये से घटाकर 28 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया है. जबकि 10% दुकानदार पहले ही किराया समायोजन का अनुपालन कर चुके हैं. पूर्व सैनिकों के परिवार के सदस्यों के कल्याण के लिए धन का उपयोग किए जाने के बावजूद कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं.

दुकानदारों का क्या है कहना

राजभवन को ज्ञापन सौंपा गया है : उमर

दुकानदार उमर आलम ने कहा कि पिछले महीने के अंत में राजभवन को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद राज्यपाल सचिवालय ने निदेशालय को किराया देने का निर्देश दिया था, लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है.

लीज कब रिनुअल होगा ये पता ही नहीं था : बिट्टू

दुकानदार बिट्टू कुमार ने कहा कि 30 साल पहले दुकान देते वक्त हमें कुछ जानकारी नहीं दी गई थी. अब निदेशालय द्वारा रेंट बढ़ा दिया गया है. किराया बढ़ाने से पहले हमसे पूछा तक नहीं गया. इतने किराये के साथ व्यवसाय करना मुश्किल है. निदेशालय बढ़े किराया पर फिर से विचार करना चाहिए. सरकार से हम लोगों को न्याय चाहिए. दुकानदारों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है.

बढ़े हुए किराए का भुगतान नहीं करेंगे : दिनेश ठाकुर

दुकानदार दिनेश ठाकुर ने कहा कि दुकानदार बढ़े हुए किराए का भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं. जैसे-जैसे स्थिति सामने आ रही है, अब निगाहें सरकार और निदेशालय पर हैं . वे समाधान खोजें और दुकानदारों की चिंताओं का समाधान करें.

खड़े ट्रेलर से टकराई बाइक, एक की मौत

बेड़ो। बेड़ो मांडर पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. घटना बुधवार की दोपहर करीब पौने चार बजे की है. एसआई दुर्गेश कुमार सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल से मृतक युवक की जेब से एक आधार कार्ड बरामद किया. जिसमें जीतेश गोप पिता खुदिया गोप गांव सकरा थाना मांडर लिखा हुआ है. आधार कार्ड के आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई. घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन बेड़ो थाना पहुंचे और शव की पहचान जीतेश गोप के रूप में की. जीतेश गोप बाइक से अपने गांव सकरा से बेड़ो की ओर आ रहा था. इसी बीच बेड़ो-मांडर पथ पर पूर्व से खड़े एक ट्रेलर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया. जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा. कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई.

दूसरे दिन भी मनरेगा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

चान्हो। प्रखंड के मनरेगाकर्मियों ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय के समीप विरोध प्रदर्शन किया. बताया जाता है कि गलत तरीके से मनरेगा के तीन संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त करने के विरोध में मंगलवार से मनरेगाकर्मी कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं. मनरेगाकर्मियों का कहना है कि जब तक उनके साथियों की सेवा समाप्त करने के आदेश को वापस नहीं लिया जाता है, तब तक उनका हड़ताल जारी रहेगा . मनरेगा के कार्य में गलत जांच रिपोर्ट देकर एक जेई और दो रोजगार सेवकों की संविदा समाप्त करने की अनुशंसा करने को लेकर लोकपाल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की. जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 20-21 में सिलागाई में मनरेगा से 13 एकड़ में आम बागवानी योजना के तहत पौधारोपण व टीसीबी का कार्य किया गया था.

जानकारी के अभाव में योजना से वंचित हो जाते हैं ग्रामीण

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के टेरो पंचायत भवन में बुधवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया. साथ ही सरकारी अधिकारियों से योजना की जानकारी लिया. इस दौरान उन्होंने कई लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया. मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी नहीं मिलने से अधिकांश ग्रामीण योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाते हैं. उन्होंने कहा कि एक एक ग्रामीणों को उनकी भाषा में सरल तरीके से बताने या समझाने पर उन्हें योजनाओं के संदर्भ में जानकारी की समझ होगी.

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदले गए

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस द्वारा संगठन शक्तिकरण अभियान के तहत काम में शिथिलता बरतने वाले को हटाने की बातें सामने आ रही थी. इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कई नए लोगों को जिम्मेवारी सौंपी है. प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय की अनुशंसा पर पाकुड़, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, गढ़वा जिले के कुछ प्रखंड अध्यक्षों को बदल कर नए प्रखंड अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी गई है. वहीं, धनबाद जिला अंतर्गत नवसृजित तीन प्रखंडों में भी प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. यह जानकारी प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने दी.

इन प्रखंडों में ये बने नए अध्यक्ष : पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखंड में समवेल सोरेन, खूंटी जिला के तोरपा में अजय कुमार गुप्ता, पश्चिम सिंहभूम जिला के आनंदपुर प्रखंड में समीर टोपनो, गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखंड में धनंजय कुमार गोस्वामी, गिरिडीह मुफ्फसिल प्रखंड में मो. निजामुद्दीन, सरिया प्रखंड में अभिनंदन सिंह, कोडरमा जिला के कोडरमा नगर प्रखंड में राजू सिंह, कोडरमा प्रखंड में श्रवण सिंह, देवघर जिला के सारवां प्रखंड में उपेन्द्र राय, गढ़वा जिला के खरौंदी प्रखंड में नवल किशोर यादव, मझिआंव प्रखंड में शेख अमिरूउद्दीन सिद्दीकी, डंडा प्रखंड में नंदु चौधरी, विशुनपुरा प्रखंड में शैलेन्द्र प्रताप देव, रमकंडा प्रखंड में अजय मांझी (पासवान), धनबाद जिला के नवसृजित पूर्वी टुंडी प्रखंड में योगेश रजक, एग्यारकुंड प्रखंड में जियाउल हुसैन, कलियासोल प्रखंड में रामकृपाल गोस्वामी को कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है.

सांगठनिक बदलाव

- संगठन शक्तिकरण कार्य में लापरवाही बरतने वाले हटे
- राज्य भर के कई प्रखंडों में नए चेहरों को दी जिम्मेदारी

युवा दस्तक ने कैंसर पीड़ित मरीज की आर्थिक मदद की

संवाददाता। ओरमांझी

ओरमांझी पंचायत के ओरमांझी गांव के रहने वाले लालू ठाकुर ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं. उसकी आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है. जिसके कारण वह अपना इलाज नहीं कर पा रहे हैं. उन्होंने लोगों से गुहार लगाई है. जब इसकी सूचना युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष आशीष साहू को मिली तो लालू ठाकुर के घर जाकर तुरंत इलाज के लिए आर्थिक मदद की. युवा दस्तक के सदस्यों ने अध्यक्ष आशीष साहू के नेतृत्व में गांव में जाकर चंदा किया. ग्राम वासियों ने यथाशक्ति मदद की. एवं आगे भी सहायता के लिए भरोसा दिया. मौके पर युवा दस्तक के अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता आशीष साहू ने कहा कि हमारे गांव ओरमांझी ने आज एक बार फिर सामाजिक सरोकार और एकता का परिचय दिया. मौके पर मुख्य रूप से राजा तिवारी, अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ, राज साहू, विजय महतो, घांशू महतो, नवीन महतो, विक्रम कुमार, अभय कुमार, साहिल कुमार, नितिन कुमार, अमन साहू, लखन कुमार, ऋषि ठाकुर,नीरज पांडे, उमेश कुमार युवा दस्तक के सदस्यगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

सड़क का शिलान्यास

राहे। विधायक सुदेश महतो ने राहे प्रखंड के सताकी पंचायत अंतर्गत चाडरीकोचा में विधायक निधि 250 फीट ओर नावाटोला 250 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये. दोनों पीसीसी 7 लाख की लागत से बनाया जायेगा. इस दौरान विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है.

ट्रैफिक पुलिस ने दो खोए बच्चों को परिजनों से मिलवाया

रांची। रांची ट्रैफिक पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए बेहतर कार्य किया है. ट्रैफिक पुलिस के जवान दामोदर ने दो खोए हुए मासूम बच्चों को उसके परिजनों से मिलवाया. कांटाटोली ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात जवान दामोदर ने देखा कि दो बच्चे अपने परिजनों से दूर होकर इधर-उधर भटक रहे हैं. इसके बाद जवान ने पहल की और मौलाना आजाद कॉलोनी में रहने वाले दोनों बच्चों को उसके माता-पिता तक पहुंचाया.

फील्ड अपडेट

रिम्स मार्चरी के सभी 50 फ्रीजर की मरम्मत हुई

रांची। लंबे समय से खराब और बेहाल अवस्था में रहे रिम्स के शवगृह को अब दुरुस्त कर दिया गया है. शव रखने के लिए बने सभी 50 फ्रीजर बन चुके हैं. करीब एक साल से रिम्स के शवगृह का कूलिंग कंपार्टमेंट फ्रीजर खराब थे. फरवरी महीने में इस शवगृह में रखे 24 शव फ्रीजर के खराब हो जाने के कारण सड़-गल गए थे. शवों की पहचान कर पाना मुश्किल हो गया था. बता दें कि 60 लाख की लागत से करीब चार साल पहले ही यह शवगृह का निर्माण किया गया था. लेकिन, सही से एक साल भी इसका इस्तेमाल नहीं हो पाया था.

आरसीएमएस इंटक ने की समीक्षा बैठक

डकरा। राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर संघ इंटक कि समीक्षा बैठक डकरा वीआईपी क्लब मे बीएन पांडे की अध्यक्षता में हुई. जिसमें सीसीएल कामगारों के संडे मुद्दे को लेकर फिजिकल का जो मुद्दा था उसको लेकर पिछले दिनों पुरे एनके क्षेत्र में मजदूरों के द्वारा विरोध प्रदर्शन हुआ. विरोध को देखते प्रबंधन को अपना फिजिकल एटेंडेंस का निर्णय वापस लेना पडा. मौके पर बसंत मुंडा, मुमताज अहमद सोनू पांडे, सुनील सिंह, यशवंत पांडे, जयंत पांडे, कोलेश्वर मांझी, अरविंद चौबे, अतिकुल्लाह, बब्लू किस्को, संतोष पांडे आदि मौजूद थे.

प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट सह जनसुनवाई

सोनाहातू/राहे। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्कूलों में सोशल ऑडिट के बाद प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट सह जनसुनवाई बुधवार को किया गया. सोनाहातू प्रखंड के 20 स्कूलों में समग्र शिक्षा, स्कूल की व्यवस्था और मध्यान्ह भोजन से संबंधित सोशल ऑडिट और जनसुनवाई किया गया. जिला के पर्यवेक्षक एवं यूरी मेंबर के द्वारा सभी मामलों का निष्पादन प्रखंड स्तर से ही किया गया. सोनाहातू प्रखंड में पर्यवेक्षक प्रताप कुमार, प्रमुख विक्टोरिया देवी,जेएसएलपीएस सदस्य द्वारा सोशल ऑडिट किया गया.

ईरबा बाजार से सेना के जवान की बाइक चोरी

ओरमांझी। प्रखंड में बाइक चोरी का सिलसिला लगातार जारी है.आए दिन चोर बाइक उड़ा ले जा रहे हैं. बेलगाम हो चुके चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम दिख रही है. बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के ईरबा बाजार टांड में मिन्हाज अंसारी जो फौजी हैं.अपनी मोटरसाइकिल पल्सर लेकर बाजार चौक पहुंचे थे. और बाइक लगाकर कुछ काम के थोड़ी दूर दुकान गए थे. वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब था.बता दे की इसके पूर्व भी इसी बाजार टाड में 2 महीने पूर्व भी चोरी हुई थी.

पेज 1 का शेष...

विपक्ष में हैं व्यापारी, खनिज संपदा पर...

जिन लोगों ने झारखंड गठन का विरोध किया, उन्हीं के हाथों में चली गयी सत्ता : सोरेन ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमारे पूर्वजों ने 40 साल तक संघर्ष किया. दुर्भाग्य से जब झारखंड बना तो शासन-प्रशासन विपक्षियों के हाथ में चला गया. जिन लोगों ने झारखंड राज्य के गठन का विरोध किया था, दुर्भाग्य से सत्ता उनके हाथों में चली गई. जिनको झारखंड को आगे बढ़ाना था, उन्हीं लोगों ने यहां लूट मचा दी. खनिज संपदा का दोहन किया. मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों ने झारखंड को 25 साल पीछे धकेल दिया.

सरप्लस बजट का झारखंड मिला, मगर राज्य को खोखला कर दिया : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड गठन के बाद जब पहली सरकार बनी तो उनके पास सरप्लस बजट था. राज्य के पास पैसा भी था और खनिज संसाधन भी. तात्कालीन सरकार के पास वह तमाम साधन थे जिनसे झारखंड को समृद्धि और विकास के पथ पर आगे ले जाया जा सकता था लेकिन उन्होंने राज्य को खोखला कर दिया. विपक्ष को व्यापारियों की जमात बताते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी गिद्ध दृष्टि झारखंड के खनिज संसाधनों पर थी. नतीजा ये हुआ कि आज सरकार को घाटे का बजट पेश करना पड़ता है. भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी नेताओं को यह नहीं दिखता है कि गरीबों के आंसू पोंछने के लिए हमने क्या किया है.

बाहरी लोग झारखंड का खनिज निकाल रहे हैं, ग्रामीणों को कुछ नहीं मिला रहा : हेमंत सोरेन ने कहा कि बाहरी लोग झारखंड से कोयला, लोहा, बॉक्साइट और पत्थर निकाल रहे हैं. जिस इलाके से खनिज निकाला जा रहा है.वहां के ग्रामीणों को क्या मिला. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से आदिवासी-मूलवासी का पलायन हो रहा है. दो दशक तक ऐसा ही होता रहा लेकिन 2019 के चुनाव में हमने कमर कसकर चुनाव लड़ा. जनता के आशीर्वाद से हमने सरकार बनाई. हम पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा फैलाई गई गंदगी को साफ करें. आदिवासियों को दोबारा जल, जंगल और जमीन बचाने के संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा क्योंकि केंद्र सरकार ने वनाधिकार कानून में बड़ा बदलाव किया है. वे आपका जंगल और जमीन छीन लेंगे.

काट डाले 71 हजार पेड़, लगाए...

क्या है वन विभाग का मानक : वन विभाग के मानक के आधार पर 56 सेंटीमीटर से अधिक मोटाई वाले पेड़ों की री-प्लांटिंग व इससे कम मोटाई वाले पेड़ों को ही काटने की स्वीकृति प्रदान करने का प्रावधान है. जबकि हकीकत यह है कि वन विभाग से एनओसी मिलने के बाद अधिकांश पेड़ों की कटाई कर दी जाती है. री-प्लांटिंग की प्रक्रिया अपनाई ही नहीं जाती है.

किस सरकारी विभाग के प्रोजेक्ट : सरकारी विभागों की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ही सबसे ज्यादा पेड़ों की कटाई की गई है. केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लिए जितने पेड़ों की कटाई की गई है, उसकी क्षतिपूर्ति के लिए उस अनुपात में पौधे नहीं लगाए जा सके हैं.राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क चौड़ीकरण व निर्माण के लिए कटवाए. इसके बाद झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग का नंबर आता है.

धनबाद : 10 लाख रंगदारी नहीं देने पर...

इसके बाद दोनों नवाटांड़ होते हुए भाग निकले. स्थानीय लोग उन्हें जेपी अस्पताल ले गए जहां से उन्हें दुर्गापुर भेजा गया. खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई.

कृष्णा को बचाने दौड़े मनोज पर भी की फायरिंग, बाल-बाल बचे : पल्सर पर सवार दोनों बदमाश गोविंदपुर मेन रोड की तरफ से आए थे. गोली मारने के बाद बलियापुर की ओर भाग निकले. आमाघाटा में जहां कृष्णा मंडल की हार्डवेयर दुकान है, उस मार्केट के मालिक मनोज हांसदा हैं. वारदात के वक्त मार्केट में सिर्फ दो दुकानें ही खुली थीं, एक कृष्णा मंडल की और दूसरी मनोज की. मनोज ने पूरी वारदात को अपनी आंखों से देखा है. उन्होंने बताया कि कृष्णा अपनी दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठे थे, तभी बाइक पर सवार दो अपराधी आए. एक बाइक पर ही बैठा रहा और दूसरा दुकान में गया और कृष्ण पर फायरिंग कर दी. कृष्णा शोर मचाते हुए दुकान से बाहर दौड़े. यह देख मनोज उनकी तरफ दौड़े, तब युवक ने एक गोली मनोज पर भी दाग दी. मनोज ने जमीन पर लेटकर अपनी जान बचाई. इसके बाद गोली चलाने वाला युवक दौड़ कर बाइक के पास पहुंचा, फिर दोनों वहां से बलियापुर की तरफ भाग निकले. दोनों युवकों की उम्र करीब 30-40 के बीच होगी. फायर करने वाला जींस पेंट और काली शर्ट पहने था. उसने चेहरे पर माफलर जैसा कुछ लपेटा था. जबकि बाइक चलाने वाले ने हेलमेट पहन रखी थ्. डीएसपी अमर पांडेय ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की. मनोज से भी अपराधियों के बारे में जानकारी ली.

चितांजनक चायां के जंगल से सखुआ, सागवान, महुआ जैसे बेसकीमती पेड़ों की हुई कटाई

बुढ़मू में वनों की कटाई जारी, नहीं है कार्रवाई का डर

संवाददाता। बुढ़मू

बुढ़मू वन क्षेत्र में एक बार फिर धड़ल्ले से वनों की कटाई शुरू हो चुकी है. जानकारी के अनुसार इस बार साडम स्थित चायां के जंगल में लगे सखुआ के बड़े बड़े पेड़ को काटा गया है. इसके पूर्व मक्का स्थित जगलों की कटाई की गयी थी. विदित हो कि मक्का उमेदंडा, मुरुपिरि, कोटारी सहित अन्य वन क्षेत्र से सखुआ, सागवान, महुआ, आम, गम्हार जैसे बेसकीमती वृक्षों की अंधाधुंध कटाई कर माफियाओं द्वारा तस्करी की जाती है ., सूत्रों की माने तो यह सारा खेल वन विभाग की मिलीभगत से हो रहा है, उक्त सारा मामला बुढ़मू वन क्षेत्र से जुड़ा हुआ है. बेस कीमती लकड़ी बोटा साडम स्थित चायां के जंगल का है.जहां दर्जनों सखुआ के पेड़ को काट कर रखा गया है.उक्त कटाई से जंगल पुरी तरह से उजड़ता जा रहा है. जिसपर वन विभाग की कोई नजर नजर नहीं है. जंगलों को बेच माफिया मालामाल हो रहे है. वहीं जंगलों की कटाई से वन साफ होता नजर आ रहा है. बुढ़मू प्रखंड वन क्षेत्र मे एक दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया है सक्रिय, जो दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे में लकड़ी माफिया ट्रैक्टर , ट्रक, व छोटे छोटे वाहनों से माफियाओ द्वारा बाहर भेजा जाता है जिसे रोकने टोकने वाला कोई नहीं है।

बाई नेम एफआईआर दर्ज कराएंगे : रेंजर

मांडर रेंजर, सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि जंगल काटने की सूचना मिली है. जांच होगी और दोषियों पर वन विभाग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी, मक्का स्थित जंगल काटने पर दोषी के ऊपर एफआईआर की गयी है. अब चायां स्थित जंगल को काटा गया है बाई नेम एफआईआर करेंगे.

अवैध बोटा लदा 407 ट्रक जब्त, होगी सख्त कार्रवाई

अवैध रूप से जंगल कटने की खबर पर वन विभाग सक्रिय हुआ और तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 407 ट्रक वाहन को वन विभाग की टीम द्वारा जब्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है. विदित हो की दैनिक शुभम संदेश द्वारा प्रमुखता से जंगल काटने की खबर प्रकाशित की गयी थी, जिसके बाद वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए वाहन सहित लकड़ी बोटा जब्त किया गया.

ब्रांड जंगल ओरमांझी ने क्लब चुट्टू को 1-0 से हराया

संवाददाता। रांची

शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में शुरू हो गया है. युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप बी का ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम फुटबॉल क्लब चुट्टू के बीच खेला गया. जिसमें ब्रांड जंगल ओरमांझी 1-0 से विजय हुई. मुख्य अतिथि रामधन बेदिया पूर्व प्रत्याशी आजसू, विशिष्ट अतिथि पारस नाथ उरांव, रोशनलाल मुंडा जिला प्रवक्ता आजसू, पूर्वी ओरमांझी जिला परिषद सरिता देवी आदि ने उद्घाटन किया.

सुमित व प्रकाश को प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान

सेमी फाइनल मैच खेला गया. पहला सेमीफाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम डायमंड क्लब रांची एवं दूसरा सेमीफाइनल ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम जेबीकेएस गुड्डू के बीच खेला गया. दोनों मैच के विजेताओं के बीच फाइनल मैच हुआ. जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में सुमित कुमार एवं दूसरा मैच में प्रकाश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया. फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में अर्चित आनंद शामिल होंगे. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो, छात्र जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो, प्रकाश लकड़ा, खिलेश्वर महतो, आनंद महतो, अमर कुमार शामिल थे.

ब्रीफ खबरें

अपराधियों ने चाय पी रहे युवक को मारी गोली

बेगूसराय । बेगूसराय में बुधवार की सुबह मोटरसाइकिल सवार बेखौफ नकाबपोश अपराधियों ने एक चाय पी रहे युवक को गोली मारकर घायल कर दिया. घटना नगर थाना क्षेत्र के महमदपुर स्थित एनएच-31 डॉ. संगीता सिन्हा मुहल्ले के समीप की है. बताया जा रहा है कि महमदपुर निवासी गौतम कुमार महतो अपने चाय दुकान पर बैठकर अखबार पढ़ रहा था. इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो नकाबपोश बदमाश दुकान पर पहुंचे और अलर्ट होने से पहले फायरिंग शुरू कर दिया. जिसमें दो गोली फायर होने के बाद तीसरी गोली गौतम के जांघ में लग गई है.

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

नवादा । नवादा जिले के रूपौ थाना क्षेत्र के छनौन मोड़ के पास बुधवार को एक बाइक के पेड़ से टकराने से दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसमें एक भाई की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई. वहीं दूसरे भाई को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. बताया जाता है कि दोनों अपने सगे भाई बाइक से रोह थाना क्षेत्र के भट्ठा गांव से अपने नानी घर से रूपौ थाना क्षेत्र के भीखमपुर घर जा रहे थे. इसी दरमियान बाइक अनियंत्रित होने के कारण हुई दुर्घटना में छोटे भाई सुभाष कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई.

मगध-जेपी यूनिवर्सिटी के वीसी के वेतन पर रोक

पटना । शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए केके पाठक पूरी तरह से एक्शन मोड में है. स्कूली शिक्षा में सुधार को लेकर आए दिन तमाम निर्देश जारी किए जा रहे हैं. वहीं कॉलेज शिक्षा में भी सुधार को लेकर विभाग ने बड़ा कदम उठाया है. विभाग ने पत्र जारी कर मगध विवि और जयप्रकाश विवि के पदाधिकारियों के वेतन पर रोक लगा दी है. अपर मुख्य सचिव केके पाठक की तरफ से वेतन रोक को लेकर पत्र जारी किया गया है. जिसमें मगध विवि और जयप्रकाश विवि के कुलपति, प्रतिकूलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी और वित्त परामर्श का वेतन बंद कर दिया है.

पटना में तेज रफ्तार का कहर

कार ने बाइक सवार 3 दोस्तों को रौंदा, दो मरे

संवाददाता ।पटना

राजधानी पटना में एक ही बाइक पर सवार तीन दोस्तों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया. हादसे में दो की मौत हो गई, वहीं एक ही हालत गंभीर बनी हुई है. घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. यह हादसा बिहटा-खगौल मुख्य सड़क पर सह नेउरा ओपी क्षेत्र के नेउरागंज गांव के पास हुआ. एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा घुसी. मृतक की पहचान भोजपुर जिले के नोनार गांव निवासी भगवान उपाधायन के पुत्र मोहित कुमार (26 वर्ष) व खगौल थानाक्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी विश्वबंधु के पुत्र शशाक कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है. वहीं, घायल युवक की पहचान विनय कुमार के बेटे शिव कुमार के रूप में की गई है. मृतक के परिजनों के अनुसार यह सभी शादी से लौट रहे थे. इसी दौरान बेकाबू कार ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क को जाम कर दिया. कई घंटे तक सड़क पर वाहनों की कतार लगी रही. घटना की सूचना मिलते ही नेउरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल दानापुर में भेज दिया है. मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है.

आरा में स्कॉर्पियो ने तीन को कुचला, दो की मौत

आरा । आरा में शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों को बेलगाम स्कॉर्पियो ने रौंद डाला. इस दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी बुरी तरह से घायल हो गया है. घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के समीप आरा-बक्सर एनएच 922 पर हुई है. इधर, घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर घटनास्थल से फरार हो गया. मृतकों में बक्सर जिला के डुमरांव थाना क्षेत्र के बनहैजी डेरा गांव निवासी आलोक कुमार और बिट्टू कुमार है. जबकि तीसरा घायल बनहैजी डेरा गांव निवासी अर्जुन चौधरी बताया जा रहा है.

पटनाः पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन कैबिनेट मंत्री तेज प्रताप यादव ने पटना में बिहार के लिए जलवायु लचीले और कम कार्बन विकास मार्ग पर एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान एक रिपोर्ट लॉन्च करते हुए.

आओ जानें

सोन नदी मनेर की गंगा नदी में मिल जाती है

- सोन नदी पटना के निकट मनेर में गंगा नदी में मिल जाती है. इसकी प्रमुख सहायक नदियां गोपद, रिहान, कनहर एवं उत्तरी कोयल आदि है
- सोन नदी को सोनभद्र शीला के नाम से भी जाना जाता है. इसका पुराना नाम संभवतः 'सोहन' था जो पीछे बिगड़कर सोन बन गया.
- इस नदी का नाम सोन इसलिए भी कहा जाता है क्योंकि इस नदी के बालू (रेत) पीले रंग के हैं जो सोने कि तरह चमकते हैं.
- सोन नदी मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले से अमरकंटक पहाड़ी के मैकाल पर्वत श्रेणी से निकलती है. जिसकी कुल लंबाई 784 किलोमीटर है .
- सोन नदी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा झारखंड राज्यों से होकर बिहार के रोहतास जिले में प्रवेश करती है जिसकी बिहार में कुल लंबाई 202 किलोमीटर है .

बिहार भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा का निधन

पटना । बिहार भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा का निधन हो गया. बुधवार की सुबह दिल्ली में उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से भाजपा में शोक की लहर है. सुनील भाजपा के संगठन स्तर पर मजबूती प्रदान करने वालों में जाने जाते थे. सूत्र बताते हैं कि पीएम मोदी के कहने पर ही बिहार में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसी साल मार्च में उन्हें बिहार भाजपा का सह प्रभारी नियुक्त किया गया था. इसे पहले यूपी के सह प्रभारी थे. इधर, सुनील ने निधन के बाद बिहार भाजपा की ओर से कहा गया है कि बिहार भाजपा के सह प्रभारी, एक कुशल संगठन कर्मी, सुनील का निधन अत्यंत ही दुखद है. इस खबर से समस्त भाजपा परिवार शोकाकुल है.

बीपीएससी कार्यालय के सामने शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, कहा-

सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करे आयोग

संवाददाता ।पटना

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रथम चरण में शिक्षक बहाली को लेकर परीक्षा ली गई और उसके बाद रिजल्ट भी जारी की गई. अब इस रिजल्ट को लेकर फिर से एक बार शिक्षक अभ्यर्थी प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं. बुधवार को सैकड़ों की संख्या में विभिन्न जिलों से पहुंचे शिक्षक अभ्यर्थियों ने बीपीएससी कार्यालय के सामने सप्लीमेंट्री रिजल्ट निकालने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया. अभ्यर्थियों ने कहा कि बीपीएससी की ओर से घोषणा की गई थी कि सप्लीमेंट्री रिजल्ट भी निकाला जाएगा. इसको लेकर बीपीएससी के अध्यक्ष ने ट्वीट किया था और अभी तक सप्लीमेंट्री रिजल्ट नहीं निकाला है जो कि शिक्षक अभ्यर्थी के साथ अन्याय है. प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थी सौरभ कुमार ने कहा कि बीपीएससी ने यह कहा था कि जो रिक्तियां खाली रह जाएगी उसको लेकर सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी की जाएगी. अभी तक सप्लीमेंट्री रिजल्ट क्यों नहीं जारी की गई. आपको बता दें कि बिहार में द्वितीय चरण के शिक्षक बहाली को लेकर भी बीपीएससी ने आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं और अभी भी प्रथम चरण के रिजल्ट आने के बाद सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग शिक्षक अभ्यर्थी करते नजर आ रहे हैं. अब देखना है कि जिस तरह से शिक्षक अभ्यर्थी प्रथम चरण के रिजल्ट के बाद सप्लीमेंट्री रिजल्ट की मांग कर रहे हैं. उस पर बीपीएससी कितना गौर करती है.

इंडो-नेपाल बार्डर पर बांग्लादेशी नागरिक हुआ गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण । जिले के रक्सौल स्थित भारत-नेपाल मैत्री पुल पर जांच के क्रम में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है. बांग्लादेशी नागरिक मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी के द्वारा जांच के क्रम में पकड़ा गया. जिसकी पहचान मुगर अली का पुत्र सैफुल खान बताया जा रहा है. जो बांग्लादेश के दौतीया पोस्ट कमालपुर थाना धनराई जिला ढाका बांग्लादेश का निवासी है. सैफुल खान रक्सौल से ई-रिक्शा पकड़ कर नेपाल के बीरगंज शहर जा रहा था. जहां मैत्री पुल पर जांच के क्रम में उसके बैग से भारतीय पहचान पत्र व बांग्लादेशी पहचान पत्र प्राप्त हुआ है. इसके पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं बांग्लादेशी आईडी कार्ड पकड़ा गया है.

वरमाला के बाद सात फेरों के लिए दूल्हा करता रहा इंतजार

वरमाला के बाद प्रेमी संग भागी दुल्हन, हंगामा

संवाददाता ।भागलपुर

भागलपुर में एक शादी के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया जब वरमाला के बाद दुल्हन गायब हो गई. काफी खोजबीन के बाद भी जब दुल्हन नहीं मिली तो दूल्हा सदमे में आ गया. बाराती हैरान हो गये और हंगामा करने लगे. काफी देर बाद पता चला कि दुल्हन अपने प्रेमी संग फरार हो गई. इसकी जानकारी मिलते ही दूल्हा पक्ष के लोग लड़की पक्ष पर मुकदमा करने पर अड़ गये. बाद में पंचायत बुलाई गई और समझा-बुझाकर लड़का पक्ष को वापस भेज दिया गया. मामला भागलपुर के वनगांव के खिरीडांर गांव का है.

दरअसल, खिरीडांर गांव के राजेंद्र प्रसाद की बेटी की शादी प्राणपुर गांव के प्रकाश कुमार से तय हुई थी. धूमधाम के साथ बारात वनगांव पहुंची. जोरदार तरीके से बारातियों का स्वागत किया गया. धूमधाम से वरमाला की रस्म में की गई. लेकिन इसके बाद घर में जब सात फेरों की तैयारी चल रही थी, दुल्हन अपने प्रेमी संग फरार हो गई. दूल्हा मंडप में आ गया, मगर दुल्हन नहीं पहुंची. घरवाले काफी देर तक दुल्हन को ढूढते रहे. काफी देर बाद भी दुल्हन नहीं मिली. मंडप में दुल्हन के आने में काफी देर होने पर वर पक्ष को शक तो पूछताछ शुरू की.

पता चला दुल्हन अपने प्रेमी संग फरार हो गई. फिर क्या था, यह सुनते ही दूल्हा सदमे में आ गया. बारात पक्ष के लोग हंगामा करने लगे. यह अधूरी शादी पूरे इलाके में अब चर्चा का विषय बन गई है. लड़की पक्ष अपने स्तर से दुल्हन की तलाश में जुटे हैं.

कारोबार

अरबिंदो फार्मा को प्रदान की गई मंजूरी

नयी दिल्ली । अरबिंदो फार्मा को एचआईवी-1 संक्रमण के इलाज की एक जेनेरिक दवा के विपणन के लिए अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से मंजूरी मिल गई है. हैदराबाद स्थित कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी को 600 मिलीग्राम तथा 800 मिलीग्राम की डारुनाविर टैबलेट के निर्माण व विपणन के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से अंतिम मंजूरी मिल गई है. डारुनाविर का वयस्कों और तीन वर्ष या उससे अधिक उम्र के बाल रोगियों में एचआईवी-1 संक्रमण के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाता है.

एलआईसी ने नई सेवा जीवन उत्सव की पेश

नयी दिल्ली । बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी ने बुधवार को अपनी नई सेवा जीवन उत्सव पेश की. इसमें सुनिश्चित रिटर्न का वादा किया गया है. एलआईसी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि यह एक 'नॉन-लिंक्ड', गैर-भागीदारी, व्यक्तिगत बचत, संपूर्ण जीवन बीमा योजना है. एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में नई सेवा की कुछ विशेषताएं साझा करते हुए कहा था कि यह सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करेगी और इसके पूर्ण होने के बाद बाद पॉलिसीधारक को जीवन भर बीमा राशि का 10 प्रतिशत मिलेगा.

जीएमडीसी ओडिशा में लगाएगी खदानें

नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गुजरात खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) ने बुधवार को कहा कि वह ओडिशा में दो कोयला खदान स्थापित करने की संभावनाएं तलाश रही है. जीएमडीसी अग्रणी खनन कंपनियों में से एक है और इसकी देश में पांच लिग्नाइट खदान हैं. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ओडिशा के भुवनेश्वर में निदेशक मंडल की बैठक में ओडिशा में दो नई कोयला खदानें स्थापित करने की योजना, मौजूदा तथा नए खंड में अन्य अवसरों तथा क्षमताओं के अलावा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कोयले पर चर्चा की गई.

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को प्रेस-कांफ्रेंस कर बताया

5 वर्षों तक मिलती रहेगी गरीब कल्याण अन्न योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा ड्रोन

भाषा ।नयी दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सरकार की ओर से लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया है कि गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा. अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा. योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे. आगामी पांच वर्षों में योजना पर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा. इस योजना की शुरुआत कोविड 19 महामारी के दौरान की गई थी.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी के स्तर से ऊपर उठे. यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है. ठाकुर ने बताया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है. कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सरकार के इस फैसले की जानकारी दी है. मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार आगामी तीन वर्षों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की योजना को बढ़ाया गया है. योजना का लक्ष्य अल्पवयस्क बालिकाओं के साथ रेप और यौन शोषण के मामलों में निश्चित समयावधि के भीतर न्याय प्रदान करना है.

ड्रोन परियोजना पर सरकार 1,261 करोड़ रुपये खर्च करेगी : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो वर्षों के लिए 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन उपलब्ध कराने की एक केंद्रीय योजना को मंजूरी दे दी है. इस परियोजना पर सरकार 1,261 करोड़ रुपये खर्च करेगी. अनुराग ठाकुर ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया. योजना का मकसद 2024-25 से 2025-2026 के दौरान किसानों को कृषि उद्देश्य के लिए किराए की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है.

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, योजना के तहत स्वीकृत पहल 15,000 एसएचजी को स्थायी व्यवसाय तथा आजीविका सहायता प्रदान करेगी. इससे वे प्रति वर्ष कम से कम 1,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे. प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में लाल किले से एसएचजी को ड्रोन प्रौद्योगिकी से सशक्त बनाने की घोषणा की थी.

केंद्रीय कैबिनेट ने 16 वित्त आयोग को दी मंजूरी : केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में 16वें वित्त आयोग पर भी फैसला लिया गया है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16 वें वित्त आयोग के विचारार्थ विषयों पर अपनी मंजूरी दे दी है. कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर 16वें वित्त आयोग के विचारार्थ विषय तय किए गए हैं. 16वां वित्त आयोग अक्टूबर 2025 तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा. केंद्र इस पर निर्णय लेगा और इसे 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक लागू किया जाएगा. केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को चलाए जा रहे बचाव अभियान की प्रधानमंत्री लगातार निगरानी कर रहे थे. हर दिन वे दो बार अभियान के बारे में जानकारी ले रहे थे.

वर्जिन अटलांटिक के संस्थापक, सर रिचर्ड ब्रैनसन, यूके के परिवहन सचिव मार्क हार्पर और सीईओ, शाई वीस, मंगलवार को न्यूयॉर्क में फ्लाइट100 के आगमन का जश्न मनाते हुए.

62 निवेश परियोजनाओं को मिल गई मंजूरी

बेंगलुरु । कर्नाटक सरकार ने राज्य में 3,607.19 करोड़ रुपये के 62 औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दी है. इससे 10,755 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है. बड़े व मझोले उद्योग तथा बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एम. बी. पाटिल की अध्यक्षता में 'स्टेट लेवल सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी' ने मंगलवार को यहां एक बैठक में प्रस्तावों को मंजूरी दी.

मिस्टीफ्लाई कंपनी ने गूगल क्लाउड के साथ की साझेदारी

एजेंसी ।नयी दिल्ली

यात्रा सेवा समाधान प्रदाता मिस्टीफ्लाई ने यात्रा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वृद्धि व नवाचार को बढ़ावा देने के लिए गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी की है. इस सहयोग के तहत मिस्टीफ्लाई के स्मार्ट सेलिंग प्लेटफॉर्म (एसएसपी) को गूगल की अत्याधुनिक क्लाउड सेवाओं तथा जेनरेटिव एआई क्षमताओं के साथ जोड़ा जाएगा.

मिस्टीफ्लाई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार ने कहा, गूगल क्लाउड के साथ हमारी साझेदारी पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में यात्रा बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, पुरानी व नई प्रौद्योगिकियों को जोड़ने वाले समाधान प्रदान करने, यात्रियों की जरूरतों और विक्रेताओं तथा आपूर्तिकर्ताओं की दक्षता को पूर्ण करने के मिस्टीफ्लाई के लक्ष्य का समर्थन करती है. इस बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) कंपनी की स्थापना 2009 में की गई थी. कुमार ने कहा कि मिस्टीफ्लाई का 85 प्रतिशत कारोबार और कुल राजस्व भारत के बाहर से आता है. उन्होंने कहा, भारत का हमारे राजस्व में 15 प्रतिशत से भी कम योगदान है. पिछले 10 वर्षों से यही स्थिति बनी है. कंपनी के पास अमेरिकी और यूरोपीय व्यवसायों के साथ-साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र की कंपनियों के ग्राहक हैं.

लगाई छलांग सेंसेक्स में 727 अंकों की उछाल, वहीं बीएसई में भी सूचीबद्ध कंपनियां ऊंचाई पर

कंपनियों का पूंजीकरण 4,000 अरब डॉलर पर पहुंचा

एजेंसी ।मुंबई

एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी के साथ विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से बुधवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने 727 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी 20,000 अंक के ऊपर बंद हुआ. बुधवार का दिन भारतीय इक्विटी के लिए इस लिहाज से भी खास रहा कि बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण पहली बार 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 727.71 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 66,901.91 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 772.08 अंक तक उछलकर 66,946.28 अंक पर पहुंच गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 206.90 अंक यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 20,096.60 अंक पर बंद हुआ.

सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की गई.

दूसरी ओर नेस्ले, टाइटन, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट रही. अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए. यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे. अमेरिकी बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए थे. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 783.82 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.54% चढ़कर 82.12 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. मंगलवार को सेंसेक्स 204.16 अंक चढ़कर 66,174.20 पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 95 अंक बढ़कर 19,889.70 अंक पर रहा था.

आईटी ने हिंदुजा के कार्यालयों में चलाया तलाशी अभियान

नयी दिल्ली । आयकर विभाग ने मुंबई और कुछ अन्य शहरों में हिंदुजा समूह की कुछ इकाइयों में बुधवार को तलाशी अभियान चलाया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि कार्रवाई कर चोरी की जांच के हिस्से के रूप की जा रही है. मुंबई और कुछ अन्य शहरों में स्थित कंपनी के कार्यालयों में तलाशी की जा रही है.तलाशी अभियान से जुड़े आईटी कानून के तहत केवल कार्यालय परिसर में ऐसी कार्रवाई अंजाम दी जा सकती है. हिंदुजा समूह को भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला. सूत्रों ने बताया कि कर विभाग की कार्रवाई सामान्य कर परिवर्जन रोधी नियम (जीएएआर) के प्रावधानों से भी जुड़ी है. हिंदुजा समूह के पास इंडसइंड बैंक, हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस और हिंदुजा बैंक (स्विट्जरलैंड) का स्वामित्व है. समूह विविधीकरण की ओर बढ़ता जा रहा है.

टनल घटना के सबक

उत्तरकाशी के टनल घटना ने अनेक सवाल खडा कर दिए हैं. मजदूर सकुशल हैं, यह तो प्रसन्नता की बात है लेकिन कुछ ऐसे सवाल हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. ये सवाल हिमालय के अत्यंत संवेदनशील इलाके की विकास नीति से जुडे हैं. पिछले कुछ सालों से अनेक हादसों ने अनियंत्रित निर्माण और दोहन की प्रक्रिया पर चौतरफा प्रश्न खड़ा किया है. राजनीति को यह सोचने की जरूरत है कि उसके लिए जलवायु और पर्यावरण के सवालों का क्या खास मतलब है. हिमालय को बचाना और उसकी विशिष्टताओं की रक्षा करने का दायित्व भी महत्वपूर्ण है. इसके साथ ही एक संपूर्ण हिमालय नीति की भी जरूरत है. निर्माण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की भी जरूरत है, ताकि बगैर प्राकृतिक नुकसान के आम जीवन को सरल बनाया जा सके. न कि कारपोरेट मुनाफे के लिए इसका इस्तेमाल हो. हिमालय न केवल पठारी क्षेत्र के लिए, बल्कि भारत के मैदानी क्षेत्रों के लिए भी एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय धरोहर है. अनेक पर्यावरणविद इस संदर्भ में गंभीर चेतावनियां दे चुके हैं. समय आ गया है कि उन चेतावनियों पर गंभीरता से विचार किया जाए. उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे के 17वें दिन आखिरकार रेस्क्यू में सफलता मिल ही गई और सभी 41 मजदूरों ने जिंदगी की यह जंग जीत ली. रेस्क्यू टीमों को काफी मशक्कत के बाद मंगलवार रात को यह सफलता मिली. अब सभी 41 मजदूरों को टनल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. टनल के पास मजदूरों के परिजन भी मौजूद थे. जैसे ही उन्होंने अपनों को देखा, उनकी आंख से आंसू निकल आए. भारत सरकार की तमाम एजेंसियां, अत्याधुनिक तकनीक और हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग और वर्टिकल ड्रिलिंग की कवायद तो अभी न जाने कितने दिनों तक और चलती रहती. लेकिन 12 श्रमिकों ने दो दिन पहले आकर जिस प्रकार से देशी जुगाड़ पद्धति से 10-12 मीटर मलबे, सरिया और कंक्रीट की दीवार को पार करने में हाड़तोड़ मेहनत की है, उस मेहनत को शायद आज करोड़ों लोग समझ रहे हों. यह मौका हमें एक बार फिर से याद दिला रहा है, हमारे जीवन को आसान बनाने वाले उन श्रमिकों को याद करने का, जो किसी भी मध्यवर्ग की जिंदगी में बेहद मामूली अहमियत रखते हैं. ताजा मामला रेट होल माइनर्स का है, जिन्हें कानून की निगाह में गैर-सामाजिक समझा जाता है. अगर मशीन के दो-दो बार फेल हो जाने पर सरकार की तमाम एजेंसियों के दिमाग ने ही काम करना बंद कर दिया था. ऑस्ट्रेलियाई एक्सपर्ट ने तो ईमानदारी से सार्वजनिक घोषणा पहले ही कर दी थी कि क्रिसमस तक हम इस बाधा को पार कर लेंगे. साफ़-साफ़ समझ लेना चाहिए कि न यह हादसा कोई नई चीज थी, और न ही इस घटना के बाद ही कोई सबक लिया जायेगा. उल्टा इसे एक सफल अभियान की श्रेणी में गिनाकर कामयाबी का डंका जरूर पीटा जाएगा.

> हिमालय को बचाना और उसकी विशिष्टताओं की रक्षा करने का दायित्व भी महत्वपूर्ण है. इसके साथ ही एक संपूर्ण हिमालय नीति की भी जरूरत है. निर्माण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने की भी जरूरत है.

सुभाषित

आकाशात् पतितं तोयं यथा गच्छति सागरम्।
सर्व देव नमस्कारः केशवं प्रति गच्छति॥

जिस प्रकार आकाश से गिरा जल विविध नदियों के माध्यम से अंततः सागर से जा मिलता है, ठीक उसी प्रकार सभी देवताओं को किया हुआ नमन एक ही परमेश्वर को प्राप्त होता है. इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह किसी भी देवता को अपना नमन और ध्यान अर्पित करता रहे

गले की फांस न बन जाए जातीय गणना

कांग्रेस के लिए जातीय जनगणना का मुद्दा उठाना तो आसान है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना करना उतना ही मुश्किल है. दरअसल, जातीय जनगणना का सवाल मधुमक्खी का छत्ता बना दिख रहा है. हाथ डालकर मधु निकालने का लोभ है तो मधुमक्खियों का डर भी. वैसे सैद्धांतिक तौर पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही जातीय जनगणना के पक्ष में दिख रही हैं. लेकिन, क्या कांग्रेस और भाजपा दोनों जातीय जनगणना के मुद्दे पर सहूलियत की स्थिति में हैं?

• देश-काल

बृजेंद्र दुबे

जातीय जनगणना, 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा होगा, यह तय हो चुका है. राहुल गांधी ने राजस्थान में जातीय सर्वेक्षण कराने और कांग्रेस शासित हर प्रदेश में ऐसा करने का वादा करते हुए देशभर में जातीय जगणना कराने की मांग रखी है. वहीं, कर्नाटक में छह साल पहले हुए जातीय सर्वेक्षण के आंकड़े जारी करने के लिए भाजपा ने दबाव की सियासत तेज कर दी है. इन उदाहरणों के परिप्रेक्ष्य में सैद्धांतिक तौर पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही जातीय जनगणना के पक्ष में दिख रही हैं. लेकिन, क्या कांग्रेस और भाजपा दोनों जातीय जनगणना के मुद्दे पर सहूलियत की स्थिति में हैं? जातीय जनगणना का कार्ड वोटरों की संख्या देख कर खेला जा रहा है, लेकिन इसका विरोध संगठित जातियों की ओर से है, जो राजनीति में प्रभाव रखते हैं. राजनीतिक दलों के लिए यही सबसे बड़ी चुनौती है. बिहार में जातीय सर्वेक्षण के पक्ष में दिखी थी भाजपा. लेकिन, जब जातीय सर्वेक्षण के आंकड़े आए तो उनकी मीन-मेख निकाल कर भाजपा ने विरोध का स्वर तेज किया और जातीय सर्वेक्षण से जुड़ी चुनौतियों का मुकाबला करने में वह जुटी दिखी. इसका मतलब यह है कि जातीय जगणना या सर्वेक्षण का विरोध नहीं करते हुए भी इसमें रोड़े अटकाने की नीति भाजपा को सूट कर रही है.

इधर, कांग्रेस के लिए जातीय जनगणना का मुद्दा उठाना तो आसान है, लेकिन इससे जुड़ी चुनौतियों का सामना करना उतना ही मुश्किल है. इसे कर्नाटक के संदर्भ में समझें. कर्नाटक कांग्रेस में सीएम सिद्धारमैया ओबीसी समुदाय से हैं, जबकि डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार वोक्कालिंगा समुदाय से. यहां जातीय सर्वेक्षण के लीक हुए आंकड़ों ने वोक्कालिंगा समुदाय को सांसत में डाल रखा है. इसके मुताबिक वोक्कालिंगा समुदाय की आबादी 11 फीसद है. जबकि, माना यह जाता रहा है कि वोक्कालिंगा की आबादी 13 फीसदी है. इसी तरह लिंगायतों की आबादी 14 फीसद के बजाए 11 फीसद सामने आ रही है. आबादी घटने का अर्थ है आरक्षण में हिस्सेदारी के दावे का घटना. लिहाजा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को अपनी ही सरकार के जातीय सर्वेक्षण पर उंगली उठाने को मजबूर होना पड़ा है. राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना का जो कार्ड राहुल गांधी ने खेला है उसका प्रत्यक्ष विरोध करने का राजनीतिक साहस किसी राजनीतिक दल में नहीं है. मगर, प्रभावशाली जातियों से जुड़े कांग्रेस और इंडिया में शामिल दलों के लोग इसका अंदर ही अंदर विरोध कर रहे हैं. यह विरोध ओबीसी जातियों के बीच भी है, जहां यह समझ बन रही है कि यादव जैसी दबंग जातियां अपने रसूख का इस्तेमाल शेष ओबीसी जातियों पर रौब दबाने के लिए करती रही हैं. इसे बिहार के संदर्भ से समझें. 243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा में बनिया समुदाय से 20 विधायक हैं और इनकी आबादी 8 प्रतिशत मानी जाती रही है. लेकिन, ताजा सर्वेक्षण में बनिया आबादी 2.32 प्रतिशत है. इससे बनिया नाराज़ हैं. बिहार में 52 विधायक यादव समुदाय से हैं. यादवों (14.26%) के मुकाबले वे बहुत कम हो गये हैं. इससे उन्हें अपना हक़ छिन जाने का अंदेशा है. लिहाजा बनिया नेता जातीय सर्वेक्षण के खिलाफ हैं. यही हाल भूमिहार, कायस्थ और शेख मुसलमानों का भी है, जिन्हें लगता है कि सर्वेक्षण में उनकी संख्या को घटा कर दिखाया गया है.

जातीय जनगणना का व्यावहारिक मतलब और मकसद दोनों यही है कि ओबीसी के वोटबैंक को साधा जाए. मंडल कमीशन की सिफारिशों के अनुरूप ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण प्राप्त है, जबकि आबादी 1931 की जनगणना के मुताबिक, 52 फीसदी है. एससी या एसटी वर्ग को उनकी आबादी के अनुरूप आरक्षण हासिल है. ऐसे में ओबीसी वर्ग अपने साथ हुए अन्याय की बात को महसूस करता रहा है. अब जबकि ईडब्ल्यूएस कोटा आ चुका है और इस वजह से आरक्षण की सीमा भी टूटी है तो आबादी के हिसाब से आरक्षण की मांग ने औचित्य हासिल कर लिया है. इसी औचित्य को नीति और सिद्धांत का रूप दे रहे हैं राहुल गांधी या फिर नीतीश कुमार. जातीय जनगणना से सहमी हुई जातियों में सवर्ण तो हैं ही, ओबीसी के अंतर्गत आने वाली पिछड़ी जातियां भी हैं. इन जातियों को ओबीसी के अंतर्गत प्रभावशाली जातियों से डर है. फिर भी ओबीसी वर्ग की ये जातियां जातीय जनगणना के विरोध में नहीं हैं. मगर, इतना तय है कि जातीय सर्वेक्षण या जातीय जनगणना के आंकड़ों से नयी-नयी किस्म की जटिलताएं सामने आएंगी. इन जटिलताओं से निबटने का मैकेनेजिम ढूंढ़ना राजनीतिक दलों और खासकर इंडिया के लिए चुनौती रहेगी. देश के अलग-अलग हिस्सों में दबंग जातियां हैं, जो आरक्षण की मांग करती रही है. इनमें जाट, गुर्जर, पाटीदार, मराठा प्रमुख हैं. ये जातियां अपने आंदोलन में सफल नहीं हो सकी हैं. जब-जब आरक्षण देने की कोशिशें हुई हैं तब-तब सुप्रीम कोर्ट ने उसे संविधान के दायरे में बांधने और निष्प्रभावी बनाया है. फिर भी राजनीतिक ताकतें मायूस नहीं होतीं, क्योंकि उन्हें वोट बैंक साधने की सियासत करनी होती है. वहीं, इन दबंग जातियों ने आरक्षण हासिल करने के लिए अपनी रणनीति में भी बदलाव किया है. सत्ताधारी दल भाजपा अवश्य उन मुद्दों को हवा दे रही है जिससे जातीय जनगणना और आबादी के हिसाब से आरक्षण की मांग उठा रही कांग्रेस और इंडिया की मुश्किलें बढ़ें. कर्नाटक का उदाहरण ही लें तो यहां लिंगायत और वोक्कालिंगा समुदाय की आपत्तियों के साथ खड़े होकर जातीय सर्वेक्षण पर भाजपा सवाल जरूर खड़े कर रही है, मगर उसका जोर जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों को सामने लाने पर है. इससे सिद्धारमैया सरकार का अंतर्विरोध गहरा होगा, जिसका फायदा भाजपा को मिल सकता है. लेकिन, इसका दूसरा पहलू यह है कि 2011 की जनगणना के जातीय आंकड़े जारी करने का दबाव भी स्वयं भाजपा की केंद्र सरकार पर आएगा. इसका मतलब यह है कि अगर एक उंगली भाजपा इंडिया की ओर उठाती है तो बाकी उंगलियां स्वयं भाजपा की ओर उठ जाती हैं.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. एसके पाण्डेय

धीर हितकारी भगवान राम

भगवान राम जन हितकारी हैं. वे अपने भक्तों का हित करते हैं. दीन-दुखियों का हित करते हैं. पुकारने वालों का हित करते हैं. हित करते तो हैं लेकिन इसमें थोड़ी देर जरूर हो जाती है. इसलिए रामजी के भक्तों को धैर्य धारण करना चाहिए. देवता लोग बहुत दिन से रावण के आतंक से परेशान थे. देवताओं की बड़ी दुर्दशा थी-बलहीन दीन देव जब सोच संताप बस भिखारी. दनुज सब टोह में बसैं गिरि खोह में हालत परम दुखारी.। (विनयावली) राम जी ने देवाताओं के दुःख को दूर तो किया और रावण के आतंक का अंत भी लेकिन इसमें समय लगा और देवताओं को तब तक बहुत कुछ सहना पड़ा. मनु और शतरूपा जी ने रामजी को रामजी से ही पुत्र रूप में मांग लिया था. और जब वे दशरथ-कौशल्या के रूप में अयोध्याजी के राजा-रानी हुए तो राम जी जल्दी नहीं आए. राजा-रानी, पुरवासी सब सोच में थे कि राजा के पुत्र होगा भी कि नहीं. आते-आते रामजी ने इतना समय लगाया कि राजा-रानी का चौथपन आ गया. जब सामान्तया कोई सोच भी नहीं सकता था. तब राजा दशरथ को पुत्र की प्राप्ति हुई वो भी एक नहीं चार. इसी तरह अहिल्या जी को भी बहुत प्रतीक्षा करनी पड़ी तब जाकर उनका उद्धार हुआ. धनुष जग्य में रामजी ने पहले धनुष को नहीं तोड़ा. जब राजा जनकजी और रानी समेत सब पुर-नर-नारी आदि व्याकुल हो गए कि जब इतने बड़े-बड़े बलशाली राजा धनुष को नहीं तोड़ पाए तो अब धनुष को कौन तोड़ेगा? तब जाकर अंत में रामजी ने धनुष को तोड़कर सबको हर्षित किया। परशुराम जी आए तो उनका भी समाधान शीघ्र नहीं किया. चाहते तो कर देते, लेकिन परशुराम जी ने जब बहुत कुछ कह लिया, तब रामजी ने उनका समाधान कर दिया. इसी तरह शबरी जी राह देखती रहीं. बहुत दिन बाद रामजी ने उनकी भी सुधि ली. जब श्रीहनुमानजी महाराज रामजी से मिलने आए तो उनका हाल चाल पूछा. अपने बारे में भी बताया, लेकिन जो हनुमानजी जानना चाह रहे थे. वह नहीं बताया. कुछ देर बाद हनुमान जी की समझ में बात आई कि ये धीर हितकारी ही हैं. और तो और, रामजी ने लंका पर चढ़ाई इसलिए ही तो की थी कि सीता जी को मुक्त कराना है.

बढ़ रही है महिलाओं के खिलाफ हिंसा

• आधी आबादी

नीलम श्रीवास्तव

सत्तर के दशक में अमेरिका और यूरोप में व्यापक रूप से नारीवादी आंदोलनों की शुरुआत हुई, विशेष रूप से फ्रांस में महिला एक्टिविस्ट और लेखिका सिमोन द बबुआर की पुस्तक 'द सेकेंड सेक्स' के प्रकाशन के बाद ही दुनिया भर में महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव और हिंसा के ख़िलाफ़ विश्व के लोगों और सरकारों का ध्यान गया. अगर हम विश्व का इतिहास देखें तो विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक और मानवीय त्रासदियां हों, विभिन्न देशों के बीच युद्ध हो या गृहयुद्ध हो, इसमें सबसे ज़्यादा शिकार महिलाओं को ही होना पड़ा था और आज भी यही हो रहा है, इसीलिए यह भी कहा जाता है कि "सभी युद्ध औरत के शरीर पर ही लड़े गए तथा औरत अंतिम उपनिवेश है और अभी इसकी मुक्ति का कार्यभार शेष बचा है." दुनिया भर की सरकारों ने महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा के कड़े कानून तो बनाए हैं, लेकिन वे इसको लागू करने में इसलिए असफल रहीं, क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुद ही महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा में लिप्त पाई जाती हैं. महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा का मतलब केवल शारीरिक हिंसा नहीं है, यह बहुत व्यापक है. इसमें यौन, वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक और वित्तीय शोषण शामिल है. अगर हम देश के अंदर देखें, तो दो मुख्य प्रकार की हिंसा देखने में आती है. पारिवारिक हिंसा और यौन उत्पीड़न. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के ख़िलाफ़ होने वाली हिंसा के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने निम्नलिखित परिभाषा दी है- "महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा शब्द का अर्थ लिंग आधारित हिंसा का कोई भी काम शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं को शारीरिक, यौन या मनोवैज्ञानिक क्षति या पीड़ा होती है, जिसमें ऐसे कृत्यों की धमकियां अथवा ज़बरदस्ती संबंध बनाना शामिल है." कार्यस्थल पर महिलाओं से यौन शोषण की घटनाएं वहां आम हैं. हिंसा और बलात्कार की घटनाएं भी होती रहती हैं, लेकिन तीसरी दुनिया के देशों की तरह वहां पर एक बात अच्छी है कि वहां पर यौन शुचिता का मामला वैसा नहीं है, जैसा भारत जैसे देशों में है. यहां पर बलात्कार की शिकार महिला को समाज बहुत ही हेय दृष्टि से देखता है, उसके विवाह होने में दिक्कत आती है, कभी-कभी तो उसे आत्महत्या तक करनी पड़ती है.तीसरी दुनिया के देशों में महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा अपने हर रूपों में मौजूद है. हर धर्म स्त्रियों के ख़िलाफ़ भेदभाव करता है इसलिए जिन देशों में धर्म पर आधारित शासन है, वहां पर महिलाओं को

> दुनिया भर की सरकारों ने महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा के कड़े कानून तो बनाए हैं, लेकिन वे इसको लागू करने में इसलिए असफल रहीं, क्योंकि कानून लागू करने वाली एजेंसियां खुद ही महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा में लिप्त पाई जाती हैं. महिलाओं के ख़िलाफ़ हिंसा का मतलब केवल शारीरिक हिंसा नहीं है, यह बहुत व्यापक है.

व्यापक रूप से भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है. अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद महिलाओं को स्कूल-कॉलेज में जाकर पढ़ाई करने पर रोक लगा दी गई. वे नौकरी करने के लिए घर से बाहर नहीं जा सकतीं. हमारे देश में स्त्रियों के ख़िलाफ़ हिंसा के विरोध में कड़े कानून बनाए गए हैं. निर्भया बलात्कार और हत्याकांड के बाद इनकी अनेक धाराओं को और भी कठोर बना दिया गया, परन्तु यह भयावह सच्चाई है कि इन सबके बावजूद स्त्रियों के ख़िलाफ़ हिंसा, चाहे वह भ्रूणहत्या हो, घरेलू हिंसा, बलात्कार अथवा हत्या हो, उनमें काफ़ी बढ़ोतरी हो गई है. 2012 का महिला हिंसा का आंकडा इस प्रकार है, जो भारत की विशाल आबादी को देखते हुए कमतर नहीं आंका जा सकता.भारत के 2012 के नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट मेंः- अपराध दर प्रति 1 लाख पर 46, बलात्कार दर प्रति 1 लाख पर 2, डकैती हत्या दर प्रति 1 लाख पर 0.7 और पति या उसके रिश्तेदार द्वारा घरेलू हिंसा या बलात्कार की दर प्रति 1 लाख पर 5.9 बताई गई है. लैंसेट में 2014 के एक अध्ययन में कहा गया है, जबकि भारत में यौन हिंसा का 8•5% विश्व में सबसे कम है, लेकिन ऐसा अनुमान है कि भारत में 27•5 मिलियन महिलाएं प्रभावित होंगी. इसके अलावा 2006 के सर्वेक्षण में पाया गया था कि शादी के पहले या बाद यौन हिंसा झेलने वाली 85% महिलाओं ने कभी भी अपने ख़िलाफ़ हो रही हिंसा को कोई रिपोर्ट नहीं की, केवल 1% महिलाओं ने अपने ख़िलाफ़ हो रहे शोषण का विरोध करते हुए पुलिस में अपनी रिपोर्ट दर्ज़ कराई. भारत एवं दुनिया भर के पिछड़े देशों में महिलाओं के ख़िलाफ़ सामुदायिक हिंसा एक बड़ी समस्या है. जिन देशों में युद्ध-गृहयुद्ध जैसी स्थितियां हैं, उन देशों में एक समुदाय द्वारा दूसरे समुदाय की स्त्रियों के साथ बलात्कार और हिंसा बहुत आम है. हमारे देश में भी यह देखने में आता है, चाहे वह कश्मीर हो या मणिपुर.

संकट से बचने का एकमात्र मंत्र आत्मनिर्भरता

• आर्थिकी

सुरेश सेठ

इस समय विश्वभर में महंगाई व ब्याज दरों के बढ़ने और आपूर्ति गड़बड़ाने से महंगाई व महामंदी का दौर है, बेकारी का आलम है और संपन्न देशों में भी खाद्यान्न संकट है. लेकिन भारत के बारे में कहा जा रहा है कि हमारी निवेश दर और उपभोक्ता मांग का स्तर, भारतीय अर्थव्यवस्था को आसन्न आर्थिक संकट से बचा लेगा. पिछले दिनों मूडीज की निवेश सेवा ने भी भारत के आर्थिक परिदृश्य के लिए जो भविष्यवाणी की है, वह आशा बंधाती है. मूडीज कहता है कि भारत 6.7 प्रतिशत की विकास दर को बनाए रख सकेगा. ऐसे में विदेशी पूंजी निवेशक के बाहर निकलने से भी भारतीय आर्थिकी पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, जो आशावाद और सुनहरे भविष्य का पर्याय है. वास्तविक घरेलू आय को देख लीजिए. मार्च के त्रैमासिक में अगर इसकी विकास दर 6.1 प्रतिशत थी तो जून की तिमाही में 7.8 प्रतिशत हो गई. उसके बाद यही विकास दर की गति जुलाई-सितम्बर की तिमाही में भी बनी रही. उपभोक्ताओं का आशावाद साफ दिखाता है कि ब्याज दरें बढ़ने के बावजूद ऋण में वृद्धि होगी. यह वृद्धि दो अंकों में भी हो सकती है. जिस मांग के पतन की आशंका थी, वह एक दूसरा ही पक्ष दिखाने लगी. यह पक्ष भी ऐसा था कि देश के लोगों ने महंगे फ्लैट, महंगी कारों की मांग में अत्यधिक वृद्धि कर दी. ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेकर भी अपनी इच्छाओं को पूरा करने की परवाह नहीं की. दूसरी ओर मुद्रास्फीति का सूचकांक भी उपभोक्ताओं का थोड़ा-सा धीरज बंधा गया. सितम्बर महीने में हमने मुद्रास्फीति की दर को 6.8 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक गिरते हुए देखा. रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी पिछले दिनों कहा कि एक ओर हम मुद्रास्फीति पर नियंत्रण कर रहे हैं और दूसरी ओर आर्थिक विकास दर को गतिशील बनाने का प्रयास कर रहे हैं. बल्कि उसके बढ़ने की उम्मीद अगले दो-तीन साल में भारत को पांचवीं आर्थिक महाशक्ति से तीसरी आर्थिक महाशक्ति बना देने की संभावना बता रही है. हम इस विकट स्थिति से इसलिए निकल पाए क्योंकि भारत के घरेलू निवेशकों ने अपनी अर्थव्यवस्था पर भरोसा करते हुए ब्याज दरों के बढ़ने के बावजूद निवेश दर को घटाया नहीं. भारत के संपन्न होते हुए मध्यवर्ग ने अपनी देर से लंबित इच्छाओं की पूर्ति के लिए महंगी चीजों की मांग भी बढ़ा दी, जिसको पिछले उत्सव दिनों में भी देखा गया है. नतीजा यही है कि देश की फैक्टरियां रुकी नहीं. नौकरियों में जो छंटनी की आशंका थी, वह नहीं

> श्रमशक्ति को भारतीय लघु और कुटीर उद्योगों का संबल रोजगार दे रहा है. आधुनिक उद्योगों का सिलसिला संपन्न वर्ग के रोजगार के अवसरों को कम करने पर जोर देता है, जिससे युवाओं में बेहतर रोजगार के लिए पलायन का खतरा बढ़ जाता है.पिछले साल रिकार्ड स्तर पर भारतीय प्रवासियों ने अपनी नागरिकता छोड़ने की अर्जियां दी हैं.

हुई. उसके साथ-साथ सरकार ने अनुकम्पा और उदार सस्ते अनाज का अभियान चलाया, उससे भी देश में वह हालात पैदा नहीं हुए जो किसी अवसादग्रस्त मंदी के वातावरण में पैदा हो जाते हैं.लेकिन इस संतोष और धीरज भरे आर्थिक वातावरण में भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश की बढ़ती हुई श्रमशक्ति को उचित रोजगार प्राप्त नहीं हो रहा. उदार अनुकम्पा जिंदगी को चला नहीं सकती, उसे केवल जिंदा रख सकती है. श्रमशक्ति को भारतीय लघु और कुटीर उद्योगों का संबल रोजगार दे रहा है. आधुनिक उद्योगों का सिलसिला संपन्न वर्ग के रोजगार के अवसरों को कम करने पर जोर देता है, जिससे युवाओं में बेहतर रोजगार के लिए पलायन का खतरा बढ़ जाता है.पिछले साल रिकार्ड स्तर पर भारतीय प्रवासियों ने अपनी नागरिकता छोड़ने की अर्जियां दी हैं. भले ही घरेलू मांग की वृद्धि दिखाते हुए भारत ने मंदी का मुंह मोड़ दिया. लेकिन याद रखिए, यह अच्छे दिनों की आमद की सूचना नहीं है. अच्छे दिन तभी आते हैं, जब देश की जनता को रोजी-रोटी और रोजगार की सुरक्षा मिल जाए. अधिकतर नौजवान या तो रियायती अनाज पर जीने का भरोसा किए हैं या विदेशों के सपने के साथ यहां से पलायन कर जाना चाहते हैं. जो पराजित और थके-हारों में शामिल हो गए, उनके लिए तो नशों का अंधेरा है ही.देश में स्थायी मंदी तभी टल सकेगी अगर काम करने वाले हाथों को यथोचित काम मिल जाए. डिजिटल या स्वचालित निर्माण व्यवस्था के साथ रोजगारपरक लघु और कुटीर उद्योगों का एक ऐसा संतुलन पैदा कर दिया, जो कि जरूरी वस्तुओं की मांग में भी कमी न आए. आम आदमी के काम की अपेक्षा की सुध ली जाए, तभी देश में स्थायी विकास होगा. इस समय मूल्य सूचकांकों में एक त्रुटि हमें नजर आ रही है कि इनका गिरना रोजमर्रा के इस्तेमाल के खाद्य पदार्थों और सब्जियों की कीमतों के गिरने पर ही निर्भर करता है.

मीडिया में अन्यत्र

डीपफेक पर अंकुश अनिवार्य

हाल के दिनों में सूचना माध्यमों में डीपफेक शब्द सुर्खियों में है. डीपफेक तकनीक के शिकार होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं. इस संकट को लेकर पिछले दिनों प्रधानमंत्री भी चिंता जता चुके हैं. अब सरकार भी सोशल मीडिया कंपनियों को चेता चुकी है कि वे इसके लिए जवाबदेह होंगे और उन्हें सेफ हार्बर नहीं मिलेगा. सरकार इस मामले में कमर कस चुकी है और पंद्रह दिन में नया कानून लाने की बात कर रही है, जिसमें पुराने नियमों में बदलाव करके नये सख्त नियम जोड़ने की बात सामने आई है. उल्लेखनीय है कि इस तकनीक के गलत इस्तेमाल से बने सेलिब्रिटीज के भी कई डीपफेक वीडियो वायरल हुए हैं. इसमें बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना, काजोल व कटरीना आदि के नाम सामने आए हैं. डीपफेक के मामले केवल भारत तक ही सीमित नहीं है. विगत में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा व मेटा के मुखिया मार्क जुकरबर्ग भी इसकी चपेट में आ चुके हैं. दरअसल, डीपफेक बनाने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये किसी की फर्जी तस्वीर या वीडियो बनाया जाता है. इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एक प्रकार डीप लर्निंग का प्रयोग किया जाता है, जिसके चलते इसे डीपफेक कहा जाता है. दुनिया में अश्लील सामग्री तैयार करने में बड़े पैमाने पर इस तकनीक का प्रयोग किया जाता रहा है. इस मामले में तकनीकी विस्तार से समाज पर खासा प्रतिकूल असर पड़ रहा है. हर साल हजारों की संख्या में डीपफेक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित होते रहते हैं. दरअसल, इस तकनीक का प्रयोग महिलाओं की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता रहा है, जिसके लिए फिल्म व संगीत से जुड़ी हस्तियों को ज्यादा निशाना बनाया जाता है. ऐसा भी नहीं है कि सिर्फ महिलाएं ही इस फर्जी तकनीक का शिकार होती हैं. पुरुष भी इस भ्रमजाल का शिकार बनते हैं. यह रोग समाज को घुन की तरह खोखला कर रहा है. अब तक ऐसी खबरें आती थीं कि विशिष्ट लोगों के चित्रों से छेड़छाड़ की गई है, लेकिन उसकी पहचान हो जाती थी कि खेल नकली है. लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के चलते डीपफेक इतनी चतुराई से तैयार किया जाता है कि सही-गलत का भेद करना मुश्किल हो जाता है. (द ट्रिब्यून)

शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

वेदना/संवेदना/सहानुभूति

वेदना का सामान्य अर्थ पीड़ा होता है. यह पीड़ा अपनी भी हो सकती है और अपने आसपास के लोगों की भी. जब आसपास के लोगों की पीड़ा पूरी गहराई से महसूस होने लगे तो उसे संवेदना कहते हैं. इसके लिए सहानूभूति शब्द का भी प्रयोग होता है, जिसे अंग्रेजी में सिंपैथी कहते हैं. दूसरे शब्दों में वेदना का मतलब वह दुःख या पीड़ा है, जिसके साझीदार आप खुद होते हो. संवेदना का मतलब आपकी वेदना को, पीड़ा को, तकलीफ को महसूस करने में आपका कोई साझीदार होता है, जिससे आपका दुःख थोड़ा बंट जाता है. यदि सहानूभूति, संवेदना, अनुकंपा, दया, तरस आदि शब्दों को हमदर्दी का पर्याय माना लिया जाये तो कोई गलत नहीं है, लेकिन इन सभी शब्दों गूढ़ार्थ में सूक्ष्म अंतर अवश्य हैं. सहानुभूति का मतलब होता है कि हम किसी के दुःख को देखकर ही मन में यह प्रबल इच्छा जगने लगती है कि काश, हम इसके दुःख या पीड़ा को दूर कर पाते. जब हम जज्बाती तौर पर किसी का दुख महसूस करते हैं यानी उसके कष्ट को दिल से महसूस करते हैं, उस पीड़ित व्यक्ति के बारे में उसके हालातों के बारे में गंभीरता पूर्वक सोचने लगते हैं तो वही संवेदना है. हम किसी की पीड़ा को किस हद तक महसूस करते हैं, उसी की तीव्रता सहानुभूति और संवेदना में अंतर बताती है. आसान शब्दों में अगर कोई भी बुजुर्ग महिला बीमार है या उसके हालातों अच्छे नहीं तो हमें उससे सहानुभूति होती है. अगर हमारी मां, बहन ,पिता किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं तो हम उनके दुख या तकलीफ के बारे में बार बार सोचते और बात करते हैं, ये हमारी संवेदनाएं हैं. सहानुभूति की जननी संवेदना ही है. जो संवेदनहीन है, वह सहानुभूति भी नहीं कर सकता. संवेदनाएं दिल की गहराई से जुड़ी होती है और इसका असर बहुत देर तक रहता है जबकि सहानुभूति कुछ पल या कुछ दिन की होती है और हम जल्द भूल जाते हैं.

आइए, थोड़ा गप-शप कर लेते हैं!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

आप माने या न माने, अंग्रेज़ी का शब्द 'गॉसिप, हिन्दी के 'गपशप' से ही आया है. गपशप ही अंग्रेज़ी में ढलते ढलते 'गॉसिप' बन गया. यह गप नहीं है, इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए. आखिर गप होती क्या है ? इसका अर्थ मन-बहलाव के लिए की जाने वाली इधर उधर की बातचीत से लगाया जाता है. वैसे यदि अच्छी खाने की थाली सामने हो तो भला कौन उस स्वादिष्ट खाने को गपक नहीं लेगा. हर खिलाड़ी गेंद को गपकने में माहिर होता है. लेकिन ज़ाहिर है, खाना गपकना और गेंद गपकना अलग-अलग बातें हैं. इनके बीच हम घपला नहीं कर सकते. गेंद खाई नहीं जा सकती. गप वास्तविक नहीं होती. यह झूठ है. पर एक सज्जन पूछ रहे थे, कि गप झूठ बात है या गप वास्तविक नहीं होती, यह झूठ बात है. सर चकरा देने वाला प्रश्न है. दोनों ही बातें सही हो सकती हैं, और गलत भी. प्रश्न की समझ पर निर्भर करता है. कहा गया है कि गप 'लड़ाई' जाती है. पर गप किससे लड़ती है, या लड़ाई जाती है, आज तक कोई बता नहीं सका. कहा तो यह भी जाता है की गप उडाई जाती है, पर गप उड़ाते समय क्या उसकी डोर उड़ाने वाले के हाथ में रह पाती है. उड़ी तो उड़ी. फिर उसे नियंत्रित करनेवाला कोई नहीं रहता. उड़ते-उड़ते वह कब क्या रूप ले ले, कोई नहीं बता सकता. गप तो गप है. बहुरूपिया है. कहा जाता है, गप मारी जाती है. पता नही उसे हाथ में लेकर मारते हैं या फेंककर मारते हैं ? क्या वह इतनी हलकी होती है कि उसे हाथ से उठा लिया जाए? गप का भार नापने का अभी तक कोई पैमाना तो बना नहीं है. शायद कभी विज्ञान इस दिशा में भी काम करे. पर अभी तो विज्ञान भी चुप है. यह भी कहा गया है कि गप हांकी जाती हैं. गप न हुई ताँगे में जुटा घोड़ा हो गई. और कोचवान उसे हांकता है. क्या गप कोचवान के हवाले कर दी गई है? गप का प्राथमिक मूल्य तो उसकी आज़ादी है. उसे भला कौन हांक सकता है? गप से उसकी आजादी छीन लीजिए, गप समाप्त हो जाएगी. जीते जी बे मौत मर जाएगी. लोग गप लगाते हैं. कहां लगाते हैं, किस पर लगाते हैं, कोई नहीं जानता. क्या कोई दीवार है जिसपर लोग गप चिपका देते हैं. या कोई खूँटी है जिसपर गप टांग दी जाती है? गप के सम्बन्ध में ऐसी बातें करना भले दिलचस्प हो, लेकिन वाजिब तो कतई नहीं है.गप आप चाहें मारे या लगाएं, हांकें या लड़ाएं – इससे गप के उसके अपने स्वभाव में कोई अंतर नहीं आता, वह बनी गप ही रहती है. सच तो यह है कि गप को परिभाषित करना बिलकुल असम्भव है. जब तक आप उसे परिभाषित करेंगे गप आगे बढ़ जाएगी. उससे पार पाना नामुमकिन है.

लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : प्रभास

लेते हैं हाई प्रोटीन व मीडियम कार्ब्स डाइट

बाहुबली में प्रभास की बॉडी वाकई ट्रेंडसेटर थी. इसके लिए तीन साल तक टफ डाइट प्लान और हार्ड ट्रेनिंग ली थी. अपने वजन को 82 किलो से बढ़ा कर 102 किलो किया था. लेकिन बाहुबली के बाद अगली फिल्म के लिए उन्हें वापस अपने पुराने वजन पर आना था. इसके लिए भी उन्होंने खास डाइट प्लान को फॉलो किया.

प्रभास हाई प्रोटीन व मीडियम कार्ब्स डाइट लेते हैं. प्रतिदिन सात मील लेते हैं जो मूल रूप से प्रोटीन होता है. कार्ब्स के रूप में सामान्यतया चावल ही लेते हैं.

सुबह की शुरुआत कुछ मेवों के साथ होती है. इसके बाद 12-15 अंडों की सफेदी, ब्रेड व जूस लेते हैं. दोपहर को मुख्यतः चिकन खाते हैं. इसके साथ हरी सब्जियां व ब्राउन राइस भी होता है. डिनर में जीरो कार्ब्स होता है. आमतौर पर डिनर में मछली व चिकन ही होता है.

गाजर, सेलेरी व अदरक का रस यह जूस रखेगा फिट

ठंड के दिनों में गाजर, सेलेरी और अदरक का ताजा रस निकाल कर पिएं. यह जूस कई तरीके से फायदेमंद है. गाजर में मौजूद विटामिन एक की भरपूरता आंखों की दुरुस्तगी के लिए फायदेमंद है. इस जूस में पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो तनाव (स्ट्रेस) को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं. साथ ही इसमें मौजूद मिनरल्स डिप्रेशन और एंग्जायटी को कम कर सकते हैं. इसलिए डिप्रेशन या अवसाद की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए ये जूस फायदेमंद साबित हो सकता है. सेलेरी और अदरक के सेवन से पाचन में सुधार हो सकता है और गाजर में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र के लिए लाभदायक है. प्रकृति के तीन वरदान से तैयार इस जूस के सेवन से हमारी त्वचा बेहतर होगी और निरंतर सेवन से उसकी चमक में इजाफा होगा.

अनिद्रा इन दिनों आम समस्या है. इस समस्या से राहत दिलाने में भी गाजर, सेलेरी और अदरक का जूस फायदा कर सकता है. इसे पीने से आपको थकान कम होगी और नींद अच्छी आएगी.

अगर शुगर के पेशेंट हैं, तब भी आपको यह जूस नियमित पीने की सलाह दी जाती है. इस जूस को पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता भी बेहतर होगी.

पढ़ाई या काम में एकाग्रता चाहिए तो कीजिए जल और सूत्र नेति

जल और सूत्र नेति प्रभावी योगिक प्रथाएं हैं, जो स्मृति और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं. ये योगिक प्रथाएं नाक की सफाई और शुद्धिकरण करती हैं. इसके लिए जहां जल नेति में गरम नमक वाले पानी का उपयोग किया जाता है, वहीं सूत्र नेति धागे की सहायता से की जाती है. इन दोनों की यौगिक क्रियाओं का उद्देश्य नाक के शुद्धिकरण से नाड़ियों को खोलना है, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है. इस क्रिया में नाक से जुड़ी कई नसों और इंद्रियों को साफ करने से मानसिक एकाग्रता और चिंतन क्षमता में सुधार होता है. यह प्राकृतिक तरीके से दिमाग को शांत और स्थिरता देती है, जिससे स्मृति और ध्यान बढ़ता है. दरअसल नेति के जरिए हम श्वसन तंत्र को साफ करते हैं, जिससे फेफड़ों और सांस की नलिकाओं में वायु का स्वस्थ संचार होता है. इससे हमारे शरीर को अधिक ऑक्सीजन मिलती है, जो दिमाग की कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद करती है.

यह गरारा दिलाएगा गले की खराश से राहत

इन दिनों कुछ ठंडा खा-पी लेने या ठंड के प्रभाव से गले में खराश की समस्या हो जाती है. अक्सर गरम-गरम चाय-कॉफी या सूप पीने से गले की खराश में राहत मिलती है. आज हम चायपत्ती से गरारे की बात करें जो गले की खराश में तुरंत राहत दिलाता है. इसके लिए एक बड़ा चम्मच चाय की पत्ती को गर्म पानी में डालें. उसमें थोड़ा सेंधा नमक मिलाकर छान लें. इसके बाद अच्छी तरह से गरारे करें. इससे गले में खराश, छाती में जमे कफ और टॉन्सिल में भी आराम मिलेगा. अगर छाती में कफ जमा है, तो रात में छाती पर गाय के देशी घी में थोड़ा सा सेंधा नमक मिलाकर लगाएं और अच्छे से कवर करके सो जाएं. सुबह खांसी के साथ कफ बाहर निकल जाएगा.

शिखर चंद जैन

मोटापा और ज्यादा वजन इन दिनों हर किसी की समस्या है. फिटनेस रिजाइम जोश-जोश में शुरू तो करते हैं पर थोड़े ही दिनों में फिर आलस्य के शिकार हो जाते हैं.खानपान पर भी हमारा नियंत्रण खुद को भ्रम में रखने जैसा ही है. वैसे ये दोनों ही चीजें तो वेट कंट्रोल के लिए जरुरी हैं ही लेकिन साथ में कुछ और बातों पर भी ध्यान दें तो आपको वांछित परिणाम जल्दी मिलेंगे.

इन सिम्पल चीजों से भी होता है वेट लॉस

वेट लॉस के लिए डायरी लिखें

आपको यह बात सुनने में अजीब जरूर लगेगी पर हैल्थ एक्सपर्ट्स का तो ऐसा ही मानना है. उनका कहना है कि अगर आप वाकई वजन घटाने के मामले में गंभीर हैं तो फिर रोज एक नोटबुक या डायरी में दिन भर की फिजिकल एक्टीविटीज और क्या-क्या खाया इन्हें नोट करें. आपको यहां एक-एक कैलोरी गिनने की जरूरत नहीं है, बस इन पर ट्रैक रखने की दरकार है. इससे यह फायदा होगा कि जब भी आप कोई गलत काम करेंगे, खुद ही समझ जाएंगे. अगले दिन जब आप उस गलती को दोहराने से बचेंगे, तो आपका काम आसान हो जाएगा.

कॉमन कोल्ड से रहें दूर

यूएस के पेनिंगटन बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के अनुसंधानकर्ता प्रोफेसर निखिल धुरंधर की मानें तो सर्दी जुकाम से या श्वसन रोग से पीड़ित रहने वाले व्यक्तियों में मोटापा बढ़ने के चांस ज्यादा होते हैं. क्योंकि कॉमन कोल्ड का कम से कम एक वायरस ओबेसिटी से सीधा जुड़ा हुआ है. एडीनोवायरस-36 (एडी-36) नामक यह वायरस बॉडी में फैट सेल्स के साथ-साथ इन सेल्स में फैट की मात्रा भी बढाता है. संभव हो तो तरह-तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन का सहारा भी लिया जा सकता है या फिर जीवन शैली में वांछित परिवर्तन करके सर्दी-जुकाम व रेस्पीरेटरी डिजीज से बचने की कोशिश करनी चाहिए.

हमेशा खुश रहने की कोशिश करें

यूनिवर्सिटी औफ कैलिफोर्निया के ताजा अध्ययन में पता चला है कि स्ट्रेस पेट की चर्बी को बढ़ाने का काम करता है. इसकी मूल वजह यह है कि स्ट्रेस के कारण बॉडी में कौर्टिसोल हारमोन रिलीज होता है, जिससे बार-बार भूख लगती है. इस स्थिति को मेडिकल भाषा में इमोशनल ईटिंग या स्ट्रेस ईटिंग कहते हैं. स्ट्रेस को दौरान हम तब भी हाई कैलोरी फूड का लेते हैं, जब वास्तविक रुप से हमें भूख ही नहीं लगी हो. इससे मेटाबोलिज्म की दर कम होती है और पेट की चर्बी इकट्ठी होने लगती है. इससे स्ट्रेस से दूर रहने की कोशिश करें, खूब मस्त रहें और व्यस्त रहें. जब भी खुद पर स्ट्रेस का दबाव महसूस करें तब म्यूजिक, फिल्म, गेम, वाकिंग, योगा या किताब पढ़ने में खुद को बिजी कर लें.

ग्रीन टी पियें

ग्रीन टी को कमर का घेरा घटाने में विशेष सहायक माना गया है. अब यूके की एंजलीना रस्किन यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए ताजा शोध में भी इसकी पुष्टि हो गई है. इन शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग ग्रीन टी पीते हैं और नियमित एक्सरसाइज भी करते हैं उनमें अतिरिक्त चर्बी तेजी से घटती है. जो लोग दिन में तीन बार ग्रीन टी पीते हैं उनमें मोटाबोटिक दर 4 फीसदी बढ़ जाती है. यानी हर रोज 60 कैलोरी अतिरिक्त बर्न होती है. इसलिए बेहतर होगा कि बेड टी, चीनी भरे डिब्बा बंद जूस, और कौफी की बजाय ग्रीन टी को अपनी रुटीन का हिस्सा बनाएं.

समुचित मात्रा में पानी पिएं

समुचित मात्रा में पानी पीने से स्किन, हड्डियां और दांतों को तो फायदा होता ही है इससे मसल्स की ग्रोथ और डाइजेशन में भी काफी लाभ मिलता है. इससे हारमोनल बैलेंस भी मेंटेन होता है और फैट बर्न करने में भी मदद मिलती है. न्यूट्रीशन और फिटनेस एक्सपर्ट पैट्रिक ओवन का कहना है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर आप अपने वेट लॉस प्रोग्राम को ज्यादा असरदार बना सकते हैं. इससे लिवर और किडनी का काम आसान हो जाता है पानी कम पीने से किडनी की कार्यकुशलता कम हो जाती है जिससे लिवर को ज्यादा काम करना पड़ता है. नतीजतन लिवर की फैट बर्न करने की क्षमता कम हो जाती है. एक ताजा अध्ययन के मुताबिक आप ज्यादा पानी पीते हैं तो शरीर में वसा का संचय कम होता है. पानी की अधिक मात्रा न सिर्फ लिवर की वसा जलाने की क्षमता को बढ़ाता है बल्कि कैलोरी भी अधिक बर्न होती है. कई यूरोलॉजिस्ट दिन भर में 4-5 लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं.

एक्सपर्ट व्यू

थोड़ी-थोड़ी देर पर खाएं, पर कम खाएं

डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट डाइटीशियन

आलेख में सुझाए गए सभी टिप्स कारगर हैं. वेट लॉस के लिए वर्कआउट और डाइट का 30-70 के फार्मूला से बिल्कुल सहमत हूं. 45 मिनट का तेज वॉक न केवल वजन कम करने में सहायक है, बल्कि इससे फेफड़ों में ऑक्सिजन भी पर्याप्त मात्रा में पहुंचता है. लेकिन ध्यान रखना है कि अगर घुटनों में समस्या है तो ऊंचाई पर चढ़ने, सीढ़ियों पर अपडाउन करने से बचना चाहिए.

खाने के आधा घंटे पहले और आधा घंटे बाद पानी पीना चाहिए. आधा घंटा पहले पीने से हम ओवर ईटिंग से बचते हैं, वहीं आधे घंटे बाद पीने से पाचन में सहूलियत होती है. टीवी देखते खाने की जगह कैंडल लाइट डिनर का सुझाव भी कारगर है. जंक फूड, पैक्ड व फ्लेवर्ड ड्रिंक, कोल्ड ड्रिंक, मैदे से बनी चीजें आदि का सेवन नहीं करें. खाने की मात्रा अधिक लेने की जगह हर दो घंटे पर थोड़ा खाना वजन घटाने में कारगर है.

वेट कंट्रोल के लिए जरूरी है 30-70 फार्मूला

अगर आप वेट कंट्रोल के मामले में सचमुच सीरियस हैं तो फिर आपको वर्कआउट और डाइट के बीच सही संतुलन बनाना होगा और 100 फीसदी सफलता के लिए 30-70 फार्मूला अपनाना होगा. शरीर की सही फिटनेस और वेट कंट्रोल के लिए जितनी जरूरी एक्सरसाइज और फिजिकल एक्टीविटी है उतनी ही जरूरी सही डाइट भी है. न तो सिर्फ एक्सरसाइज से काम चलेगा और न सिर्फ सही डाइट से. हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि फिट बॉडी के लिए 30 फीसदी एक्सरसाइज और 70 फीसदी सही फूड हैबिट्स जरूरी हैं.

कैंडल लाइट डिनर लें

वेट लॉस की आसान ट्रिक आजमाना चाहते हैं तो अपने पार्टनर के साथ कैंडल लाइट डिनर लिजिए. कोर्नेल यूनिवर्सिटी के अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक इसके कई फायदे हैं- कम भोजन से संतुष्टि होती है, जो खाया वह अच्छा लगता है और मूड भी अच्छा हो जाता है. तुलनात्मक अध्ययन में पाया गया है कि जिन लोगों ने हल्की रोशनी में भोजन किया उन्होंने दूसरे लोगों की तुलना में 175 कैलोरी कम ग्रहण की और प्लेट में रखा 18 फीसदी भोजन कम खाया. इतना ही नहीं कम रौशनी में खाने वालों ने भोजन काफी पसंद भी किया. वैज्ञानिकों का मानना है कि तेज रौशनी में बैठकर खाने से व्यक्ति मानसिक रुप से तेजी से और अधिक भोजन करने के लिए प्रेरित हो जाता है.

पर्याप्त नींद लें

अगर आप कम सोते हैं, तो सचेत हो जाएं. शिकागो यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ता कहते हैं कि नींद कम लेने से शरीर में हार्मोन संतुलन लड़खड़ा जाता है. इससे लेप्टिन का स्तर गिरता है (जो पेट भरे होने का एहसास करवाता है) और घ्रेलिन (जो भूख का अहसास करवाता है) का स्तर बढ़ जाता है. ऐसे में आप भूखे न भी हों, तो आपको भूख लगती हैं और आप कुछ खा लेते हैं. कुछ ऐसा ही मानना है ओबेसिटी सोसायटी (यूएस) के पूर्व अध्यक्ष और 'द स्किनी' किताब के लेखक डॉ. लुईस एरोन का. डॉ. लुईस अपने मरीजों को डाइट और दवाओं से ज्यादा हर रोज 7 से 8 घंटे तक सोने की सलाह देते हैं. कहते हैं, भरपूर नींद आपके भूख का अहसास नहीं होने देती और इशसे खुद ही कुछ वजन कम हो जाता है.

रात को लाइट बंद रखें

ओहियोस्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रैंडी नेलसन और उनकी टीम ने एक अध्ययन में पाया कि जिन चूहों को रात भर रोशनी में रखा गया उनमें आठ हफ्ते बाद दूसरे चूहों की तुलना में 50 फीसदी वजन ज्यादा पाया गया. दूसरे समूह के चूहों को या तो मंद रोशनी में या अंधेरे में रखा गया था. जबकि दोनों समूहों के चूहों के खाने और फिजिकल एक्टीविटी की मात्रा एक जैसी ही थी. कुछ अन्य अध्ययनों से पता चला है कि जिन लोगों को बार-बार अलग-अलग शिफ्टों में काम करना पड़ता है, उनमें भी मोटापा हावी रहता है. इन वैज्ञानिकों का मानना है कि रात में रोशनी से व्यक्ति के सर्कोडियन क्लौक जीन्स में बदलाव आ सकता है, जो मेटाबोलिज्म पर विपरित असर डालता है. इसलिए इनकी राय में रात को बेहद मंद रोशनी या अंधेरे में सोना अच्छा रहता है. विशेष रुप से कई एलईडी बल्बों द्वारा छोड़ी गई नीली रोशनी से जरुर दूर रहना चाहिए क्योंकि यह सर्कोडियन सिस्टम में व्यवधान उत्पन्न करती है.

ऊंचाई पर वाक करें

कई बार लोग शिकायत करते पाए जाते हैं कि हर रोज घंटे भर जौगिंग या वाकिंग करने के बावजूद वजन कम नहीं हो रहा है. इसकी वजह यह है कि लगातार एक ही तरह से वाकिंग करने पर शरीर इसका अभ्यस्त हो जाता है और पहले जितनी ऊर्जा का इस्तेमाल नहीं करता है. नतीजतन इससे कैलोरी की कम खपत होती है और वांछित फायदा नहीं मिल पाता. अगर आप अपने मेटाबॉलिज्म को एक्टिव करके ज्यादा कैलोरी जलाना चाहते हैं तो अलग तरह से वर्कआउट और वाकिंग आजमाएं, जो ज्यादा इंटेंस हों. चढ़ाई चढ़ने, सीढ़िया चढ़ने, ट्रेनिंग में डंबेल का साइज या वजन बढ़ाने की कोशिश करें ताकि आपकी हार्ट ज्यादा पंप करे और ज्यादा एनर्जी खर्च हो, ज्यादा कैलोरी जले.

मौसम के बदलाव को आसान बनाएंगे ये योगासन

मौसम बदल रहा है और इसका प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ रहा है. बड़े-बुजुर्गों का कहना है कि मौसम के बदलाव के अनुसार हमारा खान-पान, हमारी जीवनशैली और हमारी दिनचर्या सेट करना जरूरी है. योग भी इस मामले में उपयोगी है. योग विशेषज्ञों की मानें तो इस मौसम में शरीर में तालमेल के लिए ये चार योगासन लाभप्रद हैं. इनका नियमित अभ्यास करने से इस मौसम में होने वाले दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है. हालांकि कोई भी अभ्यास सीखकर और क्षमता अनुसार ही करना चाहिए. आइए, इन योगासनों की चर्चा करें.

वज्रासन

इसका नियमित अभ्यास पाचन में सहायता करता है. गौरतलब है कि मौसमी बदलाव के प्रति पाचन तंत्र अधिक संवेदनशील होता है. वज्रासन पाचन अंगों में रक्त के प्रवाह में सुधार करता व कार्यक्षमता को बढ़ाता है. स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देता है. साथ ही इसके अभ्यास से तंत्रिका तंत्र शांत होता है. इस कारण इस आसन के अभ्यास से तनाव और चिंता से राहत मिलती है.

हस्तपादंगुष्ठासन

खड़े होकर हस्तपादंगुष्ठासन एक संतुलन मुद्रा है जहां आप एक पैर पर खड़े होते हैं और अपने पैर को अपने हाथ से पकड़ते हैं. यह हमारे समन्वय कौशल को मजबूत करता है. अपने शरीर की स्थिति के बारे में यह बढ़ी हुई जागरूकता आपको बदलते मौसम के अनुसार ढलने में मदद कर सकती है और फिसलने या गिरने के कारण होने वाली चोटों के जोखिम को कम कर सकती है. यह मौसम बदलाव के कारण प्रभावित पाचन क्रिया को भी दुरुस्त करती है.

भुजंगासन

मौसमी बदलाव के दौरान कुछ लोगों को श्वसन संबंधी समस्याओं या एलर्जी में वृद्धि का अनुभव हो सकता है. इसस बचाव करता है भुजंगासन. यह छाती को चौड़ा करने और फेफड़ों की क्षमता में सुधार करने में मदद कर सकता है. यह पीठ को भी मजबूत करता है और पीठ दर्द के खतरे को कम करता है, जो तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण हो सकता है.

मकरासन

मकरासन एक विश्राम मुद्रा है. इसमें पेट के बल लेटते व बांहों को सिर के नीचे मोड़ते हैं. मौसमी बदलाव तनाव और चिंता ला सकता है. मकरासन पीठ के निचले हिस्से और कंधों में तनाव दूर करके विश्राम को बढ़ावा देता है. यह तनाव संबंधी बीमारियों से लड़ने में मदद करता और मन की आरामदायक, संतुलित स्थिति बनाए रखता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

बीसीसीआई ने द्रविड़ का करार बढ़ाया, कार्यकाल पर अभी फैसला नहीं

भारतीय टीम के साथ बने रहेंगे द्रविड़

भाषा । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने वनडे विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम की लय को बरकरार रखने के लिये मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में बुधवार को विस्तार किया है. भारत को 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था. भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार दस जीत दर्ज करके फाइनल में प्रवेश किया था. द्रविड़ के कार्यकाल के बारे में हालांकि बीसीसीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति में कुछ नहीं कहा गया है. बोर्ड ने एक बयान में कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया (सीनियर पुरूष) के सहयोगी स्टाफ के अनुबंध में विस्तार का ऐलान करता है. इसमें कहा गया कि बोर्ड ने विश्व कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल पूरा होने पर उनसे बातचीत की और सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल बढाने का फैसला किया गया. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि आईसीसी ट्रॉफी जीतने की कवायद में द्रविड़ को बोर्ड का पूरा समर्थन रहेगा. भारतीय टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है. शाह ने कहा कि फाइनल से पहले लगातार दस मैच जीतने वाली भारतीय टीम का विश्व कप अभियान असाधारण रहा. इसके लिये सही प्लेटफॉर्म तैयारी करने वाले मुख्य कोच (द्रविड़) सराहना के पात्र हैं. इसमें कहा गया कि मुख्य कोच को बीसीसीआई का पूरा समर्थन रहेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी पाने के लिये उन्हें जो भी सहयोग चाहिये होगा, हम देंगे. बोर्ड ने कहा कि बोर्ड एनसीए प्रमुख और कार्यवाहक मुख्य कोच के तौर पर वीवीएस लक्ष्मण के काम की भी सराहना करता है. मैदान पर अपनी यादगार साझेदारियों की तरह द्रविड़ और लक्ष्मण भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिये मिलकर काम कर रहे हैं. बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा कि भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके शानदार मार्गदर्शन की बानगी देता है. मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहना स्वीकार कर लिया.

एनसीए में बने रहेंगे वीवीएस लक्ष्मण

सराहना के पात्र हैं द्रविड़: जय शाह

2021 में भारत के मुख्य कोच बने थे द्रविड़

द्रविड़ ने टी-20 विश्व कप 2021 के बाद रवि शास्त्री की जगह ली थी. उनका दो साल का कार्यकाल विश्व कप के बाद खत्म हो गया. द्रविड़ के कोच रहते भारत पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रहा था. द्रविड़ के साथ उनके सहयोगी स्टाफ में शामिल बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप के अनुबंध में भी विस्तार किया गया है.

समझा जाता है कि वह कम से कम अगले साल जून जुलाई में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप तक पद पर रहेंगे. द्रविड़ के ब्रेक लेने पर अंतरिम कोच का काम करने वाले एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने संभवत: बोर्ड को सूचित किया है कि वह भारत ए टीम, भारत अंडर 19 टीम और बेंगलुरू में एनसीए के नये ढांचे से जुड़े क्रिकेट मसलों पर काम करके खुश हैं.

पर्दे के पीछे काम करने वालों की भूमिका अहम: द्रविड़

द्रविड़ ने कहा कि पर्दे के पीछे काम करने वालों की भूमिका अहम होती है. इसके लिये काफी लंबा समय घर से दूर रहना पड़ता है. मैं अपने परिवार के बलिदान और सहयोग की सराहना करता हूं. विश्व कप के बाद नयी चुनौतियों का सामना करते हुए हम उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रतिबद्ध हैं. यह जिक्र करना भी जरूरी है कि गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा कभी भी राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नहीं बनना चाहते थे. उन्होंने हमेशा से कहा है कि वह गुजरात टाइटंस के साथ 2025 तक का अपना करार पूरा करेंगे.

बतौर कोच द्रविड़ का प्रदर्शन

सफलता

- वनडे विश्वकप से पहले रोहित शर्मा के साथ मिलकर अटैकिंग क्रिकेट खेलने की बेहतरीन रणनीति और उसमें सफलता भी पाई.
- द्रविड़ के कार्यकाल में वनडे और टेस्ट दोनों में नंबर-1 पर पहुंची भारतीय टीम
- इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज जीती
- ओपनर शुभमन गिल को बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद की
- विराट कोहली को खोया हुआ फॉर्म पाने में मदद की

असफलताएं

- वनडे विश्वकप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार
- दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाने के बाद भी टीम हारी
- 2022 में ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारतीय टीम की हार
- वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारी टीम

ब्रीफ खबरें

मनीष ने ओरलोव को हराकर उलटफेर किया

कालाबुरागी (कर्नाटक)। मनीष सुरेशकुमार ने बुधवार को यहां 25,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले आईटीएफ कालाबुरागी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में शीर्ष वरीय व्लादिस्लाव ओरलोव को हराकर उलटफेर किया. भारत के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 6-3 से जीता. दूसरे सेट में मनीष जब 2-0 से आगे चल रहे थे तब यूक्रेन के खिलाड़ी ने कंधे की चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया. क्वालीफायर ऋषि रेड्डी ने भी अंतिम 16 में जगह बना ली है. उन्होंने पहले दौर में हमवतन पार्थ अग्रवाल को 6-4, 7-5 से पराजित किया. इस बीच अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने आसान जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह बनाई.

दुग्गल व गर्ग जूनियर स्नूकर के फाइनल में

चेन्नई। चंडीगढ़ के रणवीर दुग्गल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय बिलियड्र्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के जूनियर स्नूकर वर्ग में मध्य प्रदेश के महेंद्र चौहान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना गुजरात के मयूर गर्ग से होगा. पिछले सप्ताह सब जूनियर बिलियड्र्स का खिताब जीतने वाले दुग्गल ने सेमीफाइनल में चौहान को 4-3 (57-81, 84-24, 17-92, 79-30, 73-52, 39-58, 82-17) से जबकि गर्ग ने जम्मू कश्मीर के कामरान मस्जिद को 4-3 (74-54, 46-54, 66-54, 69-20, 35-84, 48-55, 56-10) से पराजित किया. क्वार्टर फाइनल में दुग्गल ने तेलंगाना के विभास को 3-2 (79-39, 40-57, 79-0, 8-63, 72-3, 54-47) से हराया.

तमिलनाडु ने बड़ौदा को 38 रनों से हराया

मुंबई। अनुभवी दिनेश कार्तिक ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ा जिससे तमिलनाडु ने बुधवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी में ग्रुप ई के कम स्कोर वाले वनडे मैच में खराब शुरूआत से उबरते हुए बड़ौदा को 38 रन से मात दी. तमिलनाडु की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 52 रन पर पांच विकेट गंवाकर जूझ रही थी, तब कप्तान ने अपने अनुभव की बदौलत 51 गेंद में 68 रन की पारी खेली जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे. यह उनका 40वां लिस्ट ए अर्धशतक था. कार्तिक ने शाहरूख खान (31 रन) के साथ मिलकर 75 रन की भागीदारी निभायी और टीम को 150 रन के पार कराया. लेकिन टीम 33.3 ओवर में 162 रन पर सिमट गयी.

नेशनल शोरीन रियू मात्सुबेशी ओपन कराटे चैंपियनशिप 2023

नीमडीह के बलदेव ने जीता स्वर्ण, पशुपति ने रजत

संवाददाता । चांडिल

जमशेदपुर में आयोजित चौथी नेशनल शोरीन रियू मात्सुबेशी ओपन कराटे चैंपियनशिप 2023 में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के दो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. मून सिटी मानगो में आयोजित प्रतियोगिता में नीमडीह प्रखंड अंतर्गत बाड़ेदा के बलदेव सिंह और रघुनाथपुर के पशुपति महतो ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है. ग्रामांचल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर खूब तालियां व मेडल बटोरी. प्रतियोगिता में बलदेव

सिंह गोल्ड मेडल और पशुपति महतो ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने जिला और क्षेत्र का नाम रोशन किया है. दोनों प्रतियोगी को ब्लैक बेल्ट काता वर्ग में मेडल मिला है. दोनों युवाओं के विजेता बनकर वापस लौटने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है. झारखंड शोरीन रयु मात्सुबेशी कराटे डो एसोसिएशन द्वारा जमशेदपुर में आयोजित प्रतियोगिता चौथी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता थी. प्रतियोगिता में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व बौद्ध मठ जमशेदपुर के अध्यक्ष विषुद्ध नंदन भिक्षुक शामिल हुए. प्रतियोगिता में झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तरप्रदेश आदि राज्य के 400 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया. मौके पर कायो आशिकान कराटे डो के चीफ इन डायरेक्टर गोपाल कृष्ण बनर्जी के नेतृत्व में सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड से दो प्रतिभागी शामिल हुए और दोनों ने मेडल हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया. इस अवसर पर पशुपति महतो ने कहा कि लड़के-लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सिखना चाहिए. युवाओं को इसका गुर सिखाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में कदम रखा था. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियों को विशेष रूप से आत्मरक्षा की विधि सीखना जरूरी है.

यू मुम्बा के कप्तान बने रहेंगे सुरिंदर सिंह

मुंबई। यू मुम्बा ने बुधवार को प्रो कबड्डी लीग के आगामी 10वें सत्र के लिए सुरिंदर सिंह को अपना कप्तान बरकरार रखा और साथ ही अपनी नयी जर्सी भी लांच की. रिंकू शर्मा और महेंद्र सिंह टीम के उप कप्तान होंगे.

यू मुम्बा ने दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया था. फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा कि गिरिश एर्नाक को 'स्प्रिरिट ऑफ मुम्बा कैप्टन' टाइटल के साथ स्थानीय (मुंबई) आइकन प्लेयर घोषित किया गया जिन्हें देश के विभिन्न भागों से युवा प्रतिभाओं को निखारने का काम सौंपा गया है.

आओ जानें

भारत के सर्वकालिक शीर्ष 5 प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी

1. **प्रकाश पादुकोण** – ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं.
2. **साइना नेहवाल** – वह भारत की प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं, वह वर्ल्ड नंबर 1 बनने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी भी हैं और करियर में 24 खिताब जीते हैं.
3. **फुलेला गोपीचंद** – प्रकाश पादुकोण के बाद फुलेला गोपीचंद ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं.
4. **पीवी सिंधु** – सिंधु भारत में प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ियों में से एक हैं और भारतीय बैडमिंटन की वर्तमान बिजलीघर हैं.
5. **श्रीकांत किदांबी** – भारत के वर्तमान अग्रणी पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत किदांबी हैं. ऐस शटर 2018 में वर्ल्ड नंबर 1 बन गए थे.

भारतीय महिला ए टीम ने दर्ज की रोमांचक जीत

भाषा । मुंबई

टी-20 श्रृंखला

- भारतीय टीम ने इंग्लैंड को तीन रन से हराया
- भारत ने इंग्लैंड को दिया था 135 रनों का लक्ष्य

भारत की महिला ए टीम ने बुधवार को यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी-20 मैच में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड महिला ए टीम पर तीन रन की रोमांचक जीत हासिल की. वानखेड़े स्टेडियम में जीत के लिए 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम उप कप्तान होली आर्मिटेज (52 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज सेरेन स्माले (31 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी की.भारतीय टीम ने वापसी करते हुए इंग्लैंड को लगातार झटके देकर करीबी जीत दर्ज की. इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 131 रन बनाये. काश्वी गौतम (23 रन देकर दो विकेट) ने 18वें ओवर में स्माले और इस्सी वोंग (02) को आउट कर भारत के लिए वापसी का दरवाजा खोल दिया. इससे अंतिम ओवर में इंग्लैंड को 13 रन की दरकार थी जिसमें श्रेयंका पाटिल (26 रन देकर दो विकेट) ने पहली ही गेंद पर पांच अतिरिक्त (वाइड) रन दे दिये लेकिन फिर भी भारत तीन रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा. भारतीय महिला ए टीम ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया और मैदान पर भी काफी गलतियां कीं. आर्मिटेज ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए मैच में सर्वाधिक 41 गेंद में 52 रन बनाये जिसमें तीन चौके और एक छक्का जड़ा था. आर्मिटेज और स्माले ने कई ताकतवर शॉट लगाये और विकेटों के बीच तेज भागकर भारतीय क्षेत्ररक्षकों को दबाव में रखा.

स्वर्ण विजेता मंदाकिनी सम्मानित

संवाददाता । हजारीबाग

हजारीबाग की मंदाकिनी यादव ने दो दिवसीय खेलो इंडिया वीमेंस किकबॉक्सिंग लीग में स्वर्ण पदक जीत कर हजारीबाग का नाम रौशन किया है. रांची के खेलगांव स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल में आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार में मंदाकिनी ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया. इससे पहले मंदाकिनी ने इस वर्ष अगस्त महीने में वाको इंडिया की ओर से आयोजित किकबॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था. मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में बुधवार को उसे सम्मानित किया गया. मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार, कराटे अकादेमी और स्कूल प्रबंधन बेहद खुश है. मंदाकिनी खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी 80% अंकों के साथ बेहतर करती रही है. एथलेटिक्स में अब तक

खास बातें

- वीमेंस किक बॉक्सिंग लीग में मंदाकिनी ने जीता था स्वर्ण
- राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का मिलेगा मौका
- अडाणी इंटरप्राइजेज के कार्यालय में हुई सम्मानित

इसने 16 गोल्ड मेडल जीता है. झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन देश भर में 27 स्थानों पर लीग का आयोजन किया जा रहा है. इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर मिलेगा. इस दो दिवसीय चैंपियनशिप का शुभारंभ 26 नवंबर को रांची के सांसद संजय सेठ ने किया था और समापन कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव मौजूद थे. इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी और 75 अधिकारियों ने अपना योगदान दिया था.

फील्ड अपडेट

नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप आज से

रांची। नेशनल ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता की शुरुआत गुरुवार से खेलगांव के वेलोड्रम स्टेडियम में होगी. इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 600 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे.जिसमे देश के टॉप साइकिलिस्ट शामिल भी होंगे. साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिनन्दर पाल सिंह ने बताया कि 600 खिलाड़ियों में 330 पुरुष व 230 महिला खिलाड़ी शामिल है. कुल 86 स्वर्ण पदक के लिए खिलाड़ियों के बीच मुकाबाला होगा.

क्रिकेटर खुशी का सिंदरी पहुंचने पर भव्य स्वागत

सिंदरी। ग्वालियर में आयोजित महिला अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से खेलने वाली खुशी कुमारी का प्रतियोगिता के बाद बुधवार को अपने घर सिंदरी लौटी. जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के शाखा सचिव रूपेश कुमार मुन्ना ने एसीसी मुख्य गेट पर आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी का जोरदार स्वागत किया. उन्हें मिठाई खिलाई और अन्य लोगों में भी इसे बांटकर खुशियां मनाई. कहा कि सिंदरी की बेटी खुशी ने पूरे धनबाद जिले का गौरव बढ़ाया है.बता दें कि बीते 17 नवंबर से शुरू हुए क्रिकेट प्रतियोगिता में झारखंड की टीम में उसका चयन हुआ था.

तीरंदाजी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चाईबासा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

चांदमनी व हीरामनी की जोड़ी ने जीता कांस्य

संवाददाता । तांतनगर

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में चल रही 30वीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चाईबासा सिकुरसाई तुरतुंग तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का दबदबा रहा है. केन्द्र के दो तीरंदाज चांदमनी कुंकल तथा हीरामनी सिंकू ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडियन राउंड महिला टीम स्पार्धा में कांस्य पदक जीता. प्रतियोगिता में झारखंड ने पहले राउंड में मध्यप्रदेश को 7-1 से तथा दूसरे राउंड में मणिपुर को 5-3 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. सेमीफाइनल में एआईएससीबी (पुलिस) यूनिट के साथ हुए मैच में 4-4 से टाई हुआ. टाई होने के बाद शूटआउट में पुलिस

टीम के हाथों झारखंड को हार का सामना करना पड़ा. कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड की टीम ने उत्तर प्रदेश को शूटआउट में पराजित कर पदक पर कब्जा जमाया. गौरतलब है कि चांदमनी कुंकल तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के कोयता निवासी है. वहीं हीरामनी सिंकू कुमारडुंगी प्रखंड क्षेत्र के बारूसाई के रहने वाली है. टीम के दो तीरंदाज की शानदार सफलता पर चाईबासा स्थित तुरतुंग तीरंदाजी केंद्र के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाड़ेया, सुशील कुमार सिंकू, तेजनारायण देवगम,

कांस्य जीता

- सिकुरसाई तुरतुंग केंद्र की हैं दोनों खिलाड़ी
- सेमीफाइनल में पुलिस टीम ने झारखंड को हराया
- कांस्य पदक के मैच में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को हराया

सिद्धार्थ पाड़ेया, हीरावती देवगम, शैलेन्द्र सावैंया, सुप्रभात कुसुम देवगम, सुधीर पाठ पिंगुवा, गंगाधर नाग, राजेंद्र गुईय, तुरी सुन्डी, बसन्ती बिरूवा, सुरेन्द्र गोप, जानो पुरती समेत अन्य लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी.

गावां में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

17 पंचायतों की टीमें ले रही हैं भाग

संवाददाता । गावां (गिरिडीह)

गावां में तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार को गावां के खेल मैदान में शुरू हुआ. इस टूर्नामेंट में प्रखंड की 17 पंचायतों की टीमें भाग ले रही हैं. पहला मुकाबला नगवां बनाम माल्डा के बीच खेला गया. नगवां की टीम ने माल्डा को एक गोल से हराया. वहीं, दूसरे मैच में गावां की टीम ने निमाडीह को 6 गोल से पराजित किया. तीसरे मैच में अमतरो की अम ने सांख को एक गोल से, जबकि चौथे मुकाबले में सेरुआ सेरुआ की टीम ने गदर को एक गोल से हरा दिया. बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी व झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी ने

प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. उद्घाटन समरोह में बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि क्षेत्र व जिले के खिलाड़ी चुनकर बाहर निकलें. प्रतियोगिता में उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा. बीडीओ महेन्द रविदास ने बताया कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. मौके पर मुखिया कन्हाय राम, मेराज उद्दीन, प्रियंका कुमारी, अखलेश यादव, अनिल कुमार, भिखदेव पासवान, गंगाधर पांडेय, मिराज अंसारी, रणधीर कुमार, शमशाद आलम, प्रदीप राम, गुड्डू सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद थे.

प्रमुख योजनाओं के लाभ को लाभुकों तक पहुंचाने के लिए की गई थी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

मोदी करेंगे 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' की शुरुआत

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे और इस अवसर पर वह, 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' तथा देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 25,000 किए जाने के अभियान की भी शुरुआत करेंगे. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी.

मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से पूरे देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू

की थी. इसका यह उद्देश्य है कि सरकार की प्रमुख योजनाओं के लाभ से कोई वंचित ना रह जाए और समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक यह पहुंचे.

महिलाओं को ड्रोन उड़ाने का दिया जाएगा प्रशिक्षण : महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के प्रयासों को रेखांकित करते हुए पीएमओ ने कहा कि इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए मोदी 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' की शुरुआत करेंगे. यह केंद्र महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करेगा ताकि इस तकनीक का उपयोग उनके द्वारा आजीविका सहायता के लिए किया जा सके. पीएमओ के मुताबिक, अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन प्रदान किए जाएंगे और महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और इस्तेमाल करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. उसने कहा कि यह पहल कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करेगी.

खास बातें

- आजीविका सहायता के लिए तकनीक का उपयोग
- अगले तीन वर्षों में 15,000 ड्रोन प्रदान किए जाएंगे

यह कार्यक्रम वादों को पूरा करने का प्रतीक है : पीएमओ

स्वास्थ्य सेवा को किफायती और आसानी से सुलभ बनाने के प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि का उल्लेख करते हुए पीएमओ ने कहा कि इस दिशा में एक बड़ी पहल जन औषधि केंद्र की स्थापना रही है. पीएमओ ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री झारखंड के देवघर स्थित एम्स में देश के 10,000 वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण करेंगे. इसके अलावा, प्रधानमंत्री देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के लिए कार्यक्रम भी शुरू करेंगे. महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने और जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने संबंधी पहल की घोषणा प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण के दौरान की थी. पीएमओ ने कहा कि यह कार्यक्रम इन वादों को पूरा करने का प्रतीक है.

आओ जानें

विदेशी मुद्रा भंडार (डॉलर में)

चीन	$3.11 ट्रिलियन	इटली	$234 बिलियन
जापान	$1.23 ट्रिलियन	थाईलैंड	$221 बिलियन
स्विट्ज़रलैंड	$876 बिलियन	मेक्सिको	$204 बिलियन
भारत	$590 बिलियन	इज़राइल	$202 बिलियन
रूस	$577 बिलियन	यूके	$182 बिलियन
ताइवान	$564 बिलियन	पोलैंड	$180 बिलियन
सऊदी अरब	$427 बिलियन	यूएई	$151 बिलियन
हांगकांग	$418 बिलियन	चेक	$142 बिलियन
द. कोरिया	$418 बिलियन	इंडोनेशिया	$134 बिलियन
ब्राज़ील	$344 बिलियन	टर्की	$134 बिलियन
सिंगापुर	$337 बिलियन	इराक	$115 बिलियन
जर्मनी	$309 बिलियन	मलेशिया	$112 बिलियन
यूएसए	$240 बिलियन	कनाडा	$106 बिलियन
फ्रांस	$238 बिलियन		

ब्रीफ खबरें

रसायन फैक्टरी लगी आग, 24 श्रमिक घायल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में बुधवार को एक रसायन फैक्टरी के टैंक में विस्फोट के बाद आग लग गई जिससे 24 श्रमिक घायल हो गए. सूरत के प्रभारी मुख्य दमकल अधिकारी बसंत पारेख ने कहा कि साचिन जीआईडीसी (गुजरात औद्योगिक विकास निगम) औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रसायन फैक्टरी में देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे ज्वलनशील रसायन के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया.

अमेरिकी सेना का ओस्प्रे हेलीकॉटर दुर्घटनाग्रस्त

तोक्यो। अमेरिका सेना का ओस्प्रे हेलीकॉप्टर दक्षिणी जापान में समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. अधिकारियों ने बताया कि जापान के तट रक्षक राहत एवं बचाव कार्यों के लिए घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं. तटरक्षक के प्रवक्ता काजुओ ओगावा ने कहा कि हेलीकॉप्टर और उसमें सवार लोगों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है. अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ऑस्प्रे किस अड्डे से था. माना जा रहा है कि यह इवाकुनी से ओकिनावा की ओर जा रहा था.

गैस सिलेंडर में विस्फोट 5 मकान ध्वस्त, 6 घायल

मुंबई। मुंबई के चेंबूर इलाके में बुधवार को सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर में विस्फोट होने के बाद पांच मकान ध्वस्त हो गए. नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घटना में छह लोग घायल हुए हैं और 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. घटना चेंबूर इलाके में गोल्फ क्लब के निकट ओल्ड बैरक में सुबह सात बजकर 50 मिनट के आसपास हुई. मकान में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ जिसके चलते चार से पांच दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गए.

मंदिर के पास दीवारों पर लिखे खालिस्तानी नारे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में माता चिंतपूर्णी मंदिर के निकट दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखे मिले हैं. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. इसके अलावा प्रतिबंधित संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक वीडियो भी सार्वजनिक हुआ है जिसमें वह दीवारों पर उकेरी गई बातें दिखाते हुए कह रहा है कि 1984 के सिख दंगों में कथित रूप से शामिल कांग्रेस नेताओं को बख्शा नहीं जाएगा.

अमेरिका शुरू करेगा वीजा नवीनीकरण कार्यक्रम

वाशिंगटन। अमेरिका दिसंबर में एच-1बी वीजा की कुछ श्रेणियों के नवीनीकरण के लिए एक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवरों को लाभ होगा. एच-1बी वीजा एक गैर-आव्रजक वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को खास पेशों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की इजाजत देता है. प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रति वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों की संख्या में कर्मचारी भर्ती करती हैं.

विधायक को अदालत में पेश करने का आदेश

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने अपने समक्ष हाजिर नहीं होने पर रानीगंज क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक आर.के. वर्मा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के आदेश दिये हैं. न्यायाधीश स्नेहलता सिंह ने समन जारी होने के बावजूद अदालत में हाजिर नहीं होने पर वर्मा को गिरफ्तार कर आगामी 12 दिसंबर को अदालत में पेश करने का आदेश दिया है.

श्रमिकों ने पीएम नरेंद्र मोदी को बताया, मनोबल बनाए रखने के लिए किया योग

पीएम ने सभी श्रमिकों को दी बधाई

भाषा। नई दिल्ली

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताया कि अपना मनोबल बनाए रखने के लिए वे लोग योग करते थे और सुरंग में चहलकदमी करते थे. श्रमिकों ने बचाव अभियान के लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की. प्रधानमंत्री ने मंगलवार देर रात श्रमिकों से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि इतने दिन खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं. यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता. अगर कुछ बुरा हो जाता तो पता नहीं, हम इसे कैसे बर्दाश्त करते. ईश्वर की कृपा है कि आप सब सुरक्षित हैं.

डर या घबराहट महसूस नहीं हुई : बिहार के एक श्रमिक सबा अहमद ने प्रधानमंत्री को बताया कि हालांकि वे कई दिनों से सुरंग में फंसे हुए थे, लेकिन उन्हें कभी कोई डर या घबराहट महसूस नहीं हुई. उन्होंने कहा कि हम एक साथ थे. हम रात के खाने के बाद सुरंग में टहलते थे. मैं उन्हें सुबह की सैर और योग करने के लिए कहता था. हम उत्तराखंड सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री धामी और वी के (सिंह) साहब को धन्यवाद देना चाहते हैं.

कांग्रेस ने कहा, सभी परियोजनाओं का ऑडिट हो : कांग्रेस ने उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग से मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाले जाने के बाद बुधवार को कहा कि ऐसी सभी परियोजनाओं का ऑडिट कराया जाना चाहिए जिनका क्रियान्वयन जारी है. रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सिलक्यारा सुरंग से बचाए गए श्रमिकों को सलाम करते हुए और पूरी बचाव टीम की सराहना करते हुए हमें सुरंग के ढहने से उठे कुछ बड़े सवालों पर भी विचार करना चाहिए. इस घटना ने पश्चिमी हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की संवेदनशीलता और जटिलता को पूरी स्पष्टता के साथ हमारे सामने ला दिया है. इस क्षेत्र में सिविल निर्माण और अन्य परियोजनाओं की योजना, डिज़ाइन और कार्यान्वयन के मामले में पर्यावरण मूल्यांकन प्रक्रिया की विफलता भी सामने आई है.

सभी मजदूरों को आईएएफ के हेलीकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया.

'उन्होंने हमें कंधों पर उठा लिया और गले लगाया'

उत्तरकाशी। 'रैट होल खनन' तकनीक के विशेषज्ञ फिरोज कुरैशी और मोनू कुमार मलबे के आखिरी हिस्से को साफ कर उत्तराखंड के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों से मिलने वाले पहले व्यक्ति थे. दिल्ली के खजूरी खास के रहने वाले कुरैशी ने बताया कि जब हम मलबे के आखिरी हिस्से तक पहुंचे तो वे (मजदूर) हमें सुन सकते थे. मलबा हटाने के तुरंत बाद हम दूसरी तरफ उतर गए. उन्होंने कहा कि मजदूरों ने शुक्रिया अदा किया और मुझे गले लगा लिया. उन्होंने मुझे अपने कंधों पर भी उठा लिया. कुरैशी ने कहा कि उन्हें मजदूरों से कहीं ज्यादा खुशी हो रही थी.

आप जब पीएम के रूप में हमारे साथ हैं, तो चिंता नहीं

उत्तराखंड के एक श्रमिक गब्बर सिंह नेगी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री धामी, केंद्र सरकार और बचाव दल के साथ ही उस कंपनी को भी धन्यवाद दिया जिसके लिए वह काम करते हैं. उन्होंने कहा कि आप जब प्रधानमंत्री के रूप में हमारे साथ हैं... और अन्य देशों से लोगों को आप बचाकर ले आए, तो फिर हम तो अपने देश में ही थे और इसलिए हमें चिंता करने की कोई बात नहीं थी. मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनसे बात करने से पहले सभी श्रमिकों की चिकित्सा जांच हो जाए. उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें बताया था कि सभी श्रमिक स्वस्थ और फिट हैं. उन्होंने उनसे यह भी कहा कि मुख्यमंत्री धामी उनके घर वापस जाने की व्यवस्था करेंगे.

खास बातें

- श्रमिकों के सुरक्षित बाहर आने पर पीएम ने दी बधाई
- ईश्वर की कृपा है कि आप सब सुरक्षित हैं : पीएम

मंत्रिमंडल की बैठक में भावुक थे पीएम: अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि मंगलवार रात को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के बीच उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग के बचाव अभियान का मुद्दा भी आया और इस दौरान पीएम नरेन्द्र मोदी 'बहुत भावुक' थे. ठाकुर ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि चुनाव प्रचार के बीच में प्रधानमंत्री बचाव अभियान के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अन्य स्रोतों से दिन में कम से कम दो बार जानकारी प्राप्त करते थे.

भारत अपने नागरिकों के लिए कुछ भी कर सकता है : ओडिशा सीएम

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि उत्तराखंड में एक निर्माणाधीन सुरंग के भीतर फंसे सभी 41 श्रमिकों को सुरक्षित निकाले जाने के बाद यह साबित हो गया कि देश अपने नागरिकों की जान बचाने के लिए कुछ भी कर सकता है और सब कुछ कर सकता है. पटनायक ने एक बयान में कहा कि सफल बचाव अभियान के बारे में जानकर मुझे बेहद खुशी हुई. मुझे बहुत खुशी है कि हमारे श्रमिक सुरक्षित घर लौट आएंगे.

श्रमिकों को जांच के लिए एम्स-ऋषिकेश ले जाया गया

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित निकाले गए 41 श्रमिकों को चिकित्सा जांच के लिए हवाई मार्ग से एम्स-ऋषिकेश ले जाया गया है. बता दें कि श्रमिकों को सुरंग से निकाले जाने के बाद चिन्यालीसौड़ के एक अस्पताल में चिकित्सा निगरानी में रखा गया था.

गोल्डी सोलर ने की मजदूरों की छत पर सौर पैनल लगाने की पेशकश

गुजरात स्थित गोल्डी सोलर ने 41 मजदूरों के घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने की पेशकश की है. गोल्डी सोलर सभी 41 मजदूरों के घरों की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करेगा. गोल्डी सोलर के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक ईश्वर ढोलकिया ने कहा कि यह पहल इन परिवारों को स्थायी ऊर्जा तक पहुंच तथा उज्जवल भविष्य की आशा के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है.

वैश्विक मीडिया ने कहा मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा : सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने के सफल अभियान के बारे में विश्व मीडिया ने कहा कि मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा है. समाचार पत्र 'द गार्जियन' ने लिखा कि अंततः यह मशीनों पर मानव श्रम की जीत थी क्योंकि मशीनों के जरिये इस अभियान में सफलता नहीं मिलने पर 'रैट होल माइनिंग' विशेषज्ञ हाथों से खुदाई करके 12 मीटर मलबे को हटाने में कामयाब रहे. लंदन के समाचार पत्र 'द टेलीग्राफ' ने अपनी खबर में कहा कि सैन्य इंजीनियरों और खनिकों ने इस मिशन को पूरा करने के लिए मलबे में 'रैट होल ड्रिल' किया. 'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने अपनी खबर में कहा कि अतिरिक्त मलबा गिरने से शुरुआती 'ड्रिलिंग' प्रयासों में बाधा आई.

उपलब्धि पाकर लैंगिक मानदंडों को तोड़ दिया

दिशा नाइक बनी भारत की पहली महिला अग्निशामक

भाषा। पणजी

उत्तरी गोवा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईए) से संबद्ध गोवा की दिशा नाइक क्रैश दमकल वाहन संचालित करने वाली भारत की पहली प्रमाणित महिला अग्निशामक बन गई हैं. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी.

'जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (जीजीआईएएल) द्वारा प्रबंधित हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह हवाईअड्डा बचाव और अग्निशमन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. हवाई अड्डे की 'एयरोड्रम रेस्क्यू एंड फायरफाइटिंग' (एआरएफएफ) इकाई में एक समर्पित अग्निशामक नाइक ने यह उपलब्धि हासिल करके लैंगिक मानदंडों को तोड़ दिया. उन्होंने कहा कि नाइक की यात्रा उनके अटूट दृढ़ संकल्प और व्यापक प्रशिक्षण का प्रमाण है, जो जीजीआईएएल द्वारा समर्थित सशक्तीकरण और समान अवसर की भावना का प्रतीक है. जीजीआईएएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आर. वी. शेषन ने कहा कि वे अपने कर्मचारियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा कि हम सीखने की एक ऐसी संस्कृति बनाने में विश्वास करते हैं जो हमारे कर्मचारियों को फलने-फूलने में मदद करती है और यह सुनिश्चित करती है कि वे तेजी से बदलते कारोबारी माहौल में आगे बने रहें.

भारत ने किया इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने फिलिस्तीन के चरमपंथी समूह हमास की ओर से इजराइली बंधकों को रिहा किए जाने का स्वागत किया है और शेष बंधकों को बिना शर्त तत्काल रिहा किए जाने की मांग की.

भारत ने कहा कि आतंकवाद और बंधक बनाने जैसे कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता. हमास ने इजराइल पर सात अक्टूबर को अप्रत्याशित हमला कर करीब 240 लोगों को बंधक बना लिया था, जिसके बाद इजराइल ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा पट्टी पर हमला किया. कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से इजराइल और हमास के बीच पिछले सप्ताह युद्ध विराम पर सहमति बनी जिसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष विराम तथा रिहाई का सिलसिला जारी है. हमास ने अब तक इजराइल और अन्य देशों के 60 से अधिक बंधकों को रिहा किया है.

खास बातें

- हमास ने 240 लोगों को बंधक बना लिया था
- शेष इजराइली को जल्द रिहा करने की मांग

पाकिस्तान उच्च न्यायालय ने पूर्व पीएम नवाज को बरी किया

भाषा। इस्लामाबाद

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भ्रष्टाचार के दो मामलों में बुधवार को बरी कर दिया. इन मामलों में उन्हें 2018 में दोषी ठहराया गया था. शरीफ (73) ने एवेनफील्ड संपत्ति और अल-अजीजिया मामलों में अपनी सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी. मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो सदस्यीय पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया. पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ को जुलाई, 2018 में दोषी ठहराया गया था और लंदन में आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति से संबंधित एवेनफील्ड संपत्ति भ्रष्टाचार मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी.

अटल डुल्लू जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव नियुक्त

जम्मू। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अटल डुल्लू को जम्मू-कश्मीर का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है. वह अरुण कुमार मेहता की जगह लेंगे जो इस महीने के आखिर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं. गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश या अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी डुल्लू एक दिसंबर से जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव का कार्यभार संभालेंगे.

भारत ने सीरियाई गोलन से इजराइल के वापस नहीं हटने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया

इजराइल सीरियाई गोलन से पीछे नहीं हटा

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने सीरियाई गोलन से इजराइल के वापस नहीं हटने को लेकर गहरी चिंता जताने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पेश एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है. सीरियाई गोलन दक्षिण पश्चिम सीरिया में एक क्षेत्र है जिस पर पांच जून, 1967 को इजराइली सुरक्षा बलों ने कब्जा कर लिया था.

'पश्चिम एशिया में स्थिति' विषय पर आधारित एजेंडा के तहत 'सीरियाई गोलन' नामक प्रस्ताव पर मंगलवार को 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में मतदान हुआ. मिस्र ने प्रस्ताव पेश किया जिसके पक्ष में 91 वोट पड़े और आठ ने इसके विरुद्ध मतदान किया जबकि 62 सदस्य गैर हाजिर रहे. भारत के अलावा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वालों में बांग्लादेश, भूटान, चीन, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, रूस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल थे. ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इजराइल, ब्रिटेन और अमेरिका ने मसौदा प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया.

रिपोर्ट

भारत 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने की राह पर

भारत को 101 अरब डॉलर से ज्यादा वित्तपोषण की जरूरत

भाषा। नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा थिंक टैंक 'एम्बर' द्वारा बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की 14वीं राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) वर्ष 2030 तक अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना से अधिक करने की राह पर है, लेकिन इसे हासिल करने के लिए देश को कुल 293 अरब डॉलर की जरूरत होगी.

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि विश्व को जीवाश्म ईंधन की जरूरत कम करने और इस सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2030 तक अपनी नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करना होगा.

वैश्विक रूपरेखा तैयार : 'एम्बर' के विश्लेषण में कहा गया है कि भारत को अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने और इसे आईईए के प्रस्तावित 'नेट-जीरो' दृष्टिकोण के अनुरूप करने के लिए 101 अरब डॉलर के अतिरिक्त वित्तपोषण की जरूरत होगी. आईईए के 2050 तक 'नेट-जीरो' उत्सर्जन के दृष्टिकोण में वर्ष 2050 तक कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन को 'नेट-जीरो' के स्तर पर पहुंचाने की वैश्विक रूपरेखा तैयार की गई है.

भारत को अतिरिक्त उत्पादन क्षमता हासिल करनी होगी : 'एम्बर' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अक्षय ऊर्जा में महत्वपूर्ण वृद्धि की योजना बना रहा है जिससे अक्षय ऊर्जा क्षमता तीन गुना करने का लक्ष्य प्राप्त करना व्यवहार्य होगा. इसके अनुसार, भारत को 2030 तक अपनी करीब 32 प्रतिशत बिजली सौर ऊर्जा से और 12 प्रतिशत पवन ऊर्जा से प्राप्त करनी होगी. इसके लिए भारत को अपनी एनईपी14 योजना में निर्धारित लक्ष्यों में शीर्ष पर 2030 तक 115 गीगावाट सौर ऊर्जा और नौ गीगावाट पवन ऊर्जा की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता हासिल करनी होगी.

60 से अधिक देश अक्षय ऊर्जा में वृद्धि से सहमत

अमेरिका, यूरोपीय संघ (ईयू) और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेतृत्व में 60 से अधिक देश अब अक्षय ऊर्जा को तीन गुना करने और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की प्रतिबद्धता का समर्थन कर रहे हैं. जी20 देशों ने भारत की अध्यक्षता में 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने का समर्थन किया है, वहीं इस साल संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन की मेजबानी कर रहे यूएई ने सीओपी28 में इस पर वैश्विक सहमति की वकालत की है.

खास बातें

- भारत अक्षय ऊर्जा में वृद्धि की योजना बना रहा है
- भारत को 12 % पवन ऊर्जा से प्राप्त करनी होगी बिजली

'फास्ट ट्रैक कोर्ट' की अवधि अगले तीन सालों तक बढ़ी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यौन अपराधों से जुड़े मामलों में त्वरित न्याय देने के लिए 'फास्ट ट्रैक' विशेष अदालतों को अगले तीन साल तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है.

दिल्ली में निर्भया सामूहिक बलात्कार मामले के बाद 2018 में आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम पारित होने के बाद, केंद्र ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों से निपटने के लिए 389 अदालतों समेत कुल 1,023 'फास्ट ट्रैक' विशेष अदालतें स्थापित करने का निर्णय लिया था. इसकी शुरुआत 2019 में गांधी जयंती पर एक साल के लिए की गई थी और बाद में इसे इस साल 31 मार्च तक अतिरिक्त दो साल के लिए बढ़ा दिया गया था. एक अधिकारी ने पूर्व में कहा था कि केंद्र के प्रयासों के बावजूद 1,023 अदालतों में से केवल 754 ही चालू थीं. कई राज्यों ने केंद्र को आश्वासन दिया था कि वे ऐसी अदालतें स्थापित करेंगे, लेकिन कई अंततः शुरू नहीं हुईं. मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 1952.23 करोड़ रुपये के कोष के साथ इस योजना को तीन और वर्षों तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी. केंद्र का हिस्सा जहां 1207.24 करोड़ रुपये होगा, वहीं, राज्य 744.99 करोड़ रुपये का योगदान देंगे. केंद्र की हिस्सेदारी निर्भया कोष से दी जाएगी. 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस योजना में भाग लिया है.

आईयूएमएल के दिवंगत नेता पी सीथी हाजी पर लिखी किताब के विमोचन के अवसर पर बोले-

नेताओं की परख साधारण कपड़ों से नहीं उनकी संतानों को देखकर होती है : राहुल

एजेंसी । कोझिकोड (केरल)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कुछ नेताओं का मूल्यांकन उनके साधारण पहनावे या कम कीमत वाली घड़ियों के आधार पर नहीं किया जा सकता क्योंकि वे आम जनता से अपनी असली संपत्ति छिपाने में बहुत चतुर होते हैं. वह आज बुधवार को यहां इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के दिवंगत नेता पी सीथी हाजी पर लिखी गयी एक किताब के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे.

लोगों के मूल्यांकन या परख का यह बुलेटप्रूफ तरीका इजाद किया : वे जानते हैं कि आप क्या देख रहे हैं. उनके मुताबिक, नेता कपड़ों और पहनावे की अन्य चीजों के जरिये अपनी असलियत को छिपा सकते हैं, लेकिन जब बात उनके बच्चों की आती है तो सच्चाई को छुपाया नहीं जा सकता. उन्होंने कहा कि इसी कारण उन्हें इन व्यक्तियों का त्वरित और सटीक मूल्यांकन करने के लिए एक नये तरीके का सहारा लेना पड़ा. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में लगभग 18 साल बिताने और विभिन्न नेताओं के साथ बातचीत करने के बाद लोगों के मूल्यांकन या परख का यह बुलेटप्रूफ तरीका इजाद किया है.

बुलेटप्रूफ रास्ता ढूंढने में 18 साल लग गये: गांधी ने कहा, मुझे यह बुलेटप्रूफ रास्ता ढूंढने में 18 साल लग गये, जहां किसी व्यक्ति के लिए अपने बारे में सच्चाई छिपाना असंभव होगा. मैं उनसे अपने बच्चों को मेरे पास भेजने के लिए कहता हूं. बच्चों के साथ, सच्चाई छिपाई नहीं जा सकती. हाजी आईयूएमएल के नेता और केरल की नौवीं विधानसभा में सत्तापक्ष के मुख्य सचेतक थे.

राहुल गांधी कहा, वह हाजी के बारे में ज्यादा नहीं जानते: राहुल गांधी के अनुसार, वह हाजी के बारे में ज्यादा नहीं जानते, क्योंकि वह उनसे कभी नहीं मिले, लेकिन उनके पुत्र पीके बशीर को देखकर वह अंदाजा लगा सकते हैं कि दिवंगत आईयूएमएल नेता किस तरह के व्यक्ति थे. उन्होंने कहा, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वह (बशीर) अपने पिता की छाप हैं. मैं उन्हें देखकर उनके पिता के बारे में जान सकता हूं. कुछ भी छिपाया नहीं जा सकता.

उनके पास बड़ी बीएमडब्ल्यू होती हैं, ये लोग बहुत चतुर होते हैं

उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं के असली स्वभाव को उनके बच्चों को देखकर पहचाना जा सकता है. कांग्रेस नेता ने कहा, मैं कई नेताओं से मिलता हूं और जैसा कि आप जानते हैं, वे बहुत चतुर लोग हैं. आज के नेता आपको केवल वही दिखायेंगे जो वे आपको दिखाना चाहते हैं. राहुल गांधी ने कहा, कभी-कभी जब वे मुझसे मिलने आते हैं, तो साधारण कपड़े, कम कीमत वाली घड़ियां और फटे जूते पहनकर आते हैं. जब आप उनके घर जाते हैं तो वहां उनके पास बड़ी बीएमडब्ल्यू होती हैं. ये लोग बहुत चतुर होते हैं.

माहौल से लग रहा है कांग्रेस की सरकार 'रिपीट' होगी : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया और राज्य के माहौल से लग रहा है कि राज्य में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी. राज्य की 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को चुनाव हुआ था और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी. कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया है. विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कितनी सीटें मिलने की उम्मीद है यह पूछे जाने पर गहलोत ने यहां संवाददाताओं से किसी तरह का कयास लगाने से इनकार किया. उन्होंने कहा, ये मैं नहीं कह सकता कि कांग्रेस कितनी सीटें जीतेगी, मैं कभी गणना नहीं करता हूं. लेकिन मोटे तौर पर मुझे माहौल 'अंडर करंट' (सरकार के पक्ष में माहौल) वाला लग रहा है. जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं उससे अंदाजा है कि (लोगों का) इस बार सरकार 'रिपीट' करने का मन है. दिल्ली रवाना होने से पहले गहलोत ने कहा, मायबाप तो जनता ही होती है. उनका फैसला पूरी नम्रता से स्वीकार करेंगे.

डाक मतपत्रों को खोलने को लेकर विवाद, मतदान अधिकारी निलंबित

बालाघाट स्ट्रांग रूम का मामला

एजेंसी । भोपाल

मध्य प्रदेश विस चुनाव की मतगणना से कुछ दिन पहले कुछ अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर स्ट्रांग रूम खोलने और डाक मतपत्रों को अलग करने के विवाद के बीच बालाघाट जिले के एक अनु विभागीय कार्यपालिक दंडाधिकारी (एसडीएम) को निलंबित कर दिया गया. विपक्षी कांग्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को एक ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया था कि 27 नवंबर को डाक मतपत्रों को स्ट्रॉन्ग रूम से बाहर ले जाया गया. विपक्षी दल ने बालाघाट कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी. हालांकि, जिला प्रशासन ने इस घटना को प्रक्रियात्मक चूक करार दिया था.

बालाघाट विस सीट के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम गोपाल कुमार सोनी को निलंबित करने का आदेश मंगलवार को जिला कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी गिरीश मिश्रा द्वारा जारी किया गया. आदेश के अनुसार, जबलपुर संभागीय आयुक्त के निर्देशों के बाद सोनी को निलंबित कर दिया गया. इससे पहले, डाक मतपत्र घटना के सिलसिले में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी को निलंबित कर दिया गया था.

कांग्रेस द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद, सीईओ अनुपम राजन ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने प्रक्रिया से संतुष्टि व्यक्त की है. राज्य कांग्रेस के उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया ने आरोप लगाया था कि बालाघाट में कोषागार कक्ष से डाक मतपत्र निकाल लिए गए और कर्मचारियों को सौंप दिए गए. धनोपिया ने प्रक्रिया से जुड़े सभी कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग करते हुए ज्ञापन में कहा था, इसलिए, डाक मतपत्रों की पवित्रता संदेह के घेरे में है. कलेक्टर गिरीश मिश्रा ने एक बयान जारी कर कहा था कि आने वाले डाक मतपत्रों को स्थानीय तहसील कार्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम को खोला गया था.

जीत की आस

तेलंगाना चुनाव में जीत के लिए प्रार्थना करते भाजपा नेता जी किशन रेड्डी

चुनाव प्रचार के बाद मतदान की तैयारी पूरी

एजेंसी । हैदराबाद

तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के.चंद्रशेखर राव जैसे शीर्ष नेताओं के धुंआधार चुनाव प्रचार के बाद आज 119 सदस्यीय राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. राज्य भर में 35,655 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां कुल पंजीकृत 3.26 करोड़ मतदाता हैं. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 106 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और 13 वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा. 2,290 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव, उनके मंत्री-बेटे के. टी. रामाराव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और भाजपा के लोकसभा सदस्य बी. संजय कुमार और डी अरविंद शामिल हैं. निर्वाचन आयोग द्वारा नौ अक्टूबर को चुनावों की तारीख घोषित किए जाने के बाद से ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू है. तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस ने सभी 119 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि भाजपा सीट बंटवारे के समझौते के अनुसार स्वयं 111 सीटों पर लड़ रही है और शेष आठ सीटें अभिनेता पवन कल्याण की अगुवाई वाली जन सेना के लिए छोड़ी है. कांग्रेस ने अपनी सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को एक सीट दी है और स्वयं शेष 118 सीट पर लड़ रही है. असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) ने हैदराबाद शहर के नौ निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं. बीआरएस 2014 में शुरू हुई अपनी जीत के सिलसिले को आगे भी कायम रखने को लेकर उत्सुक है जबकि कांग्रेस 2018 में और उससे चार साल पहले हारने के बाद सत्ता पर काबिज होने के लिए संघर्ष कर रही है. कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान ही तेलंगाना को अविभाजित आंध्र प्रदेश से अलग कर राज्य का दर्जा दिया गया था.

इस दक्षिणी राज्य में पहली बार सत्ता में आने के लिए भाजपा भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है. मुख्यमंत्री राव दो निर्वाचन क्षेत्रों गजवेल और कामारेड्डी में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

खास बातें

- राज्य भर में 35,655 मतदान केंद्र बनाए गए हैं
- कुल पंजीकृत 3.26 करोड़ मतदाता हैं

वोटिंग की तैयारी

तेलंगाना में गुरुवार को होनेवाले चुनाव की तैयारी में जुटे मतदानकर्मी

कॅरियर-काउंसिलिंग

जानिए क्यों करें बीए मैथमेटिक्स की पढ़ाई और क्या हैं कॅरियर स्कोप

रजनीश प्रसाद । एजुकेशन रिपोर्टर

बीए मैथमेटिक्स एक एक अंडर-ग्रेजुएट मैथमैटिकल डिग्री कोर्स है. बीए मैथमेटिक्स संख्या और प्रतीकों का उपयोग करके माप, गुण, मात्रा और सेट के संबंधों का अध्ययन करता है. गणित में दो डिग्रियां दी जाती हैं: बैचलर ऑफ आर्ट्स और बैचलर ऑफ साइंस. यह कोर्स गणित के विभिन्न क्षेत्रों को कवर करता है जैसे कि ट्रिग्नोमेट्री, एल्जेब्रा, मैथमेटिकल लॉजिक, डिटेल्ड मैथ्स और लॉजिक आदि. इस कोर्स में छात्रों को मैथमेटिकल प्रॉब्लम्स का समाधान करने के लिए विभिन्न तरीकों का प्रयोग करना सिखाया जाता है, जिसमें उन्हें लिखित और मौखिक तरीकों का प्रयोग करना सिखाया जाता है. इस कोर्स के पूरे होने पर, छात्र मैथ्स के क्षेत्र में विशेष अध्ययन करते हुए एक व्यापक ज्ञान विकसित करते हैं जो उन्हें ग्रेजुएशन और पोस्टग्रेजुएशन लेवल की शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए तैयार करता है.

भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश -परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

बीए मैथमेटिक्स करने के लिए योग्यता

- विदेश के शीर्ष विश्वविद्यालयों से बीएससी फूड टेक्नोलॉजी कोर्स करने के लिए, आपको कुछ पात्रता शर्तों को पूरा करना होगा. हालांकि योग्यता मानदंड एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में भिन्न हो सकते हैं, यहां कुछ सामान्य शर्तें दी हैं-
- आवेदक का साइंस स्ट्रीम से बारहवीं में परिणाम 50% से अधिक होना अनिवार्य हैं.
- कुछ यूनिवर्सिटीज में मास्टर्स के लिए जीआरई स्कोर की अवश्यकता होती है

भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- मिरांडा हाउस, दिल्ली
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- फेर्गुसन कॉलेज, पुणे
- इंद्रप्रस्थ कॉलेज, दिल्ली
- कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली



क्यों करें बीए मैथमेटिक्स

- **एक व्यापक ज्ञान विकसित करना :** बीए मैथमेटिक्स एक व्यापक कोर्स है, जो विद्यार्थियों को एक व्यापक ज्ञान विकसित करने में मदद करता है. यह उन्हें लगातार विकास करने की क्षमता प्रदान करता है जो उन्हें विभिन्न गणितीय समस्याओं का समाधान करने की क्षमता प्रदान करती है.
- **करियर के लिए तैयारी :** बीए मैथमेटिक्स एक उच्चतर शिक्षा कोर्स है, जो विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के लिए तैयार करता है. कुछ उन्हें एक उच्चतर शिक्षा कोर्स में भाग लेने के लिए तैयार करता है जैसे एमएससी तो कुछ उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों में शामिल होने के लिए तैयार करता है जैसे फाइनेंस, बैंकिंग, सांख्यिकी, विज्ञान, आदि.
- **अंतरराष्ट्रीय अवसर :** गणित एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है और विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करता है ग्लोबल मानदंडों के अनुरूप अध्ययन करने का। यह उन्हें विभिन्न देशों में शिक्षा या करियर के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों को खोजने में मदद कर सकता है.
- **रिसर्च क्षेत्र में नवीनतम विकास :** गणित रिसर्च के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और बीए मैथमेटिक्स विद्यार्थियों को अनुसंधान क्षेत्र में नवीनतम विकास के लिए तैयार कर सकता है. यह उन्हें गणितीय रूपांतरण, अल्गोरिदमिक समस्याओं का समाधान, गणितीय मॉडलिंग, और विज्ञानात्मक गणना में नवीनतम विकासों को समझने की क्षमता प्रदान करता है.
- **अवसरों का विस्तार :** बीए मैथमेटिक्स के पठन के दौरान, छात्रों को अनेक अवसर मिलते हैं जैसे विद्यालय, संशोधन संस्थान, और व्यापार क्षेत्र में स्थानांतरित होने का। इसके अलावा, विभिन्न गणितीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलता है जो उन्हें अपनी क्षमताओं को मापने और प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है.

आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स चुनना है, जिसके लिए आप एआई कोर्स फाइंडर की सहायता लेकर अपने पसंदीदा कोर्सेज को शॉर्टलिस्ट कर सकते हैं.
- अगला कदम अपने सभी दस्तावेजों जैसे एसओपी, निबंध, सर्टिफिकेट्स और एलओआर और आवश्यक टैस्ट स्कोर जैसे आईईएलटीएस, टीओईएफएल, एसएटी, एसीटी आदि को इकट्ठा करना और व्यवस्थित करना है.
- यदि आपने अभी तक अपनी आईएलटीएस, टीओईएफएल, पीटीई, जीएमएटी, जीआरई आदि परीक्षा के लिए तैयारी नहीं की है, जो निश्चित रूप से विदेश में अध्ययन करने का एक महत्वपूर्ण कारक है, तो आप लीवरेज लाइव कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं. ये कक्षाएं आपको अपने टेस्ट में उच्च स्कोर प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण कारक साबित हो सकती हैं.
- अब आपके प्रस्ताव पत्र की प्रतीक्षा करने का समय है जिसमें लगभग 4-6 सप्ताह या उससे अधिक समय लग सकता है. ऑफर लैटर आने के बाद उसे स्वीकार करके आवश्यक सेमेस्टर शुल्क का भुगतान करना आपकी आवेदन प्रक्रिया का अंतिम चरण है.

बीए मैथमेटिक्स करने के लिए स्किल्स की आवश्यकता

- मैथेमैटिकल अंडरस्टैंडिंग
- लॉजिकल रीजनिंग
- मैथेमैटिकल माइक्रोबायोलॉजी
- न्यूमेरिकल स्किल
- कम्युनिकेशन स्किल्स
- एनालिटिकल स्किल्स
- प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स
- कम्प्यूटेशन स्किल्स

जरूरी दस्तावेज

- आधिकारिक शैक्षणिक ट्रांसक्रिप्ट
- स्कैन किए हुए पासपोर्ट की कॉपी
- आईएलटीएस या टीओईएफएल, आवश्यक टेस्ट स्कोर
- प्रोफेशनल/एकेडमिक एलओआर
- निबंध (यदि आवश्यक हो)
- पोर्टफोलियो (यदि आवश्यक हो)
- अपडेट किया गया सीवी/रिज्यूमे
- एक पासपोर्ट और छात्र वीजा
- बैंक विवरण

जॉब प्रोफाइल

- डेटा एनालिस्ट
- डेटा साइंटिस्ट
- इन्वेस्टमेंट एनालिस्ट
- रिसर्च साइंटिस्ट (मैथमेटिक्स)
- स्टटिस्टीशियन
- अकाउंटेंट
- इकोनॉमिस्ट

टॉप रिक्रूटर्स

- बैंक्स
- इन्वेस्टमेंट फर्म्स
- कॉलेज/ यूनिवर्सिटी/ स्कूल
- इंजीनियरिंग फर्म्स
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट फर्म्स
- इनश्योरेन्स एजेंसीज
- टेक्निकल जर्नल्स
- यूटिलिटी कंपनीज

एडवांस स्टडी के विषय

- कॉम्प्लेक्स एनालिसिस
- डिस्क्रीट मैथमेटिक्स
- मेजर थ्योरी
- फ्रैक्टल ज्योमेट्री
- फ़्लूइड डायनामिक्स

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)